राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 20
लखनऊ, गुरुवार 18 सितम्बर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

यूपीआईटीएस में दिखेगा परंपरा व निवेश अवसरों का संगम : जयवीर 03

नेपाल में भारी बारिश से बाढ़ के खतरे से प्रशासन अलर्ट, हेल्पलाइन नं. जारी 12

-: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,11,860/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,02,550/10 ग्राम
18 कैरेट = 83,930/10 ग्राम
चांदी = 1,32,000/किग्रा

संक्षिप्त समाचार

गोरखपुर में छात्र की हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में छात्र दीपक की हत्या के आरोपी पशु तस्कर रहीम को पुलिस ने बुधवार दोपहर एक सशस्त्र मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। गौरतलब है कि सोमवार देर रात गोरखपुर के पिपराइच क्षेत्र के मऊआचापी गांव में पशु तस्करों और ग्रामीणों के बीच भिड़ंत के दौरान 19 वर्षीय छात्र दीपक की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने पीट.पीटकर उसका सिर कुचल दिया और शव को चार किलोमीटर दूर फेंक दिया था। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया।

वाराणसी में दरोगा को पीटने के मामले में 60 के खिलाफ मुकदमा

वाराणसी। उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के कचहरी परिसर में दरोगा की पिटाई करने में शामिल दस नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।
मंगलवार को कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने बड़ागांव थाने में तैनात दरोगा मिथलेश कुमार प्रजापति की पिटाई कर घायल कर दिया था। घायल दरोगा का इलाज बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। इस मामले में बुधवार को कैंट थाने में 10 नामजद और 50 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।
पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई है।

बीएमडब्लयू कार एक्सीडेंट मामले में 20 तक टली सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली के धौलाकुआं में हुए चर्चित बीएमडब्ल्यू कार दुर्घटना मामले में आरोपी गगनप्रीत कौर की न्यायिक हिरासत को 27 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई के दौरान गगनप्रीत के वकील ने उनकी जमानत को लेकर कई दलीलें दीं और पुलिस पर भी सवाल उठाए। वहीं दिल्ली पुलिस और पीड़ित परिवार के वकील ने गगनप्रीत की जमानत का विरोध किया। इस मामले में अब अगली सुनवाई 20 सितंबर को होगी।

तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों को कुचला, तीन की मौत

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिले में एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ है। मानिकपुर थाना क्षेत्र में प्रयागराज-लखनऊ राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक दुकान में घुस गई, जिससे चार लोग इसकी चपेट में आ गए। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। दुर्घटना में मधु सोनकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरविंद और शिल्पा समेत तीन अन्य लोगों को गंभीर हालत में रायबरेली के एम्स अस्पताल ले जाया गया। दुखद है कि इलाज के दौरान इनमें से दो और लोगों ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद, पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कार चालक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दोनों शूटर ढेर

गाजीयाबाद, समृद्धि न्यूज। बरेली में अभिनेत्री दिशा पटानी के घर पर फायरिंग करने वाले दोनों शूटरों को गाजियाबाद में एनकाउंटर में मार गिराया गया। मौके से पिस्टल और कारतूस बरामद हुए। गाजियाबाद के थाना ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में इस घटना के मुख्य आरोपी रविन्द्र व अरुण को मार गिराया गया। यह संयुक्त ऑपरेशन यूपी एसटीएफ, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ ने मिलकर किया। मारे गए आरोपियों की पहचान रविन्द्र उर्फ कल्लू निवासी कहनी, रोहतक और अरुण निवासी गोहना रोड, सोनीपत के रूप में हुई है। दोनों शूटर कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बरार और रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य थे। मौके से ग्लॉक और जिगाना पिस्टल के साथ कई कारतूस बरामद किए गए हैं।

नारी शक्ति भारत के विकास की नींव : मोदी

जनता के उत्तम स्वास्थ्य से ज्यादा मूल्यवान कोई सरकारी तिजोरी नहीं

एजेंसी, धार (मध्य प्रदेश)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति को भारत के विकास की असली नींव बताते हुए देशभर की माताओं-बहनों से संकोच छोड़ कर स्वास्थ्य शिविरों में जाकर निःशुल्क जांच कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपके उत्तम स्वास्थ्य से ज्यादा मूल्यवान कोई सरकारी तिजोरी नहीं है।

प्रधानमंत्री बुधवार को मध्य प्रदेश के धार में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान और 'राष्ट्रीय पोषण माह' का शुभारंभ करने के बाद विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि मां स्वस्थ है तो पूरा परिवार स्वस्थ रहता है और यदि मां बीमार हो जाए तो घर की पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई पहलें केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए नहीं, बल्कि उन बच्चों और भावी नागरिकों के लिए भी हैं, जो अभी पैदा होने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना कि बच्चे स्वस्थ पैदा हों, उनकी भविष्य की भलाई और समृद्धि की नींव रखता है। यह कार्य केवल एक पीढ़ी का नहीं बल्कि अनगिनत पीढ़ियों का आशीर्वाद है। मोदी ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए 2017 में शुरू की गई प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पहली संतान पर पांच हजार रुपये और दूसरी बेटी के जन्म पर छह हजार रुपये सीधे लाभार्थी माताओं के बैंक खातों में जमा किए जाते हैं। अब तक 4.5 करोड़ से अधिक गर्भवती माताओं को इस योजना का लाभ मिला है और लगभग 19 हजार करोड़ रुपये सीधे उनके खातों तक पहुंचाए गए हैं।

निःशुल्क जांच कराने की अपील

प्रधानमंत्री ने देशभर की माताओं-बहनों से संकोच छोड़कर स्वास्थ्य शिविरों में जाकर निःशुल्क जांच कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में कितनी भी महंगी जांच क्यों न हो, सब मुफ्त होंगी। आपके उत्तम स्वास्थ्य से ज्यादा मूल्यवान कोई सरकारी तिजोरी नहीं है। आयुष्मान कार्ड आपके लिए सुरक्षा कवच है। लाखों कैंप लगने वाले हैं और मैं अपने भाइयों से भी आग्रह करता हूं कि वे अपनी माताओं, बहनों और बेटियों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं।

आप जो भी खरीदें, वह देश में ही बना होना चाहिए

भोपाल। पीएम मोदी ने बुधवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर मध्य प्रदेश के धार जिले के भैंसोला गांव में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने सिंगल क्लिक के माध्यम से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान का शुभारंभ और सुमन सखी चैटबाट का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को स्वदेशी अपनाने का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप जो भी खरीदें, वह देश में ही बना होना चाहिए। उसमें पसीना किसी देशवासी का होना चाहिए। आप भी देश के लिए मेरी मदद कीजिए। महात्मा गांधी ने स्वदेशी को आजादी का आंदोलन बनाया था। हमें इसे विकसित भारत के लिए जरूरी बनाना है। हम दिवाली की मूर्तियां, सजावट का सामान, टीवी-फ्रिज खरीदते समय देखें कि ये देश में बना है कि नहीं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी खुली जीप में सवार होकर कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों के बीच से निकले और उनका अभिवादन करते हुए मंच तक पहुंचे। उन्होंने भारत माता की जय और नर्मदा मैया की जय के नारे के साथ अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मैं ज्ञान की देवी, धार भोजशाला की देवी के चरणों में प्रणाम करता हूं। आज विश्वकर्मा जयंती है, उनके चरणों में भी नमन करता हूं। धार की धरती हमेशा से पराक्रम और प्रेरणा की धरती रही है। महाराजा भोज का शौर्य हमें राष्ट्र गौरव की रक्षा के लिए डटे रहने की सीख देता है। महर्षि दधिचि हमें मानव सेवा की प्रेरणा देते हैं।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर चारों धामों में की गई विशेष पूजा

तीर्थ पुरोहितों ने प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य व दीर्घायु के लिए भगवान से की प्रार्थना

एजेंसी, देहरादून।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर बुधवार को उत्तराखंड के चारों धामों के साथ ही अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों पर विशेष पूजा अर्चना की गई। तीर्थ पुरोहितों ने प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए भगवान से प्राथना की।

बदरीनाथ धाम में बीकेटीसी पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर हवन किया गया। जिसमें तीर्थ पुरोहितों ने भगवान बद्री विशाल से प्रधानमंत्री के लिए मंगल की कामना की। इसी तरह केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितो नें महारुद्राभिषेक का आयोजन कर बाबा केदार से प्रार्थना की। दोनों धामों के तीर्थ पुरोहितों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तिगत प्रयासों से उत्तरांखड के चारों धामों में पुनर्निर्माण और विकास के अभूतपूर्व काम हुए हैं। प्रधानमंत्री खुद कई बार बदरीनाथ और केदारनाथ के दौरे पर आ चुके हैं।

इधर, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भी तीर्थ पुरोहितों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर उनके लिए विशेष पूजा अर्चना सम्पन्न की। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और तीर्थ यात्रियों ने भाग लिया। तीर्थ पुरोहितों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का मान सम्मान विदेशों में तक बढ़ा है, भारत अब विश्व को नेतृत्व प्रदान करने की स्थिति में आ गया है। इसके साथ ही प्रदेश के अन्य तीर्थ स्थलों में भी स्वतःस्फूर्त तरीके से विशेष पूजा अर्चना समपन्न की गई।

इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव है, इसी तरह उत्तराखंड के जनमानस में भी प्रधानमंत्री के लिए विशेष जगह है। आज उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश में कई जगह लोगों ने स्वतः स्फूर्त तरीके से प्रधानमंत्री के लिए मंगल कामना करते हुए हवन एवं पूजा अर्चना की। मैंने प्रदेशवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई प्रेषित कर और भगवान बद्री विशाल से उनके दीर्घायु के लिए प्रार्थना की है।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर गंगा को अर्पित की गई 75 मीटर लंबी चुनरी

वाराणसी। धार्मिक नगरी काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर नमामि गंगे के सदस्यों ने उनकी दीर्घायु के लिए मां गंगा की आरती की और उनकी तस्वीर के साथ प्रतीकात्मक रूप से सामने घाट पर 75 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की। इस अवसर पर गंगा तट की सफाई कर प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता को संस्कार के रूप में अपनाने के आह्वान को दोहराया गया। मां गंगा से प्रार्थना की गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बने, सुशासन को बढ़ावा मिले और गरीब कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता सुदृढ़ हो।

प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर देश-विदेश से बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को उन्हें फोन कर बधाई दी। इसके अलावा श्री मोदी को इटली, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और भूटान के प्रधानमंत्रियों ने भी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, विपक्षी नेताओं, वैश्विक हस्तियों, अभिनेताओं और खिलाड़ियों ने उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शुभकामनाएं दीं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस अवसर पर आज से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा शुरू किया है, जिसके तहत देशभर में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

आंगनबाड़ी बहनों को मिलेगा स्मार्टफोन, बढ़ेगा मानदेय

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर, केजीएमयू में प्रदेशस्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत की और कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन वितरण के साथ ही उनके मानदेय में वृद्धि की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के साथ पोषाहार वितरित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर उनके साथ जुड़ रहा है। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री का संदेश हमें प्रेरित करता है, और हम इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए स्मार्ट फोन वितरण और मानदेय वृद्धि का ऐलान करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी बहनों की सेवाओं का सम्मान उनके मानदेय बढ़ाकर और स्मार्ट फोन देकर किया जाएगा। उनकी ट्रेनिंग और समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बनें। उन्होने प्रदेश के 75 जनपदों में 20,324 स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत की, जहां रक्त, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, एनीमिया और टीबी की निशुल्क जांच होगी।

उन्होंने कहा कि यह अभियान गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल, बच्चों के टीकाकरण और जागरूकता पर केंद्रित है। 507 रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे, जिसमें युवाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत मातृत्व लाभ का वितरण किया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सीएम योगी ने किया ऐलान

मुख्यमंत्री ने किया पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन, दो अक्टूबर तक चलेंगे कार्यक्रम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने सुबह 11 बजे जीपीओ पार्क में पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह व कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाएगी। इसकी शुरुआत आज हो गई।

ईवीएम बैलेट पेपर होगा रंगीन व अधिक स्पष्ट

एजेंसी, नई दिल्ली। चुनाव आयोग ईवीएम बैलेट पेपर को अधिक स्पष्ट और पढ़ने योग्य बनाने के लिए अब से बैलेट पेपर पर उम्मीदवारों के रंगीन फोटोग्राफ और बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर छापेगा। बिहार से इसकी शुरुआत होगी। चुनाव आयोग ने एक विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आयोग का कहना है कि इन बदलावों से मतदाताओं को सुविधा होगी और अधिक पारदर्शिता आएगी। नए नियमों में अब उम्मीदवारों की तस्वीरें रंगीन होंगी। वहीं अंक भी बड़े और बोल्ड अक्षरों में होंगे। आयोग का कहना है कि यह भी पिछले छह महीनों में उठाए गए 28 सुधारात्मक कदमों की ही तरह हैं। आयोग ने स्पष्ट किया कि सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम समान फ़ॉन्ट और बड़े आकार में लिखे जाएंगे। बैलेट पेपर 70 जीएसएम कागज़ पर छपेंगे। विधानसभा चुनावों के लिए विशेष आरजीबी मानकों वाले गुलाबी रंग के कागज़ का उपयोग किया जाएगा।

सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में लगातार तबादले हो रहे हैं। इसी क्रम में शासन ने बुधवार को सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इससे पहले मंगलवार रात को 16 आईएएस अधिकारियों के तबादले हुए थे। जिन सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले की सूची जारी की गई है उनमें देवरंजन वर्मा का सबसे पहले नाम है। उन्हें पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ बनाया गया है। इससे पहले उनको नियम एवं ग्रंथ का प्रभार सौंपा गया था।

डा. सतीश कुमार को सेना नायक एसडीआरएफ लखनऊ से पुलिस मुख्यालय भेजा है। अभिजीत कुमार को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मेरठ बनाया गया है।

इसी तरह अतुल कुमार श्रीवास्तव को रामपुर से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर, ममता रानी चौधरी को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, शैलेंद्र कुमार सिंह को अमेठी से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और त्रिगुण बिसेन को फिरोजाबाद से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर नवीन तैनाती मिली है।

जीएसटी कट का नोटिफिकेशन जारी, 22 से सस्ती होगीं अनेक चीजें

एजेंसी, नई दिल्ली।

सरकार ने जीएसटी को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। 22 सितंबर से वस्तुओं के दाम पर नए जीएसटी रेट लागू किए जाएंगे, जिससे कई उत्पाद सस्ते हो जाएंगे। इसमें साबुन से लेकर कार तक शामिल है।

केंद्र ने बुधवार को वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के नए रेट्स का नोटिफिकेशन जारी कर दी है। ये नई दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो रही हैं। वित्त मंत्रालय का यह नोटिफिकेशन जीएसटी काउंसिल की 3 सितंबर को हुई 56 वीं बैठक में किए गए बड़े बदलाव के बाद आया है और यह 28 जून, 2017 की अधिसूचना का स्थान लेती है। नोटिफिकेशन के मुताबिक, अब चीजें 22 सितंबर से नए रेट्स के हिसाब से दिए जाएंगे। केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों को ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अगले कुछ दिनों में हर राज्य जीएसटी के तहत नई दरों को लागू करने के लिए अलग-अलग नोटिफिकेशन जारी करेंगे। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीआईसी) भी उद्योग और हितधारकों के साथ मिलकर बदलाव संबंधी मुद्दों को आसान बनाने और विभिन्न मुद्दों पर स्पष्टीकरण देने के लिए काम कर रहा है, जबकि सरकार ने भी नई कीमतों के फिर से लेबलिंग के लिए आवश्यक नोटिफिकेशन जारी किया है। उद्योग जगत टैक्स कटौती का लाभ कंज्यूमर्स तक पहुंचाने और नए टैक्स पैमाने का अनुपालन करने की रणनीतियों पर काम कर रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अब टैक्स नोटिफिकेशन जारी होने के बाद उद्योगों के लिए अपनी ईआपी सिस्टम, प्राइस तय फैसला और आपूर्ति चेन को संरेखित करना अनिवार्य हो गया है।

आम जरूरत की चीजें हुईं सस्ती

जीएसटी दरों में बड़े बदलाव के बाद आम जरूरत की चीजें काफी सस्ती होने वाली हैं। 28 फीसदी स्लैब में शामिल ज्यादातर प्रोडक्ट्स को 18 फीसदी कैटेगरी में शामिल किया जा रहा है, तो वहीं 12 फीसदी में शामिल प्रोडक्ट्स को 5 प्रतिशत कैटेगरी में रखा गया है। हालांकि कुछ 18 फीसदी में शामिल फूड आइटम्स को 5 प्रतिशत की कैटेगरी में रखा गया है। इस बदलाव से टूथपेस्ट, साबुन और शैंपू से लेकर एसी, कार, बाइक और टीवी जैसे उत्पाद के रेट घट रहे हैं।

22 दिनों के विराम के बाद शुरू हुई वैष्णो देवी तीर्थयात्रा खराब मौसम के कारण फिर से रुकी

एजेंसी, कटरा। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा 22 दिनों के लिए स्थगित रहने के बाद बुधवार को फिर से शुरू हो गई जिससे श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे। हालांकि यह राहत ज्यादा देर तक नहीं रही क्योंकि अधिकारियों ने बताया कि दिन में 2,500 श्रद्धालुओं को अनुमति देने के बाद आज शाम खराब मौसम के कारण तीर्थयात्रा बोर्ड ने एक बार फिर स्थगित कर दी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने बुधवार सुबह से अनुकूल मौसम की स्थिति में यात्रा को फिर से खोलने की घोषणा की जिससे कटरा शहर में डेरा डाले सैकड़ों श्रद्धालुओं को राहत मिली है जो तीर्थयात्रियों का आधार शिविर है।

प्रकृति का कहर : नैनीताल व पिथौरागढ़ में एक एक व देहरादून में 16 की मौत, अभी 17 लापता

एजेंसी, देहरादून।

सोमवार रात से उत्तराखंड में लगातार बारिश ने देहरादून में जमकर कहर बरपाया। राज्य में सोमवार से अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। अभी 17 लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। आपदा में देहरादून में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि नैनीताल व पिथौरागढ़ में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है।

इस संबंध में देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने बुधवार को बताया कि जिले में सोमवार से अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। आज रायपुर क्षेत्र में दो और आसन नदी हर्बटपुर के पास एक शव बरामद हुआ है, जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक करीब नौ सौ लोगों को रेस्क्यू किया गया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ समेत पुलिस लगातार रेस्क्यू में जुटी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल व पिथौरागढ़ में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राहत व बचाव कार्य में तेजी के निर्देश दिए हैं। देहरादून-मसूरी राज्य मार्ग स्थान शिव मंदिर पास अवरूद्ध हैं। मार्ग को खोले जाने की कार्यवाही गतिमान है। वैकल्पिक मोटर मार्ग देहरादून से किमाड़ी-हाथीपांव का प्रयोग किया जा रहा है। रायपुर-कददूखाल राज्य मार्ग किमी 4 में वॉशवाउट होने से अवरूद्ध हैं। मार्ग को खोले जाने की कार्यवाही गतिमान है। चकराता-लाखामण्ड बर्नीगाड़ राज्य मार्ग स्थान किमी 23 में यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। देहरादून किमाड़ी-लम्बीघार राज्य मार्ग स्थान किमी 1, 2, 3, 4 एवं 11 में यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। देहरादून जनपद में चार राज्य मार्ग, 26 ग्रामीण मोटर मार्ग यातायात के लिए अवरूद्ध हैं, जिन्हें खोलने का कार्य चल रहा है। जनपद के सिल्ला की चौकी, सहस्त्रधारा एवं मालदेवता के ऊपरी क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था बाधित है।

निर्देश — सख्त रवैया अपनाने का सुप्रीम कोर्ट ने दिया सुझाव

पराली जलाने के मामले से निपटने के लिए सख्ती का परामर्श

एजेंसी, नई दिल्ली।

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के प्रमुख स्रोत माने जाने वाले पराली जलाने के मामले से निपटने के लिए सख्त रवैया अपनाने का बुधवार को सुझाव दिया।
मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हालांकि किसान देश के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उन्हें अनियंत्रित रूप से पराली जलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीठ ने सुझाव दिया कि पराली जलाने से रोकने के लिए उन्हें सख्त सजा दी जा सकती है। पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना हर साल अक्टूबर और नवंबर में राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के मुख्य कारणों में से एक है। शीर्ष अदालत ने सर्दियों के मौसम में दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह सुझाव दिया। अदालत को बताया गया कि पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए किसानों को सब्सिडी और उपकरण दिए जा रहे हैं। एक वकील ने कहा कि शीर्ष अदालत ने 2018 से इस मामले में व्यापक आदेश पारित किए हैं, लेकिन किसान अपनी बेबसी का दावा कर रहे हैं। इस पर पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से पूछा, आप दंड के कुछ प्रावधानों के बारे में क्यों नहीं सोचते? अगर कुछ लोग सलाखों के पीछे हैं, तो इससे सही संदेश जाएगा। अगर पर्यावरण की रक्षा करने का आपका सच्चा इरादा है तो फिर आप क्यों कतरा रहे हैं? मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए पीठ हुए ने बताया कि फसलों से बची पराली का उपयोग जैव ईंधन के रूप में भी किया जा सकता है। पीठ ने कहा, किसान विशेष हैं और हम उनकी बदौलत ही खाते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम पर्यावरण की रक्षा नहीं कर सकते। अदालत ने केंद्र से पूछा कि वह पराली जलाने पर दंडात्मक प्रावधान को फिर से लागू करने पर विचार क्यों नहीं कर रही है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल भाटी ने कहा कि अधिनियम के तहत प्रावधान हैं और अंततः यह कार्यान्वयन से संबंधित है और कुछ दोषी अधिकारियों को दंडित किया जा सकता है। पीठ ने कहा, गलती करने वाले अधिकारियों को भूल जाइए। आप किसानों के लिए दंडात्मक प्रावधानों पर विचार क्यों नहीं करते? उन्हें इनाम तो दीजिए, लेकिन साथ में दंड भी दीजिए। उन्होंने जवाब दिया, यह देश की नीति कभी नहीं रही।
पीठ ने कहा, किसान हमारे दिल में हैं, लेकिन इस पर विचार करें, अन्यथा हम परमादेश जारी करेंगे। पंजाब सरकार के वकील ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पराली जलाने के मामलों में कमी आई है और इस वर्ष और भी अधिक लक्ष्य हासिल किए जाएँगे।
राज्य सरकार के वकील ने कहा कि अगर छोटे किसानों को गिरफ्तार किया गया, तो उनके आश्रितों का क्या होगा? पीठ ने कहा कि यह कोई सामान्य बात नहीं है, बल्कि एक संदेश तो देना ही होगा। केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने स्थिति रिपोर्ट जमा होने के बाद अगले सप्ताह मामले पर सुनवाई करने को कहा।

खबरें एक नजर में

अंडरपास में भरा पानी, ऊपर खड़ी दीवार, खेत नहीं पहुंच पा रहे किसान

भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर। देवगांव की तरफ रेलवे लाइन में बने गेट संख्या एस-32 के बगल में अंडरपास पानी से लबालब है। वहीं पूर्व के समय बनी सड़क में दीवार बना देने से यातायात पूरी तरह से ठप है। किसान खेतों में नहीं पहुंच पा रहे हैं। कस्बे के समाजसेवी राजेश शिवहरे, लकी शिवहरे आदि ने बताया कि रेलवे स्टेशन के आगे देवगांव की तरफ रेलवे का गेट संख्या एस-32 है। इसके बगल में बना अंडरपास बरसात के पानी से लबालब है। इससे गुजरा नहीं जा सकता है। अंडर पास बनने के पहले जिस स्थान से रेलवे लाइन पार करके किसान खेत खलिहान जाते थे। उस जगह पर दीवार खड़ी करके आवागमन पूरी तरह से रोक दिया गया है। जिससे किसान खेतों में नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि मौजूदा समय में रबी की फसलें बोने की तैयारी शुरू हो गई है। किसान खेतों की जुताई बुवाई करने में जुट गया है। लेकिन रेलवे प्रशासन की लापरवाही से यहां पर किसान खेतों तक ट्रैक्टर आदि लेकर नहीं पहुंच पा रहा है। अगर समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो सैकड़ों बीघा जमीन परती पड़ सकती है। रेलवे के अवर अभियंता उपेंद्र कुमार ने बताया कि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम खराब होने से समस्या खड़ी हुई है। पंपिंग सेट लगाकर पानी निकालने के इंतजाम कराएं जा रहे हैं। एक-दो दिन में समस्या का समाधान हो जाएगा

विधानपरिषद के सदस्य से ग्रामीणों ने भुइयां रानी तालाब के सुन्दरीकरण करायें जाने की मांग की

कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव में सी सी रोड का लोकार्पण करने आए विधान परिषद सदस्य को ग्रामीणों ने भुइंयारानी तालाब का सुंदरीकरण कराए जाने का मांग पत्र दिया। क्षेत्र के झलोखर गांव में हाइवे से लेकर मां भुइंयारानी मंदिर तक निर्मित सी सी रोड का लोकार्पण करने आए विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर को ग्रामीणों ने मांग पत्र देकर प्राचीन मंदिर तालाब का सुंदरीकरण कराए जाने की मांग रखी। तथा उन्होंने मौके पर जाकर मंदिर में दर्शन कर तालाब का निरीक्षण किया । भाजपा जिला संयोजक अभिषेक त्रिपाठी ने मंदिर की विशेषताओं के सम्बन्ध में जानकारी दी।मंदिर के पुजारी निर्भयदास प्रजापति ने बताया कि इस मंदिर में गठिया रोगों से पीड़ित लोग दूर दूर से आते है। आषाढ़ माह में इस मंदिर में आने का विशेष महत्व है। इस अवसर पर कालका सविता, अखिलेश सिंह गौर, शिवम गुप्ता सत्यनारायण सोनकर, आदि मौजूद रहे।

चौरा देवी प्रागंण में 15 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

हमीरपुर। सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत प्रधानमंत्री कियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/ परियोजनाओं व उपलब्धियों विषयक दिनांक 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक के लिए चौरा देवी ग्राउंड में सूचना विभाग द्वारा स्थापित करायी गयी 15 दिवसीय प्रदर्शनी विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक. विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक एवं सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी द्वारा जिलाधिकारी घनश्याम मीना की उपस्थिति में फीता काटकर शुभारम्भ किया गया इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों एवं अतिथि गणों का जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया प्रतिनिधियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसकी सराहना व्यक्त की गयी तथा यशस्वी प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिन के अवसर पर उन्हें ढेर सारी बधाइयां व शुभकामनाएं दी गईं।इस मौके पर जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रदर्शनी अपने आप में खास है, इसे जरूर देखें। प्रदर्शनी को देखकर प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व, न्यू इन्डिया @2047 तथा प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में संचालित विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं/ परियोजनाओं व उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती।

तिंदवारी में विश्वकर्मा पूजन महोत्सव धूमधाम से संपन्न

बांदा। तिंदवारी नगर स्थित काली मंदिर सभागार में मंगलवार को विश्वकर्मा समाज के तत्वावधान में भव्य विश्वकर्मा पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कन्याभोज एवं भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव के अंतर्गत काली माता मंदिर में जवाबी कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना दिया। कीर्तन में शामिल होने के लिए तिंदवारी कस्बे के अलावा आसपास के गांवों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। डा. नरेंद्र विश्वकर्मा प्रभारी चिकित्साधिकारी ने विश्वकर्मा भगवान पर दीप प्रज्वलित करते हुए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वाशन दिया। इस अवसर पर डा. अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म में विश्वकर्मा पूजन का विशेष महत्व है। हर वर्ष 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा जयंती के रूप में मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के प्रथम शिल्पकार और सृजन के देवता माने जाते हैं। कार्यक्रम में डा. पुष्पेंद्र, डा. लोकनाथ, कमल विश्वकर्मा, नंदकिशोर विश्वकर्मा, सुशील विश्वकर्मा, विजय करण विश्वकर्मा, सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे अंत में डा पुष्पेंद्र ने सभी का आभार व्यक्त किया।

पीएम के जन्मदिन के मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने महिला मरीजों को वितरण किया फल

बबेरू/बांदा। बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 17 सितम्बर दिन बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिन के उपलक्ष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू को गुब्बरो से सजाया गया, वही जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, सीएचसी पहुंचे जहां फीता काटा उसके बाद डॉक्टर रामनरेश पटेल, डॉक्टर सिद्धार्थ मनोहर गुप्ता, डॉक्टर बृजेश कुमार भारतीय, डॉक्टर कंचन सिंह,के साथ मिलकर भर्ती महिला मरीज को फल वितरण किया गया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष पर सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जो दो अक्टूबर गांधी जयंती तक चलाया जाएगा, जिसमें स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा उसी के तहत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती महिला मरीजों को फल वितरण किया गया है।

धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

बबेरू/बांदा। बबेरू कस्बे में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर लोगो ने अपनी दुकानों प्रतिस्थानों एवं, कार्यस्थलों और कारखानों में हवन पूजन यज्ञ का आयोजन किया गया। वही कस्बे में विश्वकर्मा भगवान का भव्य शोभा यात्रा निकाली गई है। जिसमे शोभायात्रा की शुरुवात कस्बे के ओरन रोड से की गयी, जिसमे गाजे बाजे के साथ पुरे कस्बे शोभायात्रा को निकाला गया है, वही जगह जगह लोगो को प्रसाद वितरण किया गया। वही दुकानदारों ने अपने मिस्त्रीयो को उपहार भी भेट किये गए, और भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष भोला प्रसाद विश्वकर्मा, वरदानी विश्वकर्मा, राम सुमेर विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा, महावीर विश्वकर्मा, सहित सैकड़ो की संख्या में विश्वकर्मा परिवार के लोग शोभायात्रा में शामिल हुए है।

पनवाड़ी में जिला कबड्डी रैली का शुभारंभ

पनवाड़ी,महोबा। पनवाड़ी स्थित नेहरू इंटर कॉलेज में आज जिला कबड्डी रैली का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार पाठक ने फीता काटकर किया। रैली का पहला मुकाबला नेहरू इंटर कॉलेज पनवाड़ी और जनतंत्र इंटर कॉलेज कुलपहाड़ के बीच खेला गया, जिसमें नेहरू इंटर कॉलेज की टीम ने जीत दर्ज की। अंडर-19 बालक वर्ग का फाइनल नेहरू अखंड इंटर कॉलेज मसूदपुरा ने अपने नाम किया, जबकि अंडर-19 बालिका वर्ग में कोई भी टीम न आने से नेहरू इंटर कॉलेज पनवाड़ी विजेता घोषित हुआ। अंडर-17 बालक और बालिका वर्ग में भी नेहरू इंटर कॉलेज पनवाड़ी की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग में आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालय चरखारी की टीम विजेता रही। प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार पाठक ने सभी विजेता टीमों को बधाई दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन

सेवा पखवारा के तहत गायत्री गंगा घाट में की साफ-सफाई

भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन पर शुरू किए गए सेवा पखवाड़ा के तहत प्रथम दिन भाजपाइयों ने श्री गायत्री तपोभूमि के गायत्री गंगा घाट में पहुंचकर साफ-सफाई का अभियान चलाया। देश के प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिन के प्रथम दिन नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, भाजपा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने सेवा पखवाड़ा के तहत श्री गायत्री तपोभूमि के गायत्री गंगा घाट पर पहुंचकर साफ सफाई करके घाट के आसपास का एरिया कचरा मुक्त किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता भार्गव प्रसाद मिश्रा, जिलामंत्री पुष्पराज सोनी, संतराम गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, मीनू महाराज, शरद चंदेल, श्याम धुरिया, अजीत कुमार, राजेश सहारा, अनुराग गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, आशीष साहू आदि ने मौजूद रहकर साफ सफाई में प्रतिभाग किया।

सेवा पखवाड़ा में मरीजों को बांटें फल

मौदहा हमीरपुर। सेवा सप्ताह के रूप में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा को समाजसेवी एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान गति देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किया एवं स्वस्थ होने की कामना की जानकारी के अनुसार देश के प्रधानमंत्री के 75 में जन्म दिवस के अवसर पर देश में जगह जगह सेवा पखवाड़ा, सशक्त नारी अभियान, राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा र के माध्यम से जन सेवा अभियान चलाकर लोगों को सरकारी योजनाएं जानकारी एवं उनका लाभ पहचाने का अभियान, स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा रहा है जिसके तहत खंडेह राम जानकी एवं शिव मंदिर में विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम प्रसाद ने अपने साथियों के साथ सफाई किया और कस्बे के सीएचसी में भर्ती मरीजों को केला, सेव फल वितरण करते हुए ईश्वर से जल्दी ही स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर अजय तिवारी, राघवेंद्र गौतम, दीपक कुमार अन्य साथी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया रक्तदान

हमीरपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर जिला अस्पताल में सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओ व नौजवानों ने रक्तदान किया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि एम.एल.सी. अरुण पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, सदर विधायक मनोज प्रजापति, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, गणेश यादव, रोहित शिवहरे ने फीता काटकर किया। रक्तदान करने वालों में आकाश त्रिपाठी, अशोक गुरु, आकाश विश्वकर्मा, राजदीप सिंह, आशीष शर्मा, कुलदीप त्रिपाठी, अजयकांत गुप्ता, सचिन सिंह, मोहित साहू पूनम मिश्रा, शिवाकांत, सचिन गुप्ता, राहुल सिंह, गौतम, सुमित प्रताप सिंह सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

असलहा के साथ फोटो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

भरुआ सुमेरपुर। सोशल मीडिया में अवैध असलहा संग फोटो वायरल कर धौंस जमाने वाले युवक को पुलिस ने एक अदद अवैध तमंचे एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा। जहां से उसे जेल भेजा गया है। विगत दिनों कस्बे के वार्ड संख्या 15 में रहने वाले युवक अभिषेक गुप्ता ने अवैध तमंचे के साथ एक वीडियो एवं फोटो सोशल मीडिया में अपलोड करके दबदबा बनाने की कोशिश की थी। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपी को बुधवार की सुबह तपोभूमि के समीप से एक अदद तमंचा 315 बोर एवं दो जिंदा कारतूस के साथ पकड़ कर धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत कार्यवाही करके न्यायालय भेजा। जहां न्यायालय ने उसे जेल भेजा दिया है।

विश्वकर्मा जयंती जगह-जगह बड़े धूमधाम से मनाई गयी

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

देव शिल्पी विश्वकर्मा की जयंती क्षेत्र में जगह-जगह हर्षोल्लास के साथ झांकियां के माध्यम से परंपरागत रूप से मनाई गई। विश्वकर्मा मंदिर मराठीपुरा से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह- जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा थाना चौराहा ,मलीकुआ तहसील रोड, गांधी विद्यालय से होकर वापस बड़ी देवी स्थित श्री विश्वकर्मा मन्दिर पहुंची। जहां सामूहिक रूप से विशेष हवन पूजा अर्चना व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इसके बाद यहां पर अतिथियों का स्वागत विश्वकर्मा समाज संघ के अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा एवं नव युवक संघ अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रदीप विश्वकर्मा, रामसुमेडी, राजेश विश्वकर्मा, वीरेन्द्र विश्वकर्मा, हरीशंकर विश्वकर्मा, रतन विश्वकर्मा, पूस लाल शामिल रहे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पाटनपुर व करहिया परछछ गाँव रमेश विश्वकर्मा के यहां हवन पूजन कर दोपाहर बाद भजन कीर्तन का आयोजन किया गया करहिया स्थित बड़े तालाब में देव शिल्पी का कार्यक्रम आयोजित किया।

रघुनन्दन सिंह आईटीआई में भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई

हमीरपुर। रघुनन्दन सिंह आईटीआई में भगवान विश्वकर्मा जी कि जयंती धूमधाम से मनाई गयी। अनुदेशकों छात्रों तथा प्रबन्धन समिति के द्वारा विश्वकर्मा जी की प्रतिमा में फूल माले डाल कर, पूजा अर्चना एवं हवन यज्ञ किया गया । फिटर के अनुदेशक अर्पण सचान एवं मनोज कुमार ने लेथ मशीन, वेल्डिंग मशीन तथा टूल्स आदि की पूजा की। इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय के अनुदेशक पंकज कुमार सिंह, अभिषेक ने मोटर, थाइरेस्टर तथा एसी मशीन, डीसी मशीन इत्यादि उपकरणों की पूजा की । इस अवसर पर संस्थान की प्रबन्धिका श्रीमती प्रियंका सिंह ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की साथ ही अभी हाल में आये एनसीवीटी परीक्षा परिणाम में प्रदेश की मेरिट सूची में टॉप 10 में आये संस्थान के छात्र / छात्राओं को बधाई दी।

सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना एवं भजन कर कार्यक्रम किया संपन्न

- 6 सूत्रीय मांगों सहित उपजिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

समाजवादी पार्टी कार्यालय में सृष्टि के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा एवं भजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ एवं वक्ताओं द्वारा उनके द्वारा सृष्टि में किए गए महान योगदान पर चर्चा की गई एवं जिलाध्यक्ष इदरीश खान एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम द्वारा समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए गए। तत्पश्चात समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में जेल प्रशासन द्वारा सूरजपुर निवासी अनिल द्विवेद्वी पुत्र श्री कृष्ण द्विवेदी की बर्बरता पूर्वक पिटाई कर हत्या करने वालों की गिरफ्तारी कर जेल भेजने व मृतक परिवार को 50 लाख मुआवजा दिलाने एवं पीड़ित परिवार के पक्ष में 6 सूत्रीय मांगों सहित उपजिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ सपा नेता शुभकरण सिंह परिहार पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर,मुन्नीलाल निषाद प्रदेश सचिव,मनप्यारे निषाद जिला उपाध्यक्ष,राजेश विश्वकर्मा जिला सचिव, ओम प्रकाश सोनकर वारसी प्रदेश सचिव, हरनारायण निषाद जिला उपाध्यक्ष,युगांक मिश्रा पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद,राघवेन्द्र यादव लकी नगर अध्यक्ष/जिला मीडिया प्रभारी सपा, रिजवान खान जिलाध्यक्ष अल्प संख्यक सभा/पूर्व सभासद,सैयद उमर जिला सचिव, लालता सिंह खंगार जिलाध्यक्ष मजदूर सभा, रवि यादव जिला महासचिव अधिवक्ता सभा, मोहम्मद जुनैद नगर अध्यक्ष अल्प संख्यक सभा, कमलेश निषाद आदि साथी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में मनोनीत पदाधिकारियों ने नाम निम्वत हैं। हरिहर मास्टर जिला उपाध्यक्ष, भूपेंद्र वर्मा जिला सचिव,अनीता वर्मा जिला सचिव,राम प्रकाश प्रजापति जिला सचिव, संगीता देवी जिला कार्यकारिणी सदस्य, रजनी वर्मा कार्यकारणी सदस्य,भगवान दास सोनकर नगर अध्यक्ष सुमेरपुर आदि को मनोनयन पत्र वितरित किया गया।

कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी स्टेशन रोड कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती पूजन कर बड़े ही धूमधाम से कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित की मौजूदगी में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि भगवान विष्णु के अंशा अवतारी भगवान विश्वकर्मा इस सृष्टि के शिल्पकार थे जिनके द्वारा स्वर्ग लोक इंद्रलोक सोने की लंका द्वारका जैसे अनेक पौराणिक स्थानो का निर्माण किया गया आज के दिन शस्त्र, वाहन एवं औजार आदि के भी पूजन का विधान है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, पूर्व जिलाध्यक्ष लालू दुबे,पीसीसी भगवान दीन गर्ग, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी एड, महामंत्री शोयब रिज़वी,कार्यालय सचिव शिव बलि सिंह, जिला कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, जिला वक्ता राजेश गुप्ता पप्पू, धीरेंद्र पाण्डे धीरू, वक्ता अशरफ उल्ला रम्पा, राजबहादुर गुप्ता, केपी सेन, नाथू राम सेन, वारिस अली, सुखदेव गांधी उपस्थित रहे।

'पीएम मोदी के कारण भारत की विरासत को नई पहचान मिली'

- प्रधानमंत्री के कामों को पूरी दुनिया लोहा मानती है
- आपरेशन सिन्दूर में आतंकियों के आकाओं को घर में घुसकर मारा

बांदा, समृद्धि न्यूज़।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवारा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान, मंदिर में अखंड पाठ व रुद्राभिषेक कार्यक्रम, रक्तदान शिविर व मरीजों को फल वितरण आयोजित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की गई। जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल नन्दी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 11 वर्ष के कार्यकाल में जो कार्य किये हैं उसको पूरी दुनिया लोहा मानती है। आपरेशन सिन्दूर में आतंकियों के आकाओं को हमारी सेना ने घर में घुस कर मारा स लखनऊ में डिफेन्स कारिडोर बनने से और ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने स्वाभिमान की भावना को जाग्रत करने का काम किया है भारत कि विरासत को नई पहचान व नई रफ़्तार मिली है। बुंदेलखंड को पहली बार इन्डस्ट्रीयल क्षेत्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल है जो की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मेहनत का परिणाम है। प्रधानमंत्री सबका साथ , सबका विकास , सबका विश्वास को लेकर काम कर रही है स दुनिया के तीन देश हैं तीनों में हमारी शक्ति होना चाहिए। जिनमें अमेरिका व इजराइल दो देश है। जिन्हें प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अपनी ताकत का एहसास करा दिया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनायें देते हुए उनके दीर्घायु की कामना की। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाडा के रूप में मनाया जा रहा है हम सभी का दायित्व है सब लोग गरीबों , निर्धन , असहाय लोगों की मदद करें उनको केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दें उन्हें बतायें कि पिछली सरकारों ने क्या कार्य किये और अब मोदी जी व योगी जी के नेतृत्व में क्या काम हो रहे हैं विधायक ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ रहने की ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर मंत्री ने शिवमंदिर में आयोजित रुद्राभिषेक व अखंड पाठ कार्यक्रम में भाग लेते हुए महाराणा प्रताप चौक में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का सन्देश दिया स कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, अशोक त्रिपाठी जीतू, संतोष गुप्ता पालिकाध्यक्ष मालती बासू, ममता मिश्रा, संतोष गुप्ता संतू, निखिल सक्सेना सहित भाजयुमो के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

पीएम मोदी के जन्मदिवस के मौके पर मरीजों को बांटें गये फल

बबेरू/बांदा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र के 75 वें जन्मदिवस के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाडा कार्यकम मनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कस्बे के देव स्थान देवरा बाबा व माँ मढी दाई मदिर मे सेवा पखवाडा पर सामु स्वा केन्द्र मे फल वितरित व स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिह पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष डा. विवेकानंद गुप्ता, अजय पटेल, राम प्रकाश साहू, सुधीर कुशवाहा, विजय विकम सिंह, मंडल अध्यक्ष सौरभ शिवहरे, राकेश अग्रहरि, पंकज द्विवेदी, बउवा, शिव प्रकाश, समस्त भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

महोबा से मुस्करा वाया पचपहरा-सूपा बस सेवा शुरू करने की मांग

महोबा। जिला बार एसोसिएशन महोबा के पूर्व अध्यक्ष भारत विशाल शुक्ल एवं पूर्व महामंत्री चंद्रशेखर स्वर्णकार ने प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को पत्र भेजकर महोबा से मुस्करा वाया पचपहरा-सूपा-चरखारी तक बस सेवा शुरू करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि यह रूट ग्रामीण क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनपद का सबसे बड़ा ग्राम सूपा इसी मार्ग पर स्थित है, जहां से चरखारी रोड रेलवे स्टेशन संचालित होता है। यहां से देशी-विदेशी सैलानी भी आवागमन करते हैं। इसके अलावा सूपा में विशिष्ट गल्ला मंडी है, जहां बड़ी संख्या में आमजन का आना-जाना होता है। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस रूट पर फिलहाल कोई भी सरकारी बस सेवा उपलब्ध नहीं है, जिससे लोगों को निजी साधनों या असुरक्षित ई-रिक्शा पर निर्भर रहना पड़ता है। परिवार सहित यात्रा करने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि महोबा डिपो से ग्रामीण रूट पर महोबा-मुस्करा वाया पचपहरा-सूपा-चरखारी मार्ग पर कम से कम सुबह, दोपहर और शाम तीन बसें संचालित की जाएं, ताकि जनहित में ग्रामीणों को सुगम व सुरक्षित परिवहन सुविधा मिल सके।

मोदी के 75वें जन्मदिन पर बुंदेलों ने अपने खून से लिखे 75 खत

- जब तक बुंदेलखंड पिछड़ा रहेगा, विकसित भारत कैसे बनेगा: तारा
- बुंदेलखंड को मुख्य धारा में लाने के लिए मांगा विशेष पैकेज

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर आज बुंदेलों ने आल्हा चौक के आंबेडकर पार्क में अपने खून से 75 पाती लिखकर बधाई संदेश भेजे और ईश्वर से उनकी दीर्घायु व लोकप्रियता के सर्वोच्च शिखर पर बने रहने के लिए प्रार्थना की। साथ ही बुंदेलों ने मोदी से बुंदेलखंड को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए विशेष पैकेज देकर आईआईटी, आईआईएम व एम्स जैसे संस्थान खोलने की मांग की।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि वैसे तो आज हम प्रधानमंत्री को 48वीं बार अपने खून से खत लिख रहे हैं लेकिन उनके जन्मदिन पर 6वीं बार खूनभरी पाती लिख रहे हैं। प्रधानमंत्री को खून से पाती लिखने का यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा जब तक वे बुंदेलखंड के किसानों के लिए विशेष पैकेज नहीं देते, औद्योगिक विकास के लिए टैक्स फ्री जोन घोषित नहीं करते व एम्स जैसे उच्च चिकित्सा संस्थान नहीं खोलते। जब तक बुंदेलखंड पिछड़ा रहेगा, भारत विकसित राष्ट्र कैसे बन पाएगा। आखिर बुंदेलखंड भारत का दिल है, हृदयस्थल है। महामंत्री डा. अजय बरसैंया ने कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए मोदीजी आपको भी अटलजी का अनुसरण करते हुए बुंदेलखंड जैसे कुछ नये राज्य बना देना चाहिए। प्रधानमंत्री को अपने खून से बधाई देने वालों में आज डा. देवेन्द्र पुरवार, अन्नू भाई, मनीष जैदका, सुधीर दुबे, गया प्रसाद, हरीओम निषाद, अमरचंद विश्वकर्मा, दिलीप जैन, प्रेम, महेन्द्र चौरसिया, जागेश्वर, मंटू व दीपू सोनी, माधव खरे, गोविंद विश्वकर्मा व रमाकांत नगायच समेत तमाम लोग शामिल रहे।

पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत बना दुनिया के लिए प्रेरणा : योगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से किया सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ से सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्हें 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर से जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा और इसमें समाज को जोड़ने वाले विविध रचनात्मक कार्य शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पावन जन्मदिन से हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी केवल भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेता हैं। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। जो भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, लेकिन आज अपने आत्मविश्वास से दुनिया को प्रेरित कर रहा है।

कोविड प्रबंधन में भारत बना वैश्विक मॉडल

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कोविड काल के प्रबंधन का जिक्र करते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया महामारी के सामने असहाय थी, तब भारत ने सबसे बेहतरीन कोविड प्रबंधन का उदाहरण प्रस्तुत किया। जहां 100 वर्षों में कोई वैक्सीन भारत तक नहीं पहुंच पाई, वहीं पीएम मोदी के नेतृत्व में सिर्फ 9 महीनों में कोविड वैक्सीन विकसित की गई। उन्होंने बताया कि न केवल भारतवासियों को मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराई गई, बल्कि दुनिया के दर्जनों मित्र देशों को भी फ्री में वैक्सीन देकर भारत ने बेहतरीन कूटनीतिक उदाहरण प्रस्तुत किया। इससे भारत संकट के समय सहयोगी के रूप में दुनिया के सामने मिसाल बनकर उभरा।

विकसित भारत 2047 का लक्ष्य

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश-ये सभी आपस में जुड़े हुए लक्ष्य हैं। इन्हें हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का विजन 2047 हमें मार्गदर्शन देता है। उन्होंने कहा कि इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर में प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। 19 और 20 सितंबर को होने वाले ये सम्मेलन हर जनप्रतिनिधि, मंत्री, सांसद और विधायक की सहभागिता से आगे बढ़ेंगे।

11 वर्षों की उपलब्धियां गढ़ रहीं हर क्षेत्र में नए प्रतिमान

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलताएं हासिल की हैं। अर्थव्यवस्था, विरासत, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, नियुक्तियां, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास, जल संसाधन जैसे तमाम क्षेत्रों में नए प्रतिमान स्थापित हुए हैं। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, दलित और वंचित समाज को प्राथमिकता देने की वजह से हर नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। यही वजह है कि बीते 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ पाए हैं।

रामलला से महाकाल लोक तक आस्था व विरासत का सम्मान

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विरासत का सम्मान आज केवल घोषणा नहीं, बल्कि हकीकत है। अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला का भव्य मंदिर बना। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण वैश्विक जगत को आकर्षित कर रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का कायाकल्प हुआ है। महाकाल लोक का निर्माण और अन्य धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण नए भारत की पहचान बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास, महर्षि वाल्मीकि जैसे महापुरुषों की स्मृतियों से जुड़े अनेक रचनात्मक कार्य किए गए हैं, जो सामाजिक न्याय और सामाजिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित हुए हैं।

युवाओं के लिए नमो मैराथन

मुख्यमंत्री ने बताया कि 21 सितंबर को व्यापक जनजागरण के लिए नमो मैराथन का आयोजन उत्तर प्रदेश के 17 बड़े नगरों में किया जाएगा मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 सितंबर को अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बूथ स्तर पर पूरी भव्यता से मनाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना समेत अन्य मंत्री, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस चित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के बाल्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के पूरे सफर को दर्शाया गया है। अगले 15 दिनों तक हर व्यक्ति इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया जा सकता है।

स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में बड़ा अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का पहला चरण स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान है। इसके अंतर्गत महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, पोषण संबंधी कार्यक्रम और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। लखनऊ से इसका शुभारंभ करते हुए इसे पूरे प्रदेश में आगे बढ़ाया जा रहा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा हर जिले में रक्तदान शिविर आयोजित कर रहा है। आने वाले दिनों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, पीएचसी, सीएचसी, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य शिविर तथा जांच से जुड़े कार्यक्रम होंगे। इससे जरूरतमंदों को निशुल्क सुविधाओं का लाभ मिलेगा और आमजन को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी प्राप्त होगी।

दिल्ली ने उ.प्र. से मांगा 50 एमजीडी पानी, मंथन में जुटी सरकार

दोनों राज्यों के बीच बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

दिल्ली सरकार राजधानी में कच्चे पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए गंगा से अतिरिक्त कच्चे पानी के लिए उत्तर प्रदेश के साथ बातचीत कर रही है। शासन से जुड़े एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि इसको लेकर जल्द ही दोनों राज्यों के बीच सहमति बन सकती है।

उन्होंने बताया कि, उत्तर प्रदेश सरकार से अतिरिक्त 50 एमजीडी (मिलियन गैलन प्रतिदिन) उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। बदले में, दिल्ली उपचारित अपशिष्ट जल उपलब्ध करा सकती है, जिससे सिंचाई के पानी की ज़रूरतें पूरी हो सकती हैं।

अधिकारी ने बताया कि दिल्ली को 50 एमजीडी अतिरिक्त कच्चा पानी मिल सकता है। दोनों राज्यों के बीच बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। वर्तमान में, दिल्ली को अपनी दैनिक जल आपूर्ति का लगभग 26.5 प्रतिशत ऊपरी गंगा नहर के माध्यम से गंगा से प्राप्त होता है।

दिल्ली जल बोर्ड नौ जल उपचार संयंत्रों और कई ट्यूबवेलों का संचालन करता है, जिनका कुल मिलाकर 1000 एमजीडी पानी की आपूर्ति का लक्ष्य है। सूत्रों के अनुसार हालाँकि, शहर की पानी की माँग लगभग 1,250 एमजीडी ('50 गैलन प्रति व्यक्ति प्रति दिन' सूत्र के आधार पर) होने का अनुमान है, जो 250 एमजीडी के अंतर को दर्शाता है।

अधिकारी ने कहा कि दिल्ली में प्रचुर मात्रा में उपचारित अपशिष्ट जल मौजूद है जिसका उपयोग नहीं हो रहा है। अधिकारी ने कहा कि अगर इस पानी का इस्तेमाल सिंचाई के लिए किया जा सके और अतिरिक्त कच्चा पानी उपलब्ध कराया जा सके, तो यह दोनों राज्यों के लिए फ़ायदेमंद स्थिति हो सकती है।

खबरें एक नजर में

सिरफिरे युवक ने पत्नी व मां को बांके से काटकर किया लहूलुहान

इलाज के दौरान पत्नी की मौत मां का इलाज जारी, आरोपी युवक गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। गुडम्बा इलाके के दसौली गांव में बुधवार को एक सरफिरे युवक ने अपनी पत्नी और मां को बांके से काटकर लहूलुहान कर दिया। सनसनीखेज वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित अंकुल को हिरासत में ले लिया जिसे घटनास्थल पर ही लोगों ने पकड़ लिया था। इंस्पेक्टर गुडम्बा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार शाम लगभग 5 :15 बजे पुलिस को घटना के बारे में सूचना मिलती है। मौके पर पहुंच पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल भिजवाया। इलाज के दौरान आरोपित अंकुल की पत्नी नीलम की मौत हो गई जबकि उसकी मां फूल कुमारी का इलाज जारी है। एसीपी गाज़ीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह के मुताबिक आरोपी अंकुल का बुधवार शाम करीब 5 :00 बजे अपनी पत्नी नीलम और मां फूल कुमारी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिसके बाद उसने अपनी पत्नी और मां के हाथ बांके से काट दिए। दोनों घायल अवस्था में चीखते हुए जमीन पर गिर गए शोर सुनकर इलाके के लोग इकट्ठा हो गए वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंच पुलिस ने आरोपी अंकुश को हिरासत में ले लिया है। आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

सुहेलदेव को लुटेरा कहने वाले ओवैसी के नेता पर राजभर की पार्टी ने दर्ज कराई एफआईआर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के खिलाफलखनऊ के हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। ओवैसी की पार्टी के नेता पर महाराजा सुहेलदेव पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। सुभासपा के प्रदेश कार्यालय प्रभारी ने उनके खिलाफतहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि महाराजा सुहेलदेव राजभर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करके शौकत अली ने समाज के एक बडे वर्ग को आहत किया है। उधर, एआईएमआईएम नेता की टिप्पणी के बाद सुभासपा ने यूपी के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। सुभासपा प्रदेश कार्यालय के प्रभारी धर्मप्रकाश चौधरी ने बुधवार को हजरतगंज कोतवाली में शिकायत की। तहरीर में आरोप लगाया गया कि शौकत अली ने टीवी चौनलों और सोशल मीडिया के माध्यम से यह बयान दिया है कि राजा सुहेलदेव को एक लुटेरे थे। सलार मसूद गाजी ने उनके अत्याचारों से जनता को मुक्ति दिलाई। धर्मप्रकाश ने कहा यह बयान तथ्यहीन और इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने वाला है। धर्मप्रकाश ने कहा गया कि महाराजा सुहेलदेव को देशभर में वीर, पराक्रमी और राष्ट्रनायक के रूप में पूजा जाता है। उनके नाम पर ट्रेन चलाई गई, डाक टिकट जारी हुआ, मेडिकल कॉलेज और स्मारक पार्क बनाए गए। ऐसे महापुरुष के खिलाफ दिया गया यह बयान देश में साम्प्रदायिक तनाव फैलाने और भाईचारा तोड़ने की साजिश है। तहरीर मिलने के बाद हजरतगंज पुलिस ने शौकत अली के खिलाफ बीएनएस की धारा 353(1)(बी), 353(2), और 299 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नानपारा-नेपालगंज रोड ट्रेन स्पीड ट्रायल आज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर/गोरखपुर नानपारा रेलवे स्टेशन से नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन तक विशेष गाड़ी से निरीक्षण किया जाएगा तत्पश्चात आज और कल रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिमंडल द्वारा प्रस्तावित निरीक्षण के पूर्व स्थलीय जायजा लिया। तैयारियों का जायजा लेते हुए ओम प्रताप सिंह/मुख्य विद्युत इंजीनियर द्वारा रेलखण्ड का बारीकी से निरीक्षण किया गया व कार्यदायी संस्था एवं सेक्शन प्रभारी को त्वरित व्याप्त कमियों को शीघ्र ठीक करने हेतु आदेशित किया। साथ ही लोगों से अपील भी की गई कि विशेष रेल गाड़ी से स्पीड ट्रायल किए जाने के दौरान रेलवे ट्रैक से पर्याप्त दूरी बनाकर स्वयं व मवेशियों को सुरक्षित रखें। इस दौरान मनीष मिश्रा, सेक्शन प्रभारी नानपारा- नेपालगंज रोड, जगन्नाथ मिश्रा, मुख्य तकनीकी सलाहकार(निर्माण) के.के.वर्मा साइट सुपरवाइजर, अजय सिंह,दिवाकर शुक्ला समेत कमर्चारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर विधान सभा अध्यक्ष महाना ने बांटे गुलगुले

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को विधानभवन प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर विधानसभा के अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों और स्कूली बच्चों के बीच परंपरागत व्यंजन गुलगुले वितरित कर जन्मदिवस को उल्लासपूर्वक मनाया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानभवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी प्रेस रूम के बाहर लगी है। इस मौके पर विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे, विस अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार वरिष्ठ पत्रकार श्रीधर अग्निहोत्री समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

अखिलेश-मायावती ने दी मोदी को जन्मदिन की बधाई

सीएम योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के अलावा योगी मंत्रिमंडल के तमाम सदस्यों व विधायकों ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर बधाई संदेश प्रेषित किये

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर उत्तर प्रदेश में बधाई प्रेषित करने का सिलसिला बुधवार को जारी रहा। प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने भी श्री मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है।

श्री यादव ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को स्वस्थ, सार्थक, सौहार्दपूर्ण, समावेशी, सकारात्मक जीवन की शुभकामनाओं के साथ जन्मदिन की हार्दिक बधाई।

सुश्री मायावती ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की भी कुदरत से कामना। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के अलावा योगी मंत्रिमंडल के तमाम सदस्यों और विधायकों ने श्री मोदी के जन्मदिन पर बधाई संदेश प्रेषित किये हैं। इस अवसर पर प्रयागराज,वाराणसी समेत अन्य जिलों में हवन पूजन और दुग्धाभिषेक कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना ईश्वर से की गयी। श्री मोदी के जन्मदिन पर गरीबों को कपड़े, मिष्ठान आदि वितरित किये जा रहे हैं। इस मौके पर कई जगह रक्तदान शिविरों को भी आयोजन किया गया।

राजधानी में मूसलाधार बारिश, नगर निगम दफ्तर में भरा पानी, रोजगार मेले का डूबा पंडाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। दिन में अंधेरा छा गया है। जगह-जगह सड़कों पर जलभराव हो गया है। कई इलाकों में दुकानों-घरों में पानी भर गया है। बारिश से बचने के लिए दोपहिया वाहन चालक फ्लाईओवर और मेट्रो लाइन के नीचे छिप गए हैं। नगर निगम के मुख्यालय में जलभराव हो गया है। कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में लगे रोजगार मेले का पंडाल पानी में डूब गया। गोलागंज में घरों और दुकानों में पानी घुस गया है। हजरतगंज चौराहे पर जलभराव के बीच ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल कर रही है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि दिनभर काले बादल छाए रहेंगे। कई इलाकों में बारिश होगी। तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी। बारिश के बाद राजधानी के अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। फिलहाल तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, जो बारिश के बाद घटकर 30 डिग्री के करीब आ जाएगा। न्यूनतम तापमान भी घटकर लगभग 25 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

सपा छात्र सभा ने बेरोजगारी दिवस मनाते हुए किया प्रदर्शन, बूट पालिश कर मांगा रोजगार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी छात्र सभा ने बुधवार को बेरोजगारी दिवस मनाते हुए राजधानी लखनऊ में प्रदर्शन किया। लखनऊ विश्वविद्यालय गेट पर सपा छात्र सभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को पकड़ते हुए बसों से इको गार्डन भेज दिया। वहीं दारुल शफा विधायक निवास के बाहर सपा छात्र सभा ने बूट पालिश कर बेरोजगारी को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। सपा छात्र सभा के बैनरतले सैकड़ों छात्र व कार्यकर्ता बेरोजगारी और महंगाई को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर पहुंचे और प्रदर्शन दिया। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता हाथों में थाली और बैनर लेकर विरोध जताया। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया। इस दौरान काफी नोकझोंक और धक्का मुक्की भी हुई।

उधर, समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी के मुद्दे पर हजरतगंज स्थित दारुल शफा विधायक निवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जूता पालिश कर अपना विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की और बेरोजगारी के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। सपा नेता जय सिंह यादव ने कहा कि मोदी सरकार बनने पर 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने के वादे को पूरा न करने को लेकर छात्र सभा के सदस्यों ने बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान जूता पालिश करके युवा विरोधी सरकार को नींद से जगा रहे हैं।

योगी सरकार ने किया छह विशेष सचिव का तबादला

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक बार फिर बड़ा फेरबदल किया है। छह विशेष सचिवों के तबादले किए गए हैं। इस तबादले का उद्देश्य विभिन्न विभागों में कार्यदक्षता बढ़ाना, नीतियों के क्रियान्वयन को प्रभावी बनाना, और प्रशासनिक प्रणाली को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना है। जारी आदेश के मुताबिक प्रभात कुमार विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा दीपक कोहली विशेष सचिव लोक निर्माण सर्वेश कुमार सिंह विशेष सचिव कृषि विभाग अनिल कुमार सिंह विशेष सचिव नियोजन विभाग शिवाजी सिंह विशेष सचिव खाद्य रसद विभाग और राजाराम द्विवेदी विशेष सचिव राजस्व विभाग बनाये गये हैं। सरकार ने प्रभात कुमार को विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग बनाया है। प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को लेकर लगातार सुधारात्मक प्रयास हो रहे हैं। प्रभात कुमार को इस दिशा में बेहतर कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है।

माना जा रहा है कि इस बदलाव से मेडिकल कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों के कामकाज में सुधार आएगा।दीपक कोहली को विशेष सचिव, लोक निर्माण विभाग के रूप में तैनात किया गया है। यह विभाग सड़क निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित कार्यों के लिए बेहद अहम माना जाता है। दीपक कोहली को इस क्षेत्र में अनुभव रखने वाला अधिकारी माना जाता है।सर्वेश कुमार सिंह को कृषि विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। यह तैनाती किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अनिल कुमार सिंह को नियोजन विभाग में भेजा गया है। इस विभाग का संबंध राज्य की विकास योजनाओं और बजट नियोजन से है। शिवाजी सिंह को खाद्य रसद विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। यह विभाग खाद्यान्न वितरण, राशन कार्ड और जन वितरण प्रणाली से जुड़ा है। वहीं, राजाराम द्विवेदी को राजस्व विभाग में विशेष सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।राजस्व विभाग सीधे जनता से जुड़ा है और इसकी कार्यप्रणाली प्रशासनिक दक्षता पर निर्भर करती है।सरकार द्वारा किया गया यह तबादला एक रूटीन प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन इसके पीछे उद्देश्य है कि विभागों में नई ऊर्जा और उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ाया जा सके। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। यह फेरबदल न सिर्फ प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे प्रदेश के विभिन्न योजनागत कार्यों में भी नई गति आने की उम्मीद जताई जा रही है।

तैयारी | पर्यटन विभाग इंडिया एक्सपो मार्ट में उ.प्र. इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में प्रदर्शित करेगा पवेलियन

यूपीआईटीएस में दिखेगा परंपरा व निवेश अवसरों का संगम : जयवीर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 यूपीआईटीएस में एक विशेष पवेलियन प्रदर्शित करेगा।

इस पवेलियन में राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, पर्यटन निवेश संभावनाएं और आर्थिक प्रगति को प्रमुख रूप से दर्शाया जाएगा। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र को राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में एक अहम भागीदार के रूप में प्रस्तुत करना है।पर्यटन मंत्री ने बताया कि यूपीआईटीएस-2025 में नीति निर्माता, वैश्विक निवेशक, कारोबारी, शैक्षणिक प्रतिनिधि और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल सहित पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख हस्तियां भाग लेंगी।

इस दौरान राज्य में निवेश और पर्यटन के नए अवसरों पर व्यापक विमर्श किया जाएगा। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के पवेलियन को इस बार पूरी तरह से इमर्सिव और पर्यावरण-अनुकूल रूप में तैयार किया जा रहा है। इस पवेलियन में डिजिटल स्टोरीटेलिंग, एआर वीआर आधारित डिस्प्ले, ऑटो-नेविगेशन कियोस्क और सेल्फी जोन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। आगंतुकों के सांस्कृतिक अनुभव के लिए ब्रज का मयूर नृत्य, सोनभद्र और लखीमपुर के जनजातीय नृत्य, झांसी का बुंदेली नृत्य और लखनऊ घराने की कथक प्रस्तुतियां होंगी। पवेलियन राज्य की विविधता और परंपरा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करेगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अपने मोबाइल ऐप के प्रचार पर विशेष ध्यान देगा। ऐप में क्यूआर-कोड के माध्यम से डाउनलोड की सुविधा उपलब्ध होगी और यह उपयोगकर्ताओं को आध्यात्मिक, बौद्ध, ग्रामीण और वेलनेस पर्यटन के लिए विशेष रूप से तैयार यात्रा कार्यक्रम प्रदान करेगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ओडीओपी, हस्तशिल्प, मंदिरों की वास्तुकला और ग्रामीण पर्यटन में नवाचार को भी प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

विभाग निवेशकों के लिए पीपीपी-रेडी हेरिटेज प्रोजेक्ट्स की जानकारी उपलब्ध कराएगा, साथ ही पूंजी सब्सिडी, भूमि आवंटन, टैक्स छूट और सिंगल विंडो क्लीयरेंस जैसी नीतिगत प्रोत्साहनों का विवरण साझा करेगा। यूपीआईटीएस पवेलियन को व्यापारिक अवसरों के अनुकूल बनाया जा रहा है। इसमें आरामदायक लाउंज, बी-टू-बी संवाद के लिए विशेष क्षेत्र और मीडिया किट्स की व्यवस्था की गई है। यह मंच निवेशकों, नीति-निर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अवसर प्रदान करेगा और सतत पर्यटन विकास के राज्य के विजन को प्रदर्शित करेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन हमारी विकसित भारत 2047 की दृष्टि के केंद्र में है। यूपीआईटीएस में प्रदेश की अद्वितीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का उत्सव ही नहीं मनाया जाएगा, यह भी प्रदर्शित करेंगे कि राज्य कैसे वैश्विक निवेशकों और उद्यमियों के लिए नए द्वार खोल रहा है। बौद्ध सर्किट सहित अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों के माध्यम से उत्तर प्रदेश स्वयं को परंपरा और अवसर के संगम स्थल के रूप में स्थापित कर रहा है।

आयुर्वेद में 'दिनचर्या' का विशेष महत्व

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बादाम को अपने आहार में शामिल करना लाभकारी

सुबह का समय पूरे दिन की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाता है। आयुर्वेद में 'दिनचर्या' का विशेष महत्व है। यह एक दैनिक अनुशासन है जो आत्म-देखभाल को बढ़ावा देता है। इस दिनचर्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है- प्रातःकाल जल्दी उठना और एक निश्चित सुबह की दिनचर्या का पालन करना। प्रकृति की लय के अनुरूप चलकर, यह दिनचर्या हमारे जैविक घड़ी (बायोलॉजिकल क्लॉक) को संतुलित करती है, आत्म-जागरूकता को बढ़ाती है, और शरीर एवं मन के बीच सामंजस्य स्थापित करती है। सरल आयुर्वेदिक आदतें जैसे ब्रह्म मुहूर्त में उठना, योग, ध्यान, प्राणायाम (सजग श्वास तकनीक), ऑयल पुलिंग (तेल कुल्ला), गुनगुना पानी पीना, और सुबह के समय बादाम का सेवन। ये सभी मिलकर आपकी सुबह को सकारात्मक रूप से रूपांतरित कर सकते हैं और दिनभर के लिए बेहतर स्वास्थ्य की नींव रख सकते हैं।

स्वस्थ जीवनशैली, विशेष रूप से दिनचर्या (दिनाचर्या) और सुबह की आदतों के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अल्मंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया ने लखनऊ स्थित द रेनिसां में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसका शीर्षक था आयुर्वेदिक ज्ञान से करें दिन की शुरुआत।

इस चर्चा में विशेषज्ञों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे सुबह की छोटी-छोटी, सजग आदतें – जैसे कि बादाम को अपने आहार में शामिल करना – दीर्घकालिक स्वास्थ्य और संपूर्ण जीवनशैली को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती हैं। इस पैनल चर्चा में विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियों ने भाग लिया।

विश्वकर्मा दिवस पर लाभार्थियों को टूल किट वितरित

पारंपरिक कारीगरों के सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु चयनित लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक कारीगरों के सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत घनश्याम मिश्र, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, तथा सदस्य विधान परिषद (गोंडा/बलरामपुर) अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अंकिता

जैन ने की। इसके अतिरिक्त संबंधित विभागों के अधिकारीगण, लाभार्थी एवं जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों, जैसे बढ़ई, लोहार, कुम्हार, सुनार, राजमिस्त्री, दर्जी, मोची, नाई आदि को तकनीकी एवं आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को उन्नत उपकरणों की टूल किट, कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, प्रमाण पत्र, डिजिटल लेन-देन हेतु सहायता एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वकर्मा समुदाय देश की पारंपरिक हस्तशिल्प विरासत का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना इस वर्ग को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर रोजगार एवं सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर करने की एक सार्थक पहल है। माननीय जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें इस योजना का पूर्ण लाभ उठाने की अपील की। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जिले में सैकड़ों पारंपरिक कारीगरों को योजना के अंतर्गत चिह्नित किया गया है, और उन्हें चरणबद्ध तरीके से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन लाभार्थियों द्वारा प्राप्त किट एवं प्रमाण पत्र के साथ धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

एमआर को पीटने पर पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। नगर कोतवाली थाना में ज्ञानेंद्र प्रताप पुत्र जय चंद्र निवासी पूरे लेदई थाना धाने पुर निवासी ने तहरीर दिया है कि एक दवा कम्पनी में दवा प्रतिनिधि है। कम्पनी के काम से छेदी पुरवा निकट राजकीय विद्यालय के पास स्थित मधु बिहार एक डाक्टर से मिलने जा रहा था। रास्ते में एक पिकअप गाड़ी गाड़ी खड़ी थी। जिस से माल उतर रहा था। बाइक निकालते समय साइड से पिकअप में टकरा गई जिस से गाड़ी में खरोच लग गया। इसी बात को लेकर संदीप मिश्रा शुभम मिश्रा मीनू मिश्रा चालक श्याम और एक अन्य अज्ञात ने मिल कर मारा पीटा गया। प्रभारी निरीक्षक विवेक द्विवेदी ने बताया कि तहरीर मिलने पर संदीप मिश्रा शुभम मिश्रा मोनू मिश्रा चालक श्याम एक अज्ञात के खिलाफ में मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया पौधरोपण

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्म दिवस पर शहर के विभिन्न स्थान से आए हुए कार्यकर्ताओं ने बड़गांव स्थित पार्क के चारों दिशाओं में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देकर केंद्र सरकार के मुखिया द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, बसंत लाल, अमित कुमार वर्मा, महेंद्र कुमार यादव, दानिश, अनिल जायसवाल, देवेंद्र, मानवेंद्र, बच्चा, अफजल , विवेक गुप्ता सहित काफी लोग मौजूद थे। वृक्षारोपण करने के उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुनिया में भारत को अग्रणी दिशा में ले जाने वाले प्रधानमंत्री मोदी का गुणगान करते हुए जोरदार तरीके से नारे लगाते हुए जन्मदिन की बधाइयां दी।

हवन पूजन के साथ भगवान विश्वकर्मा का पूजन सम्पन्न

वरिष्ठजनों ने किया पूजन के पश्चात आईटीआई के नवीन सत्र का शुभारम्भ

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

स्थानीय दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाँधी पार्क मे देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजन वैदिक मन्त्रोंचार के साथ सम्पन्न हुआ। संस्थान के प्राचार्य हनुमंत लाल पाण्डेय ने विधिवत भगवान का पूजन कर समाज मे सुख, शांति, विश्व कल्याण, एवं भारत के परम वैभव के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं प्रशिक्षु छात्र, छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य हनुमंत लाल पाण्डेय ने कहाँ कि हमारी अपनी इस श्रेष्ठ एवं अकल्पनीय सृष्टि की रचना भगवान विश्वकर्मा के सहयोग से ही संभव हो पायी। संस्थान के वरिष्ठ कार्यकर्ता अवधेश कुमार ने पूजन कर्यक्रम

सम्पन्न कराया। पूजन के पश्चात आईटीआई के नवीन सत्र का शुभारम्भ भी संस्थान के वरिष्ठ जनो द्वारा किया गया। पूजन स्थल पर जनशिक्षण संस्थान के निदेशक जयदीप जी, अशोक सारस्वत, जितेन्द्र वर्मा, अजय श्रीवास्तव,कृष्ण प्रसाद दुबे, शिव कुमार शर्मा,अजीत पाठक, वीरेंद्र श्रीवास्तव, विनोद कुमार, कार्यालय सहायक अजय मौर्य, धनुषधारी चतुर्वेदी, किशोर चंद्र भारती, अवधेश प्रताप सिंह, सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे।

अंबाला में सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बानधनेहिया खरगू चांद पुर निवासी विजय कुमारी कोतवाली देहात में तहरीर दिया है कि उस के पति राज कुमार दिल्ली में रहकर परिवार के पालन के लिए ठेला चला कर मजदूरी करते थे। बीते 11, सितंबर को बच्चा राम तिवारी निवासी बेलवा नोहर कोतवाली देहात भी दिल्ली में ही रहता था। उस के पति राज कुमार को लोड गाड़ी खाली कराने के लिए दिल्ली से पंजाब लेकर गया। वहां पर गाड़ी को खाली कर के वापस लौट रहे थे। अंबाला में सड़क दुर्घटना हो गई। जिस में उस के पति राज कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। जब भी बच्चा राम तिवारी के पास फोन कर के जानकारी लिया तो सही बात नहीं बताया गया। कहा कि कही खो गए है। उनको खोजबीन कर रहे है। पुलिस के दारा उनकी मौत की खबर मिली। इसकी जानकारी। मिलने मिलते ही भाई संजय कुमार अंबाला गया और शव को घर पर लाया गया। शव का पोस्ट मार्टम वहा नहीं हुआ था। पोस्टमार्टम कराने के लिए कोतवाली देहात में तहरीर दिया।

कृषि स्नातक छात्रों का एक दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण संपन्न

मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वाविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचलित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में आज दिनांक 17 सितंबर 2025 को तेजभान उपाध्याय प्रवक्ता शस्य विज्ञान के नेतृत्व में मां गायत्री रामसुख पांडेय महाविद्यालय मसकनवां गोंडा के बीएससी कृषि के अंतिम वर्ष के रावे छात्रों का एक दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया । डॉ. रामलखन सिंह प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र मनकापुर गोंडा ने कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों तथा उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों जैसे प्रशिक्षण, प्रदर्शन, परीक्षण, किसान मेला, गोष्ठी आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने केला, मक्का व

गेंहू की वैज्ञानिक खेती, जैव उर्वरकों का प्रयोग एवं महत्व, हरी खाद की खेती, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई आदि की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि जैव उर्वरकों के प्रयोग से फसल की पैदावर में 15 प्रतिशत वृद्धि होती है। डॉ. अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने मशरूम उत्पादन तकनीक, रबी फसलों में बीज शोधन एवं बीज उपचार, धान में कीट एवं रोग प्रबंधन, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना के अंतर्गत मशरूम का स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक द्वारा ऋण प्रदान किया जाता है। डॉ. हनुमान प्रसाद पांडेय मृदा वैज्ञानिक ने मृदा परीक्षण, मृदा उर्वरता आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण की संस्तुति के अनुसार संतुलित खाद एवं उर्वरकों के प्रयोग से फसल की पैदावार बढ़ती है। प्राकृतिक एवं जैविक खेती से अपनाकर गुणवत्ता युक्त उपज प्राप्त किया जा सकता है । डॉ. दिनेश कुमार पांडेय ने प्रक्षेत्र प्रभारी ने कम लागत में खेती की तकनीक की जानकारी दी। उन्होंने बताया की उन्नत कृषि मशीनरी हैप्पी सीडर, जीरो टिल सीड ड्रिल, मल्चर का प्रयोग कर धान के फसल अवशेषों का प्रबंधन किया जा सकता है। इस अवसर पर छात्रों को केंद्र पर संचालित मशरूम इकाई, सब्जी एवं बागवानी पौधशाला इकाई आदि तथा कृषक प्रक्षेत्र पर राजेश कुमार वर्मा द्वारा संचालित डेयरी तथा पिंक ताइवान अमरूद की बागवानी का भ्रमण कराया गया। अवधेश मौर्य, डॉ. रविशंकर मिश्रा आदि अध्यापकों सहित अभिषेक तिवारी, सुजीत कुमार मिश्रा, आशुतोष कमल, भानु प्रताप यादव, हिमांशु चतुर्वेदी, आशुतोष पांडे, दीक्षा वर्मा, तहसीम बानो,अंकिता सिंह, दिव्यांशी शुक्ला आदि छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

एसपी ने विश्वकर्मा जयंती पर विधि विधान से किया पूजन

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

बुधवार को रिज़र्व पुलिस लाइन में शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूजा-पाठ एवं हवन का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार में आयोजित पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विधिविधान से श्रद्धापूर्वक पूजन एवं हवन किया तथा शस्त्रों का भी पूजन किया गया । पूजन उपरांत पुलिस अधीक्षक ने आरती की एवं सभी की कुशलता व कल्याण की भी प्रार्थना की गयी ।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, पुलिस उपाधीक्षक नारायण मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का हुआ शुभारंभ

▸ केक काटकर मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।

सीएचसी पयागपुर से हुई स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा व विधायक पयागपुर प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, प्रमोद पांडेय मंडल अध्यक्ष भाजपा के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

सीएचसी पर कुल 205 लाभार्थियों का पंजीयन किया गया। 05 क्षय रोगियों को पोषण किट वितरण कर गोद लिया गया। 06 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व 6 बच्चों का अन्नप्रासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कराया

गया। 06 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस केक काटकर मनाया गया साथ ही सीएचसी पयागपुर में भर्ती कुल 22 मरीज को फल का वितरण मुख्य अतिथियों के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल ने किया। अपने संबोधन में अधीक्षक सीएचसी पयागपुर डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने बताया की 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक प्रतिदिन सीएचसी,पीएचसी व आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर यह सेवाएं उपलब्ध रहेगी। इस दौरान डॉ शरद भारती, डॉ अरुण मौर्य, डॉ पल्लवी सिंह, सीडीपीओ पयागपुर विमला,अनुराग पाठक, हिमांशु मिश्रा, ठाकुर प्रसाद यादव, विनय वर्मा, प्रखर सिंह, नीरज सिंह, बबलू रावत, बिरला पंडित, पवन शुक्ला, आशुतोष सिंह, कुंज बिहारी शर्मा, रोहित मिश्रा, पवन कुमार ,अनिल राठौर सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय परिषदीय विद्यालयों की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी प्रारंभ

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। श्रीराम जानकी ट्रस्ट रग्घू बाबा रनियापुर गोबरही विशेश्वरगंज की बैठक ट्रस्ट के संस्थापक रमेशचन्द्र त्रिपाठी एडवोकेट के मार्गदर्शन में तथा अध्यक्ष श्रीनिवास शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीनिवास शुक्ल ने बताया की सदन में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए विगत दो वर्षों से प्रतियोगी परीक्षा उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलखावां में आयोजित करवा रहा है परन्तु इस वर्ष ट्रस्ट के सम्मानित सदस्यों के निर्णयानुसार उक्त प्रतियोगी परीक्षा समय-समय पर स्थान परिवर्तन के कारण किसी अन्य विद्यालय/ स्थान पर आयोजित होगा।

तबादला: रानीपुर थाना प्रभारी बनाए गए संतोष कुमार

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस महकमे में व्यापक फेरबदल किया है। इस फेरबदल में 10 निरीक्षक और 6 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया है। निरीक्षक स्तर पर हुए बदलाव में बृजेश कुमार मिश्रा को हुजूरपुर से कैसरगंज थाना भेजा गया है। संतोष कुमार अवस्थी को रानीपुर थाना का प्रभारी बनाया गया है। करुणाकर पांडे को पयागपुर से रिसिया थाना और मिथलेश कुमार राय को फखरपुर से पयागपुर थाना का प्रभार दिया गया है। ब्रह्म गौंड को रानीपुर से फखरपुर

थाना का प्रभारी नियुक्त किया गया है। ज्ञान सिंह को एएचटीयू थाना का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। चंद्रेश कुमार को अभिसूचना इकाई का प्रभार मिला है। प्रदीप कुमार सिंह को हुजूरपुर, राजनाथ सिंह को नानपारा कोतवाली और रामाज्ञा सिंह को दरगाह थाने का प्रभार सौंपा गया है। उप निरीक्षक स्तर पर रामगांव थाना प्रभारी राजकुमार पांडे को विशेश्वरगंज थाना भेजा गया है। मदन लाल को रामगांव थाना और गोपाल तिवारी को चौकी खुटेना का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह फेरबदल कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने और जनहित में किया गया है।

एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली पर मुकदमा दर्ज

▸ महाराजा सुहेलदेव पर दिया था विवादित बयान

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

महाराजा सुहेलदेव पर विवादित बयान देने के मामले में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा एक और व्यक्ति पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के खिलाफ सुहेलदेव को लुटेरा कहने पर मुकदमा दर्ज किया है। हिंदू रक्षा दल के जिला महामंत्री ने मुकदमा दर्ज कराया है।हिंदू रक्षा दल के लोगों में शौकत अली के बयान से बहुत नाराजगी है। रक्षा दल

के महामंत्री तिलक राम मिश्रा ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि महापुरुष महाराजा सुहेलदेव को एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली द्वारा अपने भाषण में लुटेरा कहते हुए अपमानजनक टिप्पणी की गई है। जिसके कारण जनता के लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

इस प्रकार शौकत अली द्वारा सामाजिक सौहार्द खराब किए जाने का प्रयास किया गया है।शौकत अली ने यह टिप्पणी त्रिमोहानी रोड स्थित फिरोज बागवान के घर पर बिना कोई विधिक अनुमति प्राप्त किए आयोजित कार्यक्रम के दौरान की है, जिससे स्पष्ट है कि फिरोज बागवान भी सामाजिक सौहर्द को खराब करने में अपनी पूरी भूमिका निभाई है। इस आशय के पत्र के साथ पुलिस को प्रार्थना पत्र देने के बाद शौकत और फिरोज पर बीएनएस 2023 की धारा 196(1) और बीएनएस 352(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बीएनएस 2023 की धारा के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति ऐसा कोई कार्य करता है, जो विभिन्न धार्मिक, नस्लीय, भाषाई, क्षेत्रीय समूहों या जातियों या समुदायों के बीच का सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रतिकूल हो और जो सार्वजनिक शांति को भंग करता है या भंग करने की संभावना हो, तो वह अपराधी माना जाएगा। वहीं, बीएनएस 352(2) की धारा यह कहती है कि जानबूझकर किसी व्यक्ति का अपमान करने और उसे उकसाने का प्रयास करना, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक शांति को भंग करना और अपमान हो सकता है।

युवक पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। कोतवाली देहात थाना पर एक पिता ने तहरीर दिया है कि उस की 9 साल की पुत्री है। घर के पास मंगलवार के दिन खेल रही थी। खेलते खेलते एक पड़ोसी के घर पर चली गई। वहीं पर एक युवक सुग्रीव पुत्र श्री दत्त उस के साथ छेड़छाड़ करने लगे। बच्ची की रोने की आवाज आने उस की मां पहुंच गई। तब युवक वहां से भाग निकला। तहरीर पर सुग्रीव के खिलाफ में छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

रक्तदान,फल वितरण,सफाई अभियान, प्रदर्शनी सहित तमाम कार्यक्रम हुए आयोजित

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री का 75 वां जन्म दिवस जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे की अध्यक्षता में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को मना कर किया गया। इसी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र प्रभारी अजय राय रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका हाल में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी के द्वारा मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रदर्शनी का लोक लोकार्पण हुआ। मुख्य अतिथि के द्वारा सफाई कर्मियों को अंग वस्त्र व पीपी किट देकर सम्मानित किया। तथा स्वच्छता का संकल्प उपस्थित सभी लोगों को मुख्य अतिथि द्वारा दिलाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद में वृक्षा रोपण मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। तथा शहीद उद्यान में स्वच्छता का कार्यक्रम जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे व सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व मुख्य अतिथि द्वारा करके शहीद शिलापट्ट पर मुख्य अतिथि द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया व सरदार वल्लभभाई पटेल व डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि व पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा माल्यापर्ण किया गया।

इसी कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला अस्पताल में महिला वार्ड में मुख्य अतिथि व कार्यकर्ताओं के द्वारा फल वितरण किया गया। व जिला अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया भी किया गया।

नग्न अवस्था में मिला युवक का शव

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। जिले के पयागपुर इलाके में बुधवार सुबह एक युवक का नग्न अवस्था में शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस को आशंका है कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान के प्रयास किए, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पयागपुर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड से भूपगंज होते हुए झाला तरहर लिंक मार्ग पर बुधवार सुबह करीब सात बजे एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन देखा गया था। लोगों को लगा कि कोई युवक कार में फंसा हुआ है। कुछ ही दूरी पर लगभग 20 वर्षीय युवक का नग्न शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलने पर उप निरीक्षक राहुल कुशवाहा फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के शरीर पर कपड़े नहीं थे और कई जगह चोट के निशान भी थे।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का जनपद आगमन आज

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का 18 सितम्बर 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य 18 सितम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:05 बजे पुलिस लाईन हेलीपैड पहुंचेंगे तदोपरान्त पूर्वान्ह 11:20 बजे चन्द्रिकापुरी कालोनी स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में कोर कमेटी/पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अपरान्ह 12:30 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच आ जायेंगे। उप मुख्यमंत्री मौर्य अपरान्ह 01:10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के पश्चात प्रेस वार्ता करेंगे।

इसके उपरान्त जनपद की विकासशील एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर उप मुख्यमंत्री पुलिस लाईन हेलीपैड पहुंचकर अपरान्ह 03:25 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

हवन पूजन के साथ मनाया गया भगवान विश्वकर्मा का जन्मदिवस

बहराइच समृद्धि न्यूज। शहर के कठौवां दोनक्का स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर भगवान विश्वकर्मा के वंशजों ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य हवन पूजन कर भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति भाव में डूबते हुए मनाया। अध्यक्षता मंदिर के संरक्षक एडवोकेट धर्मराज विश्वकर्मा ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय एमएलसी पदम सेन चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर गणेश प्रसाद विश्वकर्मा डिलीट प्रचार बुधनी देवी स्मारक महाविद्यालय में भगवान विश्वकर्मा के विग्रह पर अंग वस्त्र का पुष्प पाचन कर भगवान श्री विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया ठीक है।

गांव में घुसा भेड़िया, मवेशी का किया शिकार, लोगों ने भगाया

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले के कैसरगंज तहसील के फखरपुर ब्लॉक में भेड़िया के हमलों का सिलसिला जारी है। बुधवार दोपहर मंझारा तौकली गांव में एक भेड़िया ने घर के सामने से एक मवेशी पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने लाठी-डंडों के साथ भेड़िया का पीछा किया, जिसके बाद वह मवेशी को छोड़कर खेतों में भाग गया। हमले में मवेशी की मौत हो गई। यह घटना मंझारा तौकली के ग्राम बाभनपुरवा में हुई। ग्रामीण मुखिया की बकरी घर के सामने बंधी थी, तभी गांव में घुसे भेड़िए ने उसे अपने जबड़ों में दबाकर खींच लिया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों के पीछा करने पर भेड़िया बकरी को छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलने पर इलाके में गश्त कर रहे वन अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। दिनदहाड़े भेड़िए की मौजूदगी से ग्रामीण दहशत में हैं। क्षेत्र में भेड़िए के हमलों में अब तक दो मासूम बच्चों की जान जा चुकी है, जिनमें एक पांच साल का और दूसरा तीन माह का बच्चा शामिल है।

इसके अतिरिक्त, चार अन्य लोग भी घायल हुए हैं। वन विभाग की कई टीमें लगातार इन जानवरों को पकड़ने के लिए कॉम्बिंग कर रही हैं। हालांकि, तमाम प्रयासों के बावजूद अभी तक उन्हें कोई सफलता नहीं मिल पाई है। भेड़िए का आतंक थर्मल ड्रोन से शुरू की तलाश कैसरगंज रेंज में पिछले एक सप्ताह से जंगली

जानवरों का आतंक छाया हुआ है। इन जानवरों के हमले में दो मासूमों की जान चली गई है और चार लोग घायल हुए हैं। ग्रामीण हमलावर जानवर को भेड़िया बता रहे हैं, लेकिन वन अधिकारी अभी तक जानवर की पहचान नहीं कर पाए हैं।वन विभाग ने आदमखोर जानवर को पकड़ने के लिए प्रभावित क्षेत्र को चार सेक्टरों में बांटा है। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव के अनुसार, विशेषज्ञ टीम दो थर्मल ड्रोन और एक सामान्य ड्रोन कैमरे का उपयोग कर रही है। साथ ही गश्ती दल भी जानवर की तलाश में जुटे हैं।वन विभाग ने संवेदनशील स्थलों पर कैमरा ट्रैप लगाए हैं। प्रभावित गांवों में सोलर सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए गए हैं।

इससे जानवर की पहचान और सुरक्षित रेस्क्यू में मदद मिलेगी। वन्य जीव की पकड़ के लिए तीन ट्रैपिंग केज भी लगाए गए हैं। गश्ती टीमें पैदल चलकर जानवर के पगमार्क की तलाश कर रही हैं और उसे चिह्नित करने का प्रयास कर रही हैं। इसके साथ ही जन जागरूता टीमों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है तथा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके स्वयं एवं बच्चों को सुरक्षित सुलाने के लिए अपील की जा रही हैं ।

खबरें एक नजर में

विद्युत विभाग पर फर्जी निस्तारण का लगाया आरोप

महराजगंज, रायबरेली। विद्युत उपभोक्ता जहां एक तरफ शिकायत करता है तो वहीं दूसरी तरफ शिकायत का निस्तारण भी कर दिया जाता है और उपभोक्ता संतुष्ट भी नहीं होता और समस्या उसकी है की बनी रहती है महाराजगंज क्षेत्र के मोन गांव निवासी मोहम्मद मुस्लिम ने बताया कि मैंने एक ऑनलाइन शिकायती पत्र दिया था और शिकायती पत्र में बताया था कि विद्युत विभाग द्वारा जो बिलिंग होती है उसमें मेरे साथ काफी लूट की गई है जिसकी शिकायत मैंने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज रायबरेली को किया था। आइजीआरएस पर फर्जी रिपोर्ट लगा दी गई जबकि मेरी समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ है उपभोक्ता ने बताया कि लगातार इसी तरह महराजगंज के विद्युत अधिकारी लोगों को लूट रहे हैं और जब शिकायत करो तो फर्जी निस्तारण लगा देते हैं जबकि मेरा निस्तारण अभी हुआ ही नहीं।

45 वर्षीय अधेड़ का शव ट्यूबवेल की हौज में मिला, तीन दिनों से गायब था मृतक

महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्र मे उस समय हड़कंप मच गया जब ट्यूबवेल की हौज मे एक उतरता हुआ शव मिला लाश की पहचान अनूप सिंह उर्फ पम्मू पुत्र लाल सिंह निवासी मऊ गर्वी थाना चन्दापुर के रूप में हुई जो पिछले तीन दिनों से लापता थे। चन्दापुर थाना क्षेत्र के कटरा गांव के पास पिछले तीन दिनों से लापता 45 वर्षीय अनूप कुमार ट्यूबवेल की हौज में उतरा रहे थे। बुधवार दिनांक 17 तारीख को सुबह लगभग 6:00 बजे कुछ बच्चे अमरूद तोड़ने खेत में गए तो उन्होंने पानी की टंकी में एक लाश तैरते हुए देखी डरे हुए बच्चों ने आसपास के लोगों की इसकी जानकारी दी जब यह खबर मृतक के परिजनों तक पहुंची तो परिवार में कोहरामच गया सूचना मिलते ही चन्दापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामले की जांच जारी है परिजनों के अनुसार मृतक नशे का आदी था पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है मृतक की मां ने बताया कि रविवार की शाम से मेरा पुत्र अनूप कुमार गायब है और आज सुबह लोगों के द्वारा सूचना मिली है वहीं मृतक अपने पीछे दो पुत्र और पत्नी को छोड़कर गया है।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का किया गया शुभारंभ

डलमऊ, रायबरेली। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पंचायत डलमऊ अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम गौड़ ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की इस अभियान के तहत मुख्य रूप से महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य जांच एवं पोषण को प्रोत्साहित किया जाएगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों व आयुष्यमान आरोग्य के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम गौड़ ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई तथा जन भागीदारी पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नवीन कुमार ने की इस मौके पर ब्लॉक आशा नोडल अधिकारी सुधांशु त्रिपाठी स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ललित कुमार मिश्र,ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक चौधरी,गिरिजा शंकर त्रिपाठी,अभिषेक यादव,विनोद निषाद, सुमित मौर्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

लॉयर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन बिसवां एसडीएम को सौपा

बिसवां (सीतापुर)। बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन ने लहरपुर के अधिवक्ताओं के आंदोलन को समर्थन देते हुए अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई एवं सचिव सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला को सौंपा। विदित हो कि तहसील लहरपुर के राजस्व न्यायालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों की कथित भ्रष्टाचारपूर्ण कार्यशैली से क्षुब्ध अधिवक्ता कई दिनों से न्यायिक कार्य से विरत रहकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिवक्ताओं की मुख्य मांग भ्रष्टाचार पर रोकथाम तथा वर्षों से तैनात कर्मचारियों और अधिकारियों का स्थानांतरण है। धरना-प्रदर्शन जारी रहने के बावजूद जब प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तब लहरपुर के वकीलों ने जिले की अन्य बार एसोसिएशंस से समर्थन की अपील की। उसी क्रम में आज बिसवां के अधिवक्ताओं ने उनके आंदोलन को समर्थन देते हुए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अनिल अवस्थी, वीरेन्द्र शुक्ला, रेनू राजपूत, इंद्रपाल वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, ओमजी मिश्रा, सर्वेश मोहन श्रीवास्तव सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

सेवा पखवाड़ा पर खैराबाद नगर पालिका ईओ ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

सीतापुर। खैराबाद नगर पालिका परिषद द्वारा आज बुधवार को स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएचसी खैराबाद में सफाई कार्यक्रम में प्रेम शंकर गुप्ता व नगरपालिका कर्मियों द्वारा खैराबाद सामुदायिक केंद्र पर झाड़ू लगाकर शुरुवात की गई।इस अवसर पर पालिका कर्मियों व सभासदों, अधिकारियों और स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। इस वर्ष अभियान का थीम स्वच्छोत्सव रखा गया है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने कहा कि नगर की स्वच्छता सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अभियान में सहयोग की अपील की ईओ प्रेम शंकर गुप्ता ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इसमें संसाधनों की बर्बादी रोकने, पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने का संकल्प शामिल था। साथ ही पेपर, जूट व कपड़े के बैग के इस्तेमाल, वृक्षारोपण तथा जल संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नगरपालिका कर्मचारी व सम्मानित जन उपस्थित रहे।

आकस्मिक दबिश में 67ली अवैध कच्ची शराब बरामद

अमेठी। प्रदेश भर में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में बुधवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम-ब्रम्हनी, जियापुर, शेखन गांव, सनहा, गुन्नौर, रेसी में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र-तिलोई में थानाक्षफुरसतगंज, इन्हौना के अंतर्गत ग्राम-ब्रम्हनी, जियापुर, शेखन गांव से कुल 67 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व 350कि.ग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 3अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई!एवं आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में रानी सागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तिलोई मय स्टॉफ मनोज कुमार, सुबोध कुमार, कौशल सिंह आदि दबिश में सम्मलित रहे।

दुकानदार से मारपीट करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में बुधवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान थाना अमेठी से संबंधित अभियुक्तों हिमांशू सिंह पुत्र हरिकेश बहादुर सिंह निवासी ग्राम बन्नाटीकर थाना गौरीगंज, मो समीर पुत्र मो शहजाद निवासी ग्राम असैदापुर थाना गौरीगंज, विकास सिंह पुत्र हरिकेश बहादुर सिंह निवासी ग्राम बन्नाटीकर, अंश सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी ग्राम बन्नाटीकर, शुभम सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी ग्राम टिकरी थाना व जनपद अमेठी, तथा सूरज पुत्र रामअवध चौहान निवासी वार्ड नं. 2 कस्बा व थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त एक कार बिना नं प्लेट पर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही की गई। थाना अमेठी पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के संबंध में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विश्वकर्मा पूजा पर अनुष्ठान एवं पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

जगत शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर डलमऊ क्षेत्र के विभिन्न कारखानों एवं औद्योगिक संस्थानों सहित कलपुर्जों व निर्माण कार्यों में लगे विभिन्न संस्थाओं में वैदिक रीति रिवाज से भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई तथा हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर डलमऊ कस्बे के बप्पा देवता दीन अग्रहरि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पूरे विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना एवं हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया और भगवान विश्वकर्मा से व्यापार में प्रगति जीवन में समृद्धि की प्रार्थना करते हुए विश्व कल्याण की कामना की गई संस्थान के अध्यापक एवं विद्यार्थियों ने कामकाजी उपकरणों की पूजा अर्चना की कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद आदि का वितरण किया गया संस्थान के संस्थापक रामनिवास वैश्य ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा जगत के शिल्पकार हैं उनकी पूजा से हम सबको प्रेरणा मिलती है तथा उनके आशीर्वाद से सभी कार्यों में सफलता मिलती है। इस मौके पर विद्यालय परिवार के राजेंद्र वैश्य डायरेक्टर, सुमन गुप्ता, सरला वैश्य या प्रबंधक शक्तिमान वैश्य, प्रशिक्षक बीबी सिंह, महेंद्र सिंह, शैलेंद्र कुमार, राम बिहारी वाजपेई, उदयभान सिंह एवं बड़ी संख्या में छात्र व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पावर हाउस में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

महराजगंज, रायबरेली। तेंतीस ग्यारह केवी ओसाह पावर हाउस पर भी विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाई गई अवर अभियंता ने मुख्य बेदी पर बैठकर विधि विधान से पूजा अर्चना किया। इस मौके पर अवर अभियंता हरिओम रवि श्रीवास्तव राजाराम बृजेश दिनेश रईस मौजूद रहे ।

धूमधाम से मनाई गई स्कूल में विश्वकर्मा जयंती

सरेनी, रायबरेली। धूरेमऊ रोड स्थित प्रतिष्ठित संस्थान ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल सरेनी में विश्वकर्मा जयंती का कार्यक्रम बहुत धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य गौरव तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मा के मानस पुत्र हैं और इन्हें सृष्टि का प्रथम वास्तुकार माना जाता है। उनकी गणना पंच देवों में की जाती है और वे दिव्य निर्माणों के अधिपति हैं। विश्वकर्मा जी को कई चमत्कारी और दिव्य निर्माणों के लिए जाना जाता है – स्वर्गलोक, इंद्रपुरी, अमरावती, पुष्पक विमान, द्वारिका नगरी, इंद्र का वज्र, शिव जी का त्रिशूल, विष्णु का सुदर्शन चक्र और कुबेर का पुष्पक रथ भी इनके निर्माण माने जाते हैं। स्कूल प्रबंधक अनूप तिवारी ने उपस्थित समस्त छात्र/ छात्राओं एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को हाफ ईयरली एग्जाम की तैयारी में लग जाने के लिए सावधान किया। इस अवसर पर सुरेश कुमार, नैंसी, दिव्यांशी यादव, ज्योती, साधना शर्मा, मानसी कुशवाहा, राखी तिवारी, अयांश, अभिनव, आकृति यादव, अनुष्का, शिवांशी, आराध्या गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

चेयरमैन प्रतिनिधि एवं प्रभात युवा शक्ति ने मनाया नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस

महराजगंज, रायबरेली। नगर पंचायत सभागार में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस धूमधाम के साथ चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता प्रभात साहू एवं प्रभात युवा शक्ति के संयुक्त तत्वावधान मे मनाया गया। नरेंद्र मोदी के चित्र को रखकर उन्हें मिठाई खिलाई गई और तुम जियो हजारों साल साल के दिन हो 50000 जैसे गीत भी गए गए तो वहीअध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा नरेंद्र मोदी ने समूचे विश्व को दिखा दिया है कि नेतृत्व किसे कहते हैं आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है तो वहीं भारत का विश्व में डंका बज रहा है इस तरह के प्रधानमंत्री देश को बहुत कम मिले हैं और लगातार भारत देश तरक्की पर तरक्की किया जा रहा है चाहे वह पाकिस्तान को नीचा दिखाना हो या चंद्रमा पर पहुंचना हो बहुत ऐसे कार्य मोदी जी के नेतृत्व में किए गए हैं जिसे युगों तक लोग याद रखेंगे प्रभात युवा शक्ति के अध्यक्ष के साहू ने कहा नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्य बहुत ही सराहनीय है उन्होंने देश को एक दिशा दी जिस पर आज देश लगातार आगे बढ़ते हुए नई ऊंचाइयों को छू रहा है इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह सहित सैकड़ो भाजपाई और प्रभात युवा शक्ति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

नई सोच नया दल संगठन की बैठक संपन्न

- संगठन का उद्देश्य लोगों की मदद करना है: अभितोष मिश्रा

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

परिवार हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है यह कहना है रायबरेली जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंभी गांव के रहने वाले अभितोष मिश्रा का जिन्होंने अपने परिवार व समाज के साथ युवा पीढ़ी को एक नई दिशा देने के लिए नई सोच नया दल नामक एक संगठन शुरू किया है. इस संगठन की शुरुआत उन्होंने अपने गृह जनपद रायबरेली से की है। इस दौरान हरचंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित न्यू नरेश स्वीट हाउस में अपने गांव के संभ्रांत व्यक्तियों युवाओं एवं अपने शुभ चिंतकों के साथ पहुंच कर केक काटा साथ ही उन्होंने एक संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया था जिसमें लखनऊ से पहुंचे सिंगर सौरभ सिंह ने देश भक्ति गानों से समां बांध दिया जिससे मौजूद लोगों ने खूब इंजॉय किया आपको बताते चलें कि 14 सितंबर को रायबरेली जनपद के हरचंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित न्यू नरेश स्वीट हाउस परिसर में नई सोच नया दल के संगठन के नेतृत्व करता अभितोष मिश्रा ने कहा की यह कोई राजनीतिक संगठन नहीं है। इस संगठन का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ युवाओं बुजुर्गों की हर संभव मदद करना है यदि कोई भी किसी परेशानी में है तो या संगठन उन लोगों को यथा संभव मदद करेगा। इस दौरान कार्यक्रम में सौरभ पाण्डेय, डा राम कुमार मिश्रा विष्णु मिश्रा, आलोक दीक्षित, सावित्री मिश्रा, बबलू, प्रशांत दीक्षित, संदीप पाठक सहित अन्य संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

कांग्रेसियों को राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का पुतला फूंकना पड़ा भारी

रायबरेली। कांग्रेसियों को राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का पुतला फूँकना भारी पड़ गया। कोतवाली पुलिस ने कांग्रेसी नेता आमीन पठान समेत दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसी के विरोध में कॉग्रेसियों ने आज कलक्टरेट पहुँच कर प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। कॉग्रेसियों का कहना है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार अभिव्यक्ति की

- कांग्रेसी नेता आमीन पठान समेत दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्रता पर अंकुश लगा रही है। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री ने इस मौके पर कहा कि सरकार के एक मंत्री ने पिछले दिनों राहुल के विरोध में सड़क पर धरना दिया और उनका चित्र जलाया। जबकि कोतवाली में फ़र्ज़ी मुकदमा कॉग्रेसियों के खिलाफ दर्ज कराया गया जिसे लेकर हमारी मांग है कि उसे वापस लिया जाये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी लड़ाई लड़ना जानती है और इसे लेकर लड़ेगी। आरोप है कि पिछले दिनों राहुल गांधी का काफिला रोके जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने राज्य मंत्री दिनेश सिंह का पुतला फूका था। इसी आशय की कोतवाली में तहरीर देते हुये भाजपा कार्यकर्ता आशीष पाठक ने मुकदमा दर्ज कराया था।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को आगे बढ़ा रहे: अचिन मेहरोत्रा

- संपूर्ण विश्व में बज रहा भारत का डंका
- मोदी के नेतृत्व में भारत में हुआ तेजी से विकास

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वे निरंतर राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को आगे बढ़ा रहे। राष्ट्र प्रथम विचारधारा के तहत ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेजी से देश में विकास योजनाओं को लागू कर रहे हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने अपने कैंप कार्यालय पर कही।

वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष पर अपने कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र पर टीका लगाकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को मिठाइयां बांटी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा में लगा हुआ है। प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्र को प्रथम बनाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहा है। हर कार्यकर्ता राष्ट्र को मजबूत बनाने में और राष्ट्र के उत्थान में अपना अभूतपूर्व सहयोग दे रहा है। अपने जन्मदिन पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को योजनाओं के कई तोहफे दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही संपूर्ण विश्व में भारत का अलग ही स्थान बना हुआ है। आज का भारत सशक्त भारत है। देश के दुश्मन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को देखकर थर-थर कांपते हैं। देश के विकास के साथ देश की सीमाओं की सुरक्षा को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजबूत किया है। आज हमारी सेनाएं दुश्मन को घर में घुसकर मुंह तोड़ जवाब देती हैं। इस मौके पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान भी चलाया। स्वच्छताङ्घअभियान के तहत सीतापुर के नगर 1 मंडल के शक्ति केंद्र तामसेनगंज की बूथ संख्या 243 पर प्रदेश के गौरव स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद गुप्ता जी की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान किया। प्रतिमा स्वच्छता के साथ ही माल्यार्पण कर स्वर्गीय राजेंद्र गुप्त को याद किया।अपने कैंप कार्यालय पर नरेंद्र मोदी की फोटो पर टीका लगाकर एवं सभी कार्यकर्ताओं को मीठा खिलाकर प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उपस्थित जितेंद्र मेहरोत्रा,सिद्ध गोपाल मेहरोत्रा, कुलदीप कुमार, टंडन जी, उत्तम पाण्डेय, अनमोल पाल,महेश वर्मा, राजा श्रीवास्तव, सुबोध मिश्रा, कमलेश मेहरोत्रा, राजू, निर्मल शुक्ला, अजय मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

कच्ची दीवार गिरने से मासूम की दबकर मौत



अमेठी, समृद्धि न्यूज़। लगातार हो रही बारिश ने बुधवार को थाना क्षेत्र बाज़ार शुकुल के अंतर्गत इंदरिया गांव में एक परिवार की खुशियां छीन लीं। इंदरिया गांव में सुबह लगभग 9:45 बजे कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। इस हादसे में घर के भीतर खेल रहे 2 वर्षीय मासूम दिव्यांश की मलबे में दबकर मौके पर ही मौत हो गई। परिवार जन के अनुसार सुबह घर में पितृपक्ष की पूजा की तैयारी चल रही थी। दिव्यांश की मां रामकुमारी रसोई में खाना बना रही थीं, जबकि पिता जगजीवन विश्वकर्मा नहाने गए थे। इसी बीच दिव्यांश घर के भीतर खेल रहा था और उसके भाई-बहन शिवांश (4), आयांश (5) और ज्योति (12) बाहर खेल रहे थे। अचानक दीवार गिरने से दिव्यांश मलबे के नीचे दब गया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार तीन दिन से हो रही बारिश से दीवार कमजोर हो गई थी। हल्की बारिश थमने के कुछ ही देर बाद यह दर्दनाक हादसा हो गया। घर के बाहर चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। सूचना पर लेखपाल वीरेंद्र प्रजापति मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आपदा राहत हेतु रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी है और पीड़ित परिवार को आवश्यक मदद का आश्वासन दिया है।

सेवा भाव से मनाया गया पीएम मोदी जन्मदिवस

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस सेवा भाव से मनाया गया इस अवसर पर शहर के महावीर पार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष/ सदस्य विधान परिषद संतोष सिंह व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा किया गया। तत्पश्चात सीतापुर अटल चौक पर स्वच्छता अभियान के तहत मुख्य अतिथि संतोष सिंह(प्रदेश उपाध्यक्ष)व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला और भाजपा नेताओं द्वारा साफ सफाई की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस सेवा भाव से मनाती है पार्टी का उद्देश्य है की सेवा भाव का पालन करते हुए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर उनके विजन के साकार होने की कामना करता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घजीवी होने की कामना करता है। साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि आज का दिन हम सब के लिए जहां सेवा समर्पण का दिन है वही बहुत गौरव का दिन है क्योंकि आज ही के दिन हम सब के नेता नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस है और आज के दिन हम सब कार्यकर्ता अपने नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करने का प्रण लेते हैं । जिससे हमारा भारत 2047 तक विश्व गुरु की उपाधि प्राप्त करें। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सचिन मिश्रा के नेतृत्व में युवा मोर्चा व अन्य लोगों द्वारा 79 यूनिट ब्लड डोनेट भी किया गया ब्लड डोनेशन अनीता चैरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंक द्वारा डॉक्टर सौरभ रावत की देखरेख में किया गया। सेवा पखवाड़ा के प्रारंभ के इस कार्यक्रम में नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु अभियान संयोजक रोहित सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया पीएम मोदी का 75वां जन्मदिन

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

तहसील क्षेत्र मुसाफिरखाना के मानव सेवा संघ में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 75 वाँ जन्मदिन भाजपा महिला मोर्चा के मूर्ता भरद्वाज के नेतृत्व में मनाया गया। जिसमें मंडल अध्यक्ष रामगोपाल कौशल की अध्यक्षता में केक काटा गया। और उन्होंने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि आज नरेंद्र मोदी जी का 75 व जन्मदिन मनाया जा रहा है, जिसमें भाजपा युवा नेता राहुल कौशल विद्यार्थी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वाँ जन्मदिन मनाया जा रहा है, बहुत ही मनमोहक दृश्य हैं मेरी शुभकामना है कि प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी ने हर साल अपना जन्मदिन किसी न किसी कल्याणकारी योजना को शुरू करने या अन्य जन कल्याण के कार्यक्रम के साथ मनाया है ,प्रधानमंत्री मोदी इसी तरह हमारे देश को चलाते रहें, आप जियो हजारों साल। जिसमें अरविंद कसेरा, बलराम कुमार अग्रहरी, शकुंतला, गीत, नीलम राणा, अमन पांडेय, सोनू पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार कार्यक्रम हुआ आयोजित

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार कार्यक्रम का आयोजन चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया तथा कार्यालय परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को स्वच्छता बनाए रखने एवं समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, रुचि सिंह, रोशन लाल, बेबी सिंह के साथ-साथ हब एंपावरमेंट लैब से ऋषि यादव, राकेश यादव, जानवी, लक्ष्मी गुप्ता, अंतिमा शुक्ला एवं आरती यादव ने सक्रिय सहयोग दिया।

नाम बदल पुलिस के विरुद्ध झूठे प्रार्थना पत्र देने वाला गिरफ्तार



अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को देर शाम थाना जायस पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अभियुक्त मेराज खान पुत्र सिराज खान निवासी जेर मस्जिद कस्बा व थाना जायस जनपद गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसके द्वारा थाना जायस पुलिस एवं अन्य विभागों के विरुद्ध अनूप जैन, पंकज अग्रवाल, शुभम त्रिपाठी, मोहन यादव व सौरभ सिंह के नाम से जायस पुलिस के विरुद्ध व्यापारियों के शोषण के सम्बन्ध में झूठा प्रार्थना पत्र, रवि कुमार के नाम से झूठे मुकदमें व धन उगाही के सम्बन्ध में झूठा प्रार्थना पत्र एवं पंकज मिश्रा पुत्र अनुराग मिश्रा के नाम से गौ तस्करी व धन उगाही के सम्बन्ध में शासन व उच्चाधिकारियों को झूठा प्रार्थना पत्र रजिस्ट्री के माध्यम से प्रेषित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके विरुद्ध थाना जायस पर धोखाधड़ी, हत्या, गैंगेस्टर एक्ट व अन्य धाराओं में कुल 10 अभियोग पंजीकृत है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है :
क्र.सं. : 1, निविदा सं. : वमंविइं-टीआरडी-लजं-ओटी-168, **कार्य का विवरण :** लखनऊ मंडल में दो साल के लिए (TSS, SP/SSP, AT's आदि) PSI संसाधनों का आउटसोर्सिंग, **ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय :** 14.10.2025 व 15.00 बजे, **ई-निविदा खुलने की तिथि व समय :** 14.10.2025 व 15.30 बजे, **अनुमानित लागत :** रु. 4,29,67,134.46, **बयाना राशि :** रु. 3,64,800.00, **निविदा मूल्य :** रु. 0.00, **कार्य सम्पादन की अवधि :** 24 माह।
नोट :- 1. इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। 2. विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।
वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, मुजाधि/विद्युत-137 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

संतुलनकारी हस्तक्षेप

वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का केंद्र सरकार और विपक्ष दोनों ने ही स्वागत किया है। एक संवेदनशील संतुलन बनाते हुए न्यायालय ने अधिनियम के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगा दी है। जिसमें एक वह खंड भी शामिल है, जो यह निर्धारित करता है कि पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाले लोग ही किसी संपत्ति को वक्फके रूप में समर्पित कर सकते हैं। हालांकि, न्यायालय ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि 'अनुमान हमेशा किसी कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होता है।' बहरहाल, सत्तारूढ़ भाजपा इस बात से राहत महसूस कर रही है कि अब इस अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किए जाने का खतरा नहीं है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कानून के पीछे विभाजनकारी एजेंडा उजागर हुआ है। दरअसल, सरकार ने अप्रैल में लागू किए इस कानून को देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन के लिये एक 'धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से लागू करने की बात कही थी। निस्संदेह, वक्फ बोर्डों पर वर्षों से लग रहे भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, अतिक्रमण, संपत्ति की अवैध बिक्री और हस्तांतरण आदि के आक्षेपों को देखते हुए, प्रशासन में सुधार के लिये नियंत्रण और संतुलन स्थापित करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों को यह आशंका रही है कि तथाकथित सुधारों का दुरुपयोग वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने और यहां तक कि संपत्तियों को जब्त करने के लिये किया जा सकता है। उनकी दृष्टि में एक विवादास्पद प्रावधान केंद्रीय वक्फपरिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से संबंधित रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे सदस्यों की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया है। कहा गया कि कानून में पर्याप्त सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन न हो सके। दरअसल, विगत में विपक्ष आशंका जताता रहा है कि यह अधिनियम ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे सकता है और सांप्रदायिक सद्भाव के लिये खतरा बन सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि न्यायालय का अंतिम आदेश कानून से जुड़ी ऐसी तमाम आशंकाओं का समाधान कर सकेगा। देश के मौजूदा परिदृश्य में सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिये वक्फ की समृद्ध क्षमता का दोहन करने पर राजनीतिक और धार्मिक सहमति बनाने की आवश्यकता है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह से तार्किक आधार रखता है, जिसे संतुलन के हस्तक्षेप की संज्ञा दी जा रही है। जिससे मुस्लिम पक्ष की कतिपय आशंकाओं को दूर करने का ही प्रयास हुआ है। निःसंदेह, शीर्ष अदालत द्वारा किए गए संशोधन में संविधान की मूल भावना का ध्यान रखा गया है। इसके अतिरिक्त कोर्ट ने उन प्रावधानों पर भी रोक लगायी है, जो जिलाधिकारी या सरकारी अधिकारी को यह तय करने की शक्ति देते थे कि कोई वक्फसंपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। दरअसल, शीर्ष अदालत का मानना था कि जिलाधिकारी कार्यपालिका का अंग ही होता है। अगर उसे यह शक्ति दी जाती है तो यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ होगा। जिसके मूल में यह सोच रही है कि लोकतंत्र के तीन आधारभूत स्तंभों विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन कायम रह सके। जाहिर है कि एक स्तंभ को अधिक शक्तियां मिलने से उसके निरंकुश व्यवहार करने की आशंका बनी रह सकती है। इसके अलावा वक्फकरने के न्यूनतम पांच बरस तक इस्लाम के अनुयायी होने वाले प्रावधान के सत्यापन हेतु राज्य सरकारों से नियम बनाने की जरूरत भी बतायी और तब तक इस प्रावधान पर रोक की बात कही। इस दिशा में राज्य सरकारों को विषय की संवेदनशीलता के मद्देनजर कदम उठाने की जरूरत है। बहरहाल, इस मुद्दे पर विपक्ष व कुछ मुस्लिम संगठनों के विरोध का जो आधार रहा है, उन मुद्दों को संवेदनशील ढंग से संबोधित करने का प्रयास शीर्ष अदालत ने किया है। दरअसल, अदालत ने विधायिका की सीमाओं में हस्तक्षेप किए बिना न्यायिक तार्किकता को प्राथमिकता दी है।

पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण : भारत की बौद्धिक अस्मिता का संकल्प

डॉ. सत्यवान सौरभ

पांडुलिपियाँ केवल अतीत का बोझ नहीं, बल्कि भविष्य का मार्गदर्शन हैं। वे हमें यह सिखाती हैं कि ज्ञान कभी स्थिर नहीं रहता। उसे समयानुकूल सुरक्षित, संरक्षित और साझा करना आवश्यक है। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमारी धरोहर केवल संग्रहालयों में बंद रह जाएगी और दुनिया उससे वंचित रह जाएगी। डिजिटलीकरण उस सेतु का काम करेगा जो अतीत की गहराई को भविष्य की संभावनाओं से जोड़ता है। निःस्संदेह, पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण एक लंबा और कठिन कार्य है। परंतु यह वही कार्य है जिससे हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और बौद्धिक स्वाभिमान जुड़ा हुआ है। यह केवल किताबों और कागज़ों को सुरक्षित रखने का प्रश्न नहीं है, बल्कि हमारी आत्मा और पहचान को बचाने का संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन कि डिजिटलीकरण "बौद्धिक चोरी" को रोकेगा, समय की पुकार है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार, समाज और तकनीकी विशेषज्ञ मिलकर इसे राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दें। पांडुलिपियाँ हमारी स्मृति हैं। उनका डिजिटलीकरण हमें यह विश्वास दिलाता है कि भारत केवल अतीत की भूमि नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा भी है। जब हम अपने ज्ञान को संरक्षित करेंगे और उसे आधुनिक तकनीक से दुनिया तक पहुँचाएँगे, तब सचमुच भारत उस स्थान पर पहुँचेगा जहाँ वह सदियों से होना चाहिए था—ज्ञान का वैश्विक नेतृत्वकर्ता।

भारत ऐसा देश है जिसकी पहचान उसकी सभ्यता और सांस्कृतिक परंपरा से होती है। यहाँ हजारों वर्षों से ज्ञान की धारा निरंतर बहती रही है। वेदों और उपनिषदों से लेकर आयुर्वेद, गणित, खगोल, साहित्य और संगीत तक, हमारी पांडुलिपियों ने विश्व को वह दिया है जो आज भी अद्वितीय और अनुपम है। किंतु इस धरोहर को व्यवस्थित ढंग से सुरक्षित करने और दुनिया तक पहुँचाने में हम बार-बार चूकते रहे। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हालिया कथन कि पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण बौद्धिक चोरी को रोकेगा, अत्यंत प्रासंगिक और दूरदर्शी है। यह कथन केवल तकनीकी समाधान की ओर इशारा नहीं करता, बल्कि हमारी सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा का संकल्प भी है।

भारतीय पांडुलिपियाँ केवल कागज़ या ताड़पत्र पर लिखे शब्द नहीं हैं। वे समाज की स्मृति हैं, परंपराओं की कहानी हैं और ज्ञान की धरोहर हैं। इनमें विज्ञान, चिकित्सा, खगोल, दर्शन और कला से लेकर जीवनशैली तक का संपूर्ण अनुभव सुरक्षित है। आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आज भी ऐसी औषधियों और चिकित्सा विधियों का उल्लेख मिलता है जिनकी प्रासंगिकता आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी मानता है। गणित और खगोल से संबंधित पांडुलिपियों में शून्य, दशमलव और ग्रह-नक्षत्रों की गति का इतना विस्तृत विवरण है कि पश्चिमी जगत ने उनसे प्रेरणा लेकर अपने वैज्ञानिक शोध को दिशा दी। संगीत और नृत्य की पांडुलिपियाँ हमारी कलात्मक परंपरा को जीवित रखने का आधार हैं।

दुर्भाग्य यह रहा कि इन पांडुलिपियों की रक्षा के मामले में हम लापरवाह साबित हुए। उपनिवेशकाल में अंग्रेज और अन्य यूरोपीय विद्वान यहाँ से अनगिनत ग्रंथ ले गए। उन्होंने उनका अध्ययन किया और कई बार उनके अनुवाद अपने नाम से प्रकाशित करा लिए। योग और ध्यान की पद्धतियाँ, जो भारत की आत्मा हैं, विदेशों में अलग रूप में प्रस्तुत की गईं और उनसे भारी व्यावसायिक लाभ उठाया गया। आयुर्वेदिक नुस्खों और औषधीय पौधों पर विदेशी पेटेंट दर्ज हुए। हल्दी और नीम जैसे सामान्य ज्ञान पर भी कंपनियों ने अपना अधिकार जताने का प्रयास किया। यह सब हमारे लिए चेतावनी है कि यदि हम अपने ज्ञान की रक्षा नहीं करेंगे, तो दुनिया उसे हड़प लेगी।

यही वह संदर्भ है जिसमें डिजिटलीकरण का महत्व बढ़ जाता है। जब कोई पांडुलिपि डिजिटल रूप में दर्ज होगी तो उसका स्रोत और स्वामित्व स्थायी रूप से भारत के नाम पर रहेगा। यह बौद्धिक चोरी रोकने का सबसे प्रभावी साधन होगा। इसके अतिरिक्त, डिजिटलीकरण से पांडुलिपियाँ सुरक्षित रहेंगी। समय, नमी, कीड़े और तापमान परिवर्तन से कागज व ताड़पत्र पर लिखी पांडुलिपियाँ क्षरण का शिकार होती हैं। डिजिटलीकरण उन्हें पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित रखेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि डिजिटलीकृत सामग्री दुनिया भर के शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को उपलब्ध होगी। भारत का ज्ञान केवल संग्रहालयों की अलमारियों में बंद न रहकर वैश्विक मंच पर जीवंत रूप में सामने आएगा।

यह कार्य आसान नहीं है। भारत में अनुमानतः पचास लाख से अधिक पांडुलिपियाँ हैं। वे अलग-अलग भाषाओं और लिपियों में लिखी गई हैं- संस्कृत, पाली, प्राकृत, तमिल, तेलुगु, मलयालम, उर्दू, अरबी, फ़ारसी और अन्य भाषाओं में। कई लिपियाँ अब प्रचलन से बाहर हैं। उन्हें पढ़ना, समझना और डिजिटलीकरण करना विशेषज्ञता की मांग करता है। प्रामाणिकता बनाए रखना भी चुनौती है। अनुवाद या डिजिटल स्कैनिंग के दौरान यदि त्रुटियाँ रह गईं तो मूल ज्ञान विकृत हो सकता है। इसके अतिरिक्त, इतने बड़े कार्य के लिए वित्तीय संसाधन, प्रशिक्षित विशेषज्ञ और आधुनिक तकनीक की भी भारी आवश्यकता होगी।

सरकार ने राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन जैसी पहल की है, जो सराहनीय कदम है। परंतु यह कार्य केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, निजी संगठनों और तकनीकी विशेषज्ञों को भी इसमें भागीदारी करनी होगी। आधुनिक तकनीक का पूरा उपयोग करना होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकें न केवल डिजिटलीकरण को आसान बना सकती हैं, बल्कि डेटा की सुरक्षा और खोजने की प्रक्रिया को भी विश्वसनीय बना सकती हैं।

यहाँ हमें वैश्विक अनुभव से भी सीखना चाहिए। यूरोप में "Europeana" परियोजना के तहत लाखों दस्तावेज और कला कृतियाँ ऑनलाइन उपलब्ध कराई गईं। अमेरिका और जापान ने भी अपनी सांस्कृतिक धरोहर का डिजिटलीकरण कर उसे वैश्विक स्तर पर साझा किया। इन प्रयासों ने उन देशों की बौद्धिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत किया। भारत यदि इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाता है, तो वह न केवल अपनी धरोहर को बचा सकेगा बल्कि विश्व को यह दिखा सकेगा कि ज्ञान की वास्तविक जन्मभूमि कहाँ है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर भूपेन हजारिका का भी स्मरण किया। यह स्मरण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि गहरी प्रतीकात्मकता रखता है। हजारिका ने अपने गीतों और संगीत के माध्यम से असम और भारत की आत्मा को स्वर दिया। उनकी रचनाएँ केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का स्रोत थीं। वे हमें यह बताते हैं कि संस्कृति जीवित रहे तो समाज जीवित रहता है। जिस प्रकार हजारिका की रचनाएँ आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देंगी, उसी प्रकार पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण हमारी बौद्धिक स्मृतियों को अमर बनाएगा।

इस संदर्भ में यह भी समझना होगा कि डिजिटलीकरण केवल संरक्षण का कार्य नहीं है। यह राष्ट्रीय पुनर्जागरण का अभियान है। जब हम अपने ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़ेंगे, तब हम आत्मनिर्भर भारत के उस स्वप्न को साकार करेंगे, जिसमें परंपरा और नवाचार दोनों साथ चलते हैं। यह न केवल हमारी पहचान को सुदृढ़ करेगा बल्कि हमें वैश्विक मंच पर ज्ञान के वास्तविक स्वामी के रूप में स्थापित करेगा। यह ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर भी बड़ा कदम होगा।

आज की दुनिया में प्रतिस्पर्धा केवल आर्थिक संसाधनों या सैन्य शक्ति की नहीं है। प्रतिस्पर्धा इस बात की भी है कि किसके पास अधिक मौलिक ज्ञान और बौद्धिक संपदा है। यदि भारत अपनी पांडुलिपियों को डिजिटलीकृत कर उनका पेटेंट और स्वामित्व सुरक्षित कर लेता है, तो वह बौद्धिक संपदा की इस वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बन सकता है। इसके अलावा, यह हमारी युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी साधन बनेगा। जो पीढ़ी आज इंटरनेट और मोबाइल की दुनिया में पल रही है, उसे तभी अपनी परंपरा से वास्तविक परिचय मिलेगा जब वह उसे डिजिटल रूप में देखेगी, पढ़ेगी और समझेगी।

पांडुलिपियाँ केवल अतीत का बोझ नहीं, बल्कि भविष्य का मार्गदर्शन हैं। वे हमें यह सिखाती हैं कि ज्ञान कभी स्थिर नहीं रहता। उसे समयानुकूल सुरक्षित, संरक्षित और साझा करना आवश्यक है। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमारी धरोहर केवल संग्रहालयों में बंद रह जाएगी और दुनिया उससे वंचित रह जाएगी। डिजिटलीकरण उस सेतु का काम करेगा जो अतीत की गहराई को भविष्य की संभावनाओं से जोड़ता है।

निःस्संदेह, पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण एक लंबा और कठिन कार्य है। परंतु यह वही कार्य है जिससे हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और बौद्धिक स्वाभिमान जुड़ा हुआ है। यह केवल किताबों और कागज़ों को सुरक्षित रखने का प्रश्न नहीं है, बल्कि हमारी आत्मा और पहचान को बचाने का संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन कि डिजिटलीकरण "बौद्धिक चोरी" को रोकेगा, समय की पुकार है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार, समाज और तकनीकी विशेषज्ञ मिलकर इसे राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दें।

पांडुलिपियाँ हमारी स्मृति हैं। उनका डिजिटलीकरण हमें यह विश्वास दिलाता है कि भारत केवल अतीत की भूमि नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा भी है। जब हम अपने ज्ञान को संरक्षित करेंगे और उसे आधुनिक तकनीक से दुनिया तक पहुँचाएँगे, तब सचमुच भारत उस स्थान पर पहुँचेगा जहाँ वह सदियों से होना चाहिए था—ज्ञान का वैश्विक नेतृत्वकर्ता।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

विचार

शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में संतुलन का विज्ञान

डॉ. अजीत रानाडे

आयुर्वेद केवल रोगों के उपचार की पद्धति नहीं है, अपितु यह जीवन, स्वास्थ्य और संतुलन का एक समग्र विज्ञान है। यह मनुष्य को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्तर पर स्वस्थ रखने का मार्ग दिखाता है। ऋग्वेद और अथर्ववेद में आयुर्वेद का ज्ञान बीज रूप में उपलब्ध है। जबकि चरक संहिता, सुश्रुत संहिता और वाग्भट का अष्टांगहृदय इसके प्रमुख ग्रंथ हैं। आयुर्वेद का मूल उद्देश्य जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य और दीर्घायु को सुनिश्चित करना है। उपचार और जीवनशैली सुधार के लिए यह व्यक्ति-केंद्रित चिकित्सा को महत्व देता है।

आयुर्वेद में प्रत्येक व्यक्ति की प्रकृति जन्म से निर्धारित होती है, जो त्रिदोष वात, पित्त और कफके अनुपात पर आधारित होती है। यह प्रकृति व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और रोग-संवेदनशीलता की मूलभूत विशेषताओं को निर्धारित करती है। संतुलित दोष स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं, जबकि असंतुलन रोग उत्पन्न करता है। इसी प्रकार त्रिगुण सत्व, रज और तम मानसिक प्रवृत्ति को नियंत्रित करते हैं। आयुर्वेदिक दृष्टिकोण में स्वास्थ्य का मूल्य केवल शारीरिक स्थिति तक सीमित नहीं है। सुखी जीवन का अर्थ है शरीर और मन का संतुलन, इंद्रियों का सम्यक् कार्य, उत्साह, तेज और आत्मबल से युक्त पूर्ण व्यक्तित्व, समाज में सम्मान और उत्तरदायित्व का निर्वाह। इसके विपरीत दुखी जीवन रोग, मानसिक असंतुलन और सामाजिक अस्थिरता से ग्रस्त माना गया है। आयुर्वेद धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष पुरुषार्थ चतुष्टय का मार्गदर्शक भी है। धर्म नैतिक और सामाजिक मूल्यों की शिक्षा देता है, अर्थ आर्थिक समृद्धि का आधार है, काम जीवन की इच्छाओं और संतोष का मार्ग है तथा मोक्ष आत्मशांति और पूर्णता की दिशा दिखाता है। इस प्रकार आयुर्वेद जीवन को पूर्णता की ओर ले जाने वाला विज्ञान है। आयुर्वेदिक औषधियां केवल चिकित्सीय पदार्थों पर आधारित नहीं होतीं, अपितु उनका उद्देश्य स्वास्थ्य का संरक्षण और जीवन-शक्ति का पोषण भी है। अरिष्ट, आसव, अवलेह, चूर्ण, तैल, घृत और क्वाथ जैसी औषधियां सुरक्षित और प्रभावी मानी जाती हैं। आज के युग में इनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय घटकों की पहचान, शुद्धता और स्थिरता परीक्षण, क्रोमैटोग्राफिक फिंगरप्रिंटिंग और फार्माकोलॉजिकल मूल्यांकन आवश्यक हैं।

यह प्रक्रियाएं औषधियों की प्रामाणिकता और चिकित्सीय प्रभावकारिता को विश्व स्तर पर मान्यता दिलाने में सहायक हैं। चरक ने कहा है कि हितकर आहार करने वाला और इंद्रियों पर संयम रखने वाला व्यक्ति छत्तीस हजार रात्रियां अर्थात सौ वर्ष जीवित रहता है। जिस समय प्रयोगशाला परीक्षण जैसे शब्द का अस्तित्व भी नहीं था, उस समय आचार्यों ने रक्ताल्पता के लिए लौह योग का निर्देश दिया और बताया कि रक्तवर्धन में लौह से श्रेष्ठ कोई द्रव्य नहीं है। डायबिटीज का निदान बिना प्रयोगशाला के किया गया और उसके लिए औषधियां बताई गईं। बुखार में गर्म पानी, उदर रोग में ऊंटनी का दूध, यक्ष्मा में बकरी का दूध और नींद लाने में भैंस का दूध का प्रयोग – ऐसे निर्देश आयुर्वेद की अद्वितीय व्यावहारिकता दर्शाते हैं। तेल, घी और जल से बनी सब्जियां हितकर हैं, किंतु पुनः गर्म करने पर विष के समान प्रभावकारी हो जाती हैं। त्रिफला सुबह जल के साथ लेने पर मोटापा घटाता है और रात को शहद के साथ लेने पर नेत्रों के लिए लाभकारी होता है। यह औषधियों की बहुप्रभाविता का उत्कृष्ट उदाहरण है। विष का प्रभाव ऐसा है जैसे जलता हुआ घर, जिसे तुरंत बचाने का प्रयास करना चाहिए। यानी उसी तरह विष की चिकित्सा के प्रति प्रयत्नशील रहना चाहिए। जैसे कमलपत्र पर जल नहीं ठहरता उसी तरह स्वर्ण सेवन करने वाले पर विष का प्रभाव नहीं ठहरता। आत्ययिक रोग (अचानक आया गंभीर रोग) जैसे हिक्का और श्वास रोग विष की भांति तुरंत फैलते हैं। गर्भावस्था में सावधानी का निर्देश समझाने के लिए कहा है कि जैसे किसी को तेल से भरे पात्र को बिना हिलाए ले कर जाना होता है उसी तरह गर्भवती की देखभाल करनी चाहिए। ग्रंथों में नीम हकीम के खतरे को स्पष्ट किया गया है।

कहा गया है कि अकुशल शासन के कारण ही नीम हकीम पनपते हैं। इस प्रकार की प्रक्रिया को तांबे का विष पीने से भी अधिक घातक बताया गया है। यह भी कहा गया है कि इन्द्र के वज्र गिरने से कोई बच सकता है लेकिन नीम हकीम से चिकित्सा कराने वाला व्यक्ति नहीं बचता। आयुर्वेद ने नया अनाज रोगकारक बताया है। एक वर्ष पुराना धान्य हितकारी है, जबकि दो वर्ष से अधिक पुराना शक्तिहीन हो जाता है। गुड़ पुराना होने पर बवासीर में लाभकारी है और पुराना घी मानसिक रोगों का नाश करता है। भोजन से पहले घी का सेवन पत्थरी रोग में लाभ पहुंचाता है जबकि श्वास, कास, सिरदर्द व राजयक्ष्मा में भोजन के बाद घी का पान करने का निर्देश है। आयुर्वेद की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके सिद्धांत कभी बदलते नहीं। च्यवनप्राश पहले भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता था, आज भी बढ़ाता है और भविष्य में भी बढ़ाएगा।

आंवला और हल्दी का मिश्रण डायबिटीज में लाभकारी था, है और रहेगा। रात्रि में दही का सेवन पहले भी निषिद्ध था और आज भी है। आयुर्वेद ने निद्रा को जीवन का मूल आधार माना है। सुख-दुःख, पुष्टता-कृशता, बल-अबल, ज्ञान-अज्ञान, यहां तक कि जीवन और मृत्यु भी निद्रा पर ही निर्भर हैं। यदि निद्रा का सेवन असमय, अनुचित मात्रा में या अत्यधिक किया जाए अथवा बिल्कुल न किया जाए, तो यह सुखी जीवन का नाश कर देती है और मृत्यु के समान घातक सिद्ध होती है। इसके विपरीत, समयानुकूल, संतुलित और नियमित निद्रा शरीर और मन दोनों को सुखी, स्वस्थ और दीर्घायु बनाती है। यह बल, प्रजनन-शक्ति, स्मरण-शक्ति और जीवन-ऊर्जा की जननी है। आयुर्वेद केवल औषधियों और उपचारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन की समग्र दृष्टि है। आयुर्वेद दिवस पर हमें यह स्मरण करना चाहिए कि यह परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं है, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी मार्गदर्शक है। वैज्ञानिक प्रमाणीकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से यह संपूर्ण मानवता के लिए स्थायी और प्रभावी स्वास्थ्य समाधान प्रस्तुत कर सकता है।

तर्पण

माता पिता के आशीर्वाद से मिल रही हर कार्य में सफलता


स्वर्गीय मुरलीधर गुप्ता

स्वर्गीय रामवती गुप्ता

आदेश कुमार गुप्ता

छिबरामऊ, कन्नौज। मूल रूप से हमारा परिवार जिला फर्रुखाबाद के गांव पतौजा का निवासी था। जब मैं 2 साल का था तभी मेरे पिता मुरलीधर गुप्ता का निधन हो गया। मेरी माता रामवती ने हमारा पालन-पोषण कर शिक्षित व संस्कारित बनाया। वह बताया करती थी पिताजी गांव में ही खाद कपड़ा व सराफा आदि छोटे व्यापार करते थे। उनका पूरा जीवन संघर्षों में बीता। जरूरतमंद गरीबों की मदद करना, गरीब बेटियों की शादी में सहयोग करना और गांव के मामूली विवाद पंचायत करके निपटा देना उनके स्वभाव में था। मेरा परिवार 1971 में छिबरामऊ आ गया था। यहां हीरालाल कॉलेज से इंटर, नेहरू कालेज से बीए करने के बाद 2 साल तक कानपुर में वकालत की पढ़ाई की लेकिन पारिवारिक परिस्थितियों के चलते उसे अधूरा ही छोड़ कर वापस आ गया। हमसे बड़े भाइयों रमेश चंद व दिनेश चंद का निधन हो चुका है। वर्ष 2015 में मेरी माता जी भी गोलोक धाम चली गईं। मैंने नवीन मंडी में कारोबार शुरू किया। माता पिता के आशीर्वाद से मुझे हर कार्य में सफलता मिल रही है। मेरा पुत्र सत्यम गुप्ता सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है। वह भारतीय किसान यूनियन भानु का जिलाध्यक्ष भी है। मैं अपने माता पिता के बताए मार्ग पर निरंतर चलने का संकल्प लेता हूं।

पितृ पक्ष व श्रध्दा के महापर्व पर उनको शत-शत नमन

आदेश कुमार गुप्ता

मुरलीराम ग्रेन स्टोर, आदेश कुमार गुप्ता, सत्यम ट्रेडिंग कम्पनी, आदर्श धर्म कांटा, नवीन मंडी छिबरामऊ



राशिफल

मेषः- मन पर नियंत्रण रख अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में केंद्रित हों। स्थिति व समय के साथ समझौतावादी रवैया अपनाएं।

वृषभः- पुरानी बातों को भूल वर्तमान के साथ समझौता करें। निर्थक छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव संभव। प्रणय संबंध के प्रति केंद्रित मन परिजनों के विरोध से दुखित होगा।

मिथुनः- उच्च मनोबल के साथ कुछ साहसी कार्यों में हाथ डालेंगे। विरोधियों की सक्रियता अपेक्षित है। किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है।

कर्कः- आर्थिक क्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेमर मन चिंतित होगा। आलस्य का त्याग करें।

सिंहः- गुणवत्ता एवं बुद्धिमत्ता से समस्याओं के समाधान में सक्षम होंगे। उत्साह पूर्वक नई योजनाओं में सक्रियता बढ़ेगी। परिवार को कुशलता से चलाने में आपका विशेष योगदान होगा।

कन्याः- पारिवारिक समस्याएं बार-बार परेशान करेंगी कितुं ऐसे स्थिति में स्वविवेक सहायक सिद्ध होगा। भविष्य संबंधित कुछ चिंताएं मन को प्रभावित करेंगी।

तुलाः- कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयत्न करें। परिवार में किसी सदस्य की अस्वस्थता से मन परेशान होगा।

वृश्चिकः- किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए मन प्रयत्नशील होंगे। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में मन असमर्थ होंगे।

धनुः- पुरानी घटनाओं से मन ओतप्रोत होगा। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन में चिंता संभव। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

मकरः- पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कार्य द्वारा उसका प्राश्चित भी करें।

कुंभः- आप सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव से लोकप्रिय होंगे। शासन-सत्ता का लाभ मिलेगा। आलस्य न करें।

मीनः- नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें। बीते हुए एवं आने वाले कल के बारे में सोचना छोड़ वर्तमान में जीने का प्रयत्न करें।

वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम और देशहित की दिशा

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



भारत की न्यायपालिका का एक गौरवशाली इतिहास रहा है कि उसने हमेशा संविधान को सर्वोच्च मानते हुए निर्णय दिए हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर जो अंतरिम फैसला सुनाया, उसने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि किसी भी धार्मिक संस्था को संविधान और कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता। यह फैसला भले अभी अंतिम न हो, लेकिन इसमें दी गईं टिप्पणियाँ और निर्देश वक्फ बोर्ड की दशकों से चली आ रही मनमानी पर अंकुश लगाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, आगे के लिए अब ये तय है।

वक्फ संपत्तियों की विशालता और विवाद :- भारत में वक्फ संपत्तियों का दायरा किसी भी निजी या सरकारी संस्थान से बड़ा है। वक्फ बोर्ड के पास देशभर में लगभग 8 लाख से अधिक पंजीकृत संपत्तियाँ और 5 लाख एकड़ से अधिक जमीन है। यह क्षेत्रफल गोवा या सिक्किम जैसे छोटे राज्यों के आकार से भी बड़ा है। इतनी विशाल संपत्ति का प्रबंधन यदि पारदर्शी और जिम्मेदार तरीके से होता, तो इससे मुस्लिम समाज के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में क्रांति आ सकती थी। लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। अब तक अलग अलग कई रिपोर्ट सामने आ चुकी हैं, जिसमें यह माना गया है कि वक्फ बोर्ड की हजारों संपत्तियाँ या तो अतिक्रमित हैं या उनका इस्तेमाल उद्देश्य के विपरीत हो रहा है।

2009 में कर्नाटक वक्फ बोर्ड घोटाला सामने आया था, जिसमें 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियाँ औने-पौने दाम पर बेच दी गई थीं। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में भी वक्फ बोर्डों पर जमीनों को अवैध रूप से किराये पर देने और निजी लाभ कमाने के आरोप बार-बार उठते रहे हैं। इन उदाहरणों से साफ है कि वक्फ संपत्तियाँ केवल धार्मिक-सामाजिक सेवा का माध्यम न रहकर विवाद, भ्रष्टाचार और राजनीति का अड्डा बन चुकी थीं।

संसद की चिंता और संशोधन की आवश्यकता :- संसद में जब वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पेश हुआ, तो सत्?तापक्ष ने यह स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्डों की अनियंत्रित शक्तियों को सीमित करना जरूरी है। कई सांसदों ने उदाहरण देकर बताया कि कैसे सरकारी अस्पताल, रेलवे स्टेशन और स्कूलों की जमीनों को वक्फ घोषित कर दिया गया।

एक सांसद ने सदन में यहां तक कह दिया था, यह कैसी व्यवस्था है कि कोई भी बोर्ड यह तय कर दे कि यह जमीन वक्फ की है और असली मालिक को सालों तक अदालतों के चक्कर काटने पड़ें? विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि वक्फ संपत्तियों का सही सर्वेक्षण हो, उनका मालिकाना हक स्पष्ट हो और बोर्ड मनमाने ढंग से किसी भी जमीन पर दावा न कर सके। इसके बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने यह स्वीकार किया कि संसद द्वारा पारित कानून की संवैधानिकता का अनुमान हमेशा उसके पक्ष में होता है। इसका अर्थ है कि जब तक कानून स्पष्ट रूप से असंवैधानिक न हो, तब तक अदालत उसे निरस्त नहीं कर सकती।

अदालत ने अंतरिम आदेश में तीन अहम बातें कहीं हैं, कलेक्टर की भूमिका बनी रहेगी, वक्फ बोर्ड के दावों की जाँच अब प्रशासनिक स्तर पर भी होगी। एएसआई सर्वेक्षण पर रोक नहीं है, अतः पारदर्शिता और प्रमाण आधारित दावों को बढ़ावा मिलेगा। लिमिटेशन एक्ट लागू होना चाहिए, ताकि नागरिकों और संस्थाओं को अनिश्चितकाल तक मुकदमों के दलदल में न फँसना पड़े। यह दृष्टिकोण न केवल संविधान की भावना के अनुरूप है बल्कि यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा भी करता है।

अन्य धार्मिक संस्थाओं से तुलना :- भारत में केवल वक्फ बोर्ड ही ऐसा नहीं है जिसके पास धार्मिक संपत्तियों का प्रबंधन है। हिंदू मंदिरों और सिख गुरुद्वारों का भी बड़ा नेटवर्क है। लेकिन उनके संचालन में सरकार का नियमन अधिक स्पष्ट है। दक्षिण भारत के कई बड़े मंदिरों (जैसे तिरुपति) का प्रबंधन राज्य सरकार की निगरानी में है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी भी पंजाब सरकार और अदालतों के दिशा-निर्देशों के अधीन काम करती है। तो फिर वक्फ बोर्ड को विशेषाधिकार क्यों मिले? यही सवाल सुप्रीम कोर्ट और संसद दोनों के सामने था।

वक्फ बोर्ड की मनमानी पर रोक :- सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से वक्फ बोर्ड की सबसे बड़ी शक्ति उसकी मनमाने ढंग से संपत्तियों को वक्फ घोषित करने पर लगाम कस दी है। अब किसी भी संपत्ति पर दावा करने से पहले दस्तावेजी प्रमाण और प्रशासनिक जाँच आवश्यक होगी। यह कदम उन लाखों नागरिकों के लिए राहत है जिनकी निजी या पैतृक जमीनों पर वर्षों से वक्फ के झूठे दावे चल रहे हैं। स्वभाविक है कि जब संपत्तियों पर धार्मिक विवाद कम होंगे तो समाज में सौहार्द बढ़ेगा। देशभर की अदालतों में वक्फ संपत्तियों से जुड़े हजारों मुकदमे लंबित हैं। पारदर्शी प्रक्रिया से यह संख्या घटेगी। इस व्यवस्था से वक्फ संपत्तियों का असली लाभ गरीब और पिछड़े मुस्लिम समाज को मिल सकेगा। साथ ही लिमिटेशन एक्ट लागू होने से मुकदमे समयबद्ध होंगे और कभी भी दावा करने की प्रवृत्ति खत्म होगी।

मुस्लिम पक्ष : वास्तविकता और भ्रांतियाँ :- मुस्लिम संगठन कह रहे हैं कि इस फैसले से उनकी संपत्तियों पर खतरा बढ़ जाएगा। लेकिन सच यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संपत्तियों को छीनने का आदेश नहीं दिया, बल्कि केवल उनकी जाँच और पारदर्शिता पर जोर दिया है। यदि वक्फ बोर्ड के पास वैध दस्तावेज और प्रमाण हैं, तो उन्हें किसी भी तरह का डर नहीं होना चाहिए। उलटे इस फैसले से उनकी विश्वसनीयता बढ़ेगी, क्योंकि यह साबित होगा कि उनकी संपत्तियाँ सही तरीके से पंजीकृत और उपयोग में हैं।

इस तरह से यदि इस निर्णय की गंभीरता और सत्यता देखें तो सुप्रीम कोर्ट का यह अंतरिम आदेश केवल कानूनी पहलू नहीं है, यह एक सामाजिक संदेश भी देता है कि धार्मिक संस्थाएँ भी पारदर्शिता और जवाबदेही से परे नहीं हो सकतीं। वक्फ बोर्ड ने वर्षों तक जो मनमानी की, वह अब सीमित होगी। यह न केवल हिंदू या गैर-मुस्लिम नागरिकों के लिए राहत है, बल्कि मुस्लिम समाज के लिए भी लाभकारी है। क्योंकि जब संसाधनों का सही उपयोग होगा, तभी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान संभव होगा। यह फैसला देशहित में इसलिए भी है क्योंकि यह हमें याद दिलाता है कि भारत का संविधान सभी धर्मों को समान अधिकार देता है, लेकिन किसी को भी कानून से ऊपर नहीं मानता।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

आत्मा योजना के तहत किसानों का प्रशिक्षण सम्पन्न

मितौली खीरी। विकासखंड सभागार में आत्मा योजना के अंतर्गत किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बी.टी.एम. हरजीत सिंह ने आत्मा योजना की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए किसानों को प्रदर्शन, फॉर्म स्कूल, विजिट भ्रमण कार्यक्रम, जनपद स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रशिक्षण, साथ ही राज्य से बाहर प्रशिक्षण की जानकारी दी। किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में संदीप कुमार (द्वितीय) ने पीएम किसान योजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री तथा संतुलित उर्वरक प्रयोग की जानकारी किसानों से साझा की। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि नैमिष कुमार यादव ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन तथा धान, दलहन एवं तिलहन फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों से बचाव के उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। प्रगतिशील किसान अरुण कुमार (निवासी रसूलपुर) ने किसानों को जैविक खेती एवं आयुर्वेदिक दवाओं के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उनके पास खांसी-जुकाम से लेकर कैंसर तक के लिए आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान एवं महिला किसान उपस्थित रहे।

बंदरों की समस्या पर वन विभाग ने लिया संज्ञान, सुधांशु बाजपेई की पहल सराही गई

लखीमपुर-खीरी। ग्राम पंचायत पीरपुर (ब्लॉक कुर्मी गोला, तहसील गोला) में लंबे समय से बंदरों की बढ़ती संख्या ग्रामीणों के लिए समस्या बनी हुई है। बंदरों के हमले से अब तक दर्जनभर ग्रामीण घायल हो चुके हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए ग्राम निवासी सुधांशु बाजपेई ने आवाज़ उठाई और दिनांक 14 सितंबर 2025 को विभागीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा। सुधांशु बाजपेई की पहल पर वन विभाग, दक्षिण खीरी वन प्रभाग ने तुरंत संज्ञान लिया और पत्र जारी कर स्वीकार किया कि गाँव में बंदरों की समस्या वास्तविक है। विभाग ने स्पष्ट किया कि बंदरों को सीधे पकड़ना संभव नहीं है, लेकिन स्थानीय प्रशासन एवं पंचायत स्तर से आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने बताया कि सुधांशु बाजपेई हमेशा गाँव की समस्याओं को आगे बढ़कर उठाते हैं और प्रशासन तक पहुँचाते हैं। गाँव के बुजुर्गों और युवाओं ने उनकी इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि इसी तरह हर जागरूक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे तो समस्याओं का समाधान जल्द हो सकता है। वन विभाग के इस पत्र के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि स्थानीय प्रशासन और पंचायत मिलकर बंदरों की समस्या से निपटने के लिए ठोस कदम उठाएँगे।

पीस कमेटी की बैठक के साथ सीओ ने किया किया पैदल गश्त

निघासन, खीरी। क्षेत्र में शांति व सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी (सीओ) शिवम कुमार ने बुधवार को थाना सिंगाही क्षेत्र में पैदल गश्त किया। इस दौरान वे सिंगाही मार्केट पहुंचे और वहां सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। गश्त के दौरान सीओ ने व्यापारियों और राहगीरों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय जनता की सेवा में तत्पर है। उन्होंने पुलिस टीम को निर्देशित किया कि वे संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखें और गश्त को नियमित रूप से जारी रखें। इसी क्रम में थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया और आपसी सौहार्द बनाए रखने का संकल्प दोहराया। सीओ शिवम कुमार ने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस दौरान थाना अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह समेत थाना स्टाफ पूरी तरह सक्रिय रहा। गश्त और बैठक से क्षेत्रवासियों में भरोसा और सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई। इस दौरान कई ग्राम पंचायत के प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि, क्षेत्र के सम्मनित व्यक्ति मौजूद रहे।

दहेजलोभियों ने विवाहिता को मासूम बेटी समेत घर से निकाला, प्राथमिकी दर्ज

लखीमपुर खीरी। शहर की एक विवाहिता ने पति और ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोग शादी के बाद से ही दहेज में मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये नगद की मांग कर उसे प्रताड़ित कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला पटटीरामदास, थाना खीरी निवासी जीनत की शादी 12 जून 2023 को ग्राम देउवापुर निवासी आदिल के साथ हुई थी। विवाह के समय लड़की पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया, लेकिन पति आदिल, ससुर शाहिद, सास शमा, ननद निदा, देवर बिलाल और ददिया सास साबिरा समेत पूरे परिवार ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। जीनत का आरोप है कि ससुराल वाले लगातार उसे अपमानित करते रहे और कई बार मारपीट भी की। इसी बीच जीनत ने एक बेटी सारा को जन्म दिया, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। पीड़िता का आरोप है कि उसके ससुर शाहिद की नीयत भी खराब रहती थी और आए दिन वह उसे अशोभनीय दबाव डालता था। जब जीनत ने पति को यह बात बताई तो पति और अन्य ससुरालीजनों ने उल्टा उसे ही बुरा-भला कहना शुरू कर दिया। पीड़िता के मुताबिक घटना 1 सितम्बर 2025 को शाम करीब चार बजे की है। उस दिन पति आदिल, ससुर शाहिद, सास शमा, ननद निदा, देवर बिलाल और ददिया सास साबिरा ने मिलकर उसे गालियां दीं और लात-घूसों से पीटा। आरोप है कि इसके बाद सभी ने उसे मासूम बेटी के साथ केवल पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया और धमकी दी कि यदि दोबारा बिना दहेज के घर आई तो जान से मार देंगे। जीनत का कहना है कि उसके सारे जेवर और कपड़े ससुरालियों के पास ही रह गए हैं और अब तक किसी ने उसकी कोई खबर नहीं ली है। मजबूर होकर उसने पुलिस अधीक्षक को लिखित तहरीर देकर ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच का जिम्मा अवर निरीक्षक अर्पिता शुक्ला को सौंपा गया है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

टीईटी अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

बलरामपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट में शिक्षकों ने प्रदर्शन किया है प्रदर्शन का मुख्य कारण सर्वोच्च न्यायालय से सभी शिक्षकों को 2 साल के भीतर शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य करने के आदेश पर पुनर्विचार करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन अपर जिलाधिकारी ज्योति राय को दिया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला अध्यक्ष विकास कांत पांडेय एवं जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह के संयुक्त अगुवाई में शिक्षकों का हम कलेक्ट्रेट में पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया है संघ अध्यक्ष विकास कांत पांडेय ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा एवं आजीविका संकट में हो गई है शिक्षक पात्रता परीक्षा कल शिक्षकों पर प्रभावी नहीं होती है जो 2010 के पहले तैनात हैं यह सभी शिक्षक सेवा शर्त पूरी करते हैं। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष नवीन सिंह एवं मंत्री उमेश कुमार ने कहा कि वर्ष 2010 के पूर्व शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट दी जाए। प्रदर्शन के बाद शिक्षकों में प्रधानमंत्री संबोधित अपर जिलाधिकारी ज्योति राय को ज्ञापन दिया है इसमें मुख्य रूप से सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय केवल भविष्य लक्ष्मी रूप से लागू किया जाए वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त अध्यापको पर लागू न किया जाए, वैधनियमों के अंतर्गत नियुक्त अनुभवी शिक्षकों की सेवा सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित की जाए, लाखों शिक्षकों को सेवा समाप्ति एवं अजब का संकट से बचने के लिए आवश्यक नीति गत एवं विधाई कदम शीघ्र उठाया जाए, विभाग में शिक्षकों की भर्तियां अलग-अलग समय पर अलग-अलग मानक पर की गई हैं भारती के मानक पूरा करने वाले शिक्षकों को ही वरीयता के आधार पर सेवा में दिया जाए पूर्व में कुछ भारतीयों में नियुक्त शिक्षक शिक्षक पात्रता परीक्षा देने के लिए आवश्यक अनिवार्य योग्यता नहीं रखते हैं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से शिक्षक सभी मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं जिसे शिक्षण व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है आदिमानव ज्ञापन में शामिल रहे हैं। इस दौरान जिला महामंत्री अंकुर प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष मनमोहन सिंह, सुशील सिंह गहलोत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधा मोहन पांडे, पियूष चंद्र मिश्रा, संजय त्रिपाठी, प्रभा सिंह, जिला मंत्री विनोद कुमार तिवारी, जीवन ज्योति यादव, मंडलीय मंत्री अरुण कुमार मिश्रा, जिला मंत्री चंद्र प्रकाश यादव, अग्नि शेखर मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, जिला मंत्री मंगलदेव मिश्रा, उपाध्यक्ष अखिलेश चौरसिया, रितेश अवस्थी, हरिकेश मिश्रा, अनुज सिंह, विशिष्ट बीटीसी संघ जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला, जिला मंत्री तुलाराम गिरी, मीडिया प्रभारी निर्मल द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ उत्तम चंद्र सहित तमाम पदाधिकारी व शिक्षक शामिल रहे हैं।

जिले की शुगर मिलों में धूमधाम से संपन्न हुई भगवान विश्वकर्मा पूजा

- पूरे जिले में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल, मशीनों की सुरक्षा और सुचारू संचालन की मांगी कामना

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

जिले की सभी प्रमुख शुगर मिलों में बुधवार को विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा, उत्साह और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाई गई। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड की गोला, खंभारखेडा और पलिया यूनिट्स सहित बलरामपुर चीनी मिल्स गुलरिया यूनिट में विधिवत पूजन-अर्चन, हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। पूरे दिन मिल परिसरों में वैदिक मंत्रोच्चारण गूंजते रहे और वर्कशॉप में स्थापित मशीनों की पूजा-अर्चना कर उनके सुरक्षित संचालन की प्रार्थना की गई। गोला गोकर्णनाथ यूनिट में मंदिर के पुजारी सुधीर बिजलवान ने पारंपरिक रीति से भगवान विश्वकर्मा सहित अन्य देवी-देवताओं का आवाहन कर पूजन कराया। यूनिट हेड नीरज बंसल ने छोटी-बड़ी मशीनों की आरती उतारी और निरंतर संचालन की कामना की। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी यज्ञ में शामिल हुए। खंभारखेडा यूनिट में आचार्य पंडित विपिन शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन कराया। यूनिट हेड अवधेश गुप्ता ने मशीनों की पूजा कर संयंत्र की समृद्धि और सुरक्षा की कामना की। यज्ञ में पुष्पेंद्र ढाका, अरुण प्रताप सिंह, आशीष श्रीवास्तव सहित कई अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

पलिया यूनिट में पुजारी रामेन्द्र मिश्र द्वारा पूजन कराया गया। प्रधान प्रबंधक (इंजीनियरिंग) भूपेंद्र सिंह ने मशीनों की पूजा कर विकास और प्रगति की प्रार्थना की। यूनिट हेड ओ. पी. चौहान समेत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने हवन में आहुतियां डालीं। वहीं, बलरामपुर चीनी मिल्स गुलरिया यूनिट में भी मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने पूजा-अर्चना कर सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा को श्रम, निर्माण और सृजन का प्रतीक बताते हुए कर्मचारियों से निष्ठा और सुरक्षा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। पूजन-अर्चन और हवन के बाद सभी मिल परिसरों में प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन हुआ।

गोंधिया में दुर्गा जागरण की तैयारियां शुरू, गांव में भक्ति का उत्साह

बिजुआ खीरी। शारदीय नवरात्र को लेकर बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के गोंधिया गांव में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दुर्गा जागरण धूमधाम से मनाया जाएगा। गांव के दर्जनों कार्यकर्ता दिन-रात जुटकर मंच, जीना और गुफा का निर्माण कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को मां दुर्गा के दिव्य दर्शन कराए जा सकें। 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्र के दौरान यहां सजे पूजा पंडाल में 2 अक्टूबर तक विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार का जागरण और भी भव्य होगा। नवरात्र के नौ दिनों में भजन-कीर्तन, देवी गीत और झांकियां भक्तों को भावविभोर करेंगी।

ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को पूरे समर्पण और कर्मठता के साथ सेवा कार्य करने की प्रेरणा दी है। ग्रामीणों ने संकल्प लिया है कि कार्यक्रम को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर मोहनलाल वर्मा, लालता प्रसाद वर्मा, वीरेंद्र कुमार वर्मा, टीकाराम वर्मा, जसवंत कुमार, राम गोविंद, हरीशंकर वर्मा, रामलखन मिश्रा, रोहित वर्मा, लेखराम वर्मा, घनश्याम वर्मा, रविंद्र कुमार वर्मा, महेंद्र वर्मा, भूपेंद्र वर्मा सहित कई ग्रामीण श्रमदान कर तैयारी में जुटे रहे। पूरे गोंधिया गांव में इस समय भक्ति और उल्लास का वातावरण है। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग मां की सेवा और सजावट में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि मां दुर्गा की कृपा से गांव में सुख-समृद्धि और शांति का वास होगा।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर जिले में चला स्वच्छता अभियान

गोला/बिजुआखीरी, समृद्धि न्यूज़।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिले में जगह-जगह स्वच्छता अभियान चलाए गए। गोला गोकर्णनाथ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर की सफाई नगर पालिका परिषद द्वारा की गई। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने स्वयं झाड़ू उठाकर अभियान का नेतृत्व किया और लोगों से स्वच्छता को आदत बनाने की अपील की। बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस दौरान मौजूद रहे। इसी क्रम में बिजुआ क्षेत्र के श्री गुरु अमरा बाबा आश्रम परिसर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान में मंडल पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों के साथ ग्राम पंचायत के सफाईकर्मी भी शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता अभियान समाज को जागरूक करने का माध्यम है और सभी को प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा का विशेष अभियान

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सशक्त नारी स्वास्थ्य परिवार पखवाड़े का आयोजन पूर्व सांसद एवं भाजपा प्रवक्ता जुगल किशोर द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली डॉक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया इस पखवाड़े के अंतर्गत समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर शिविर लगाकर स्वास्थ्य सेवाएं 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक दी जाएंगी जिसमें अधिक से अधिक बुजुर्ग बच्चे किशोर किशोरियों की जांच एवं औषधिया प्रदान की जाएंगी। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में शिविर लगाकर लोगों की जांच एवं इलाज किया गया। पूर्व राज्य सभा सदस्य जुगल किशोर ने भर्ती मरीजों को फल वितरण कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक लेखा प्रबंधक अमित सक्सेना, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद तैयब सिद्दीकी, लैब टेक्नीशियन शिवेंद्र सिंह, फार्मासिस्ट सत्येंद्र वर्मा, डॉ के के भार्गव, ग्राम प्रधान नीरज कश्यप दिनेश भार्गव तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं क्षेत्र के सभी सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

मजदूर पर हमला, पुलिस में ढील, उच्च अधिकारी को प्रार्थना पत्र के बाद केस दर्ज

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

जिले के मितौली क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें अनुसूचित जाति के मजदूर अशोक कुमार पर पड़ोसी कल्लू गड़रिया ने अचानक हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई। घटना 28 अगस्त 2025 को दोपहर 3 बजे हुई। प्रार्थी ने बताया कि कल्लू गड़रिया ने उसे खेत में धान निकालते समय पीछे से आकर सिर और हाथ-पैर पर मारपीट की और भद्दी-भद्दी गालियाँ देते हुए धमकी दी कि तुमको गाँव में नहीं रहने देंगे। घटना के गवाह में प्रार्थी की पड़ोसन आरती, उनके पति अनुरेश, पुत्र सीयेट और अन्य स्थानीय निवासी शामिल हैं। प्रार्थी ने तुरंत थाना मितौली में तहरीर दी, लेकिन स्थानीय पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। इसके बाद प्रार्थी ने मितौली के सीओ को प्रार्थना पत्र दिया, पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। प्रार्थी ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि विपक्षी राजनीतिक प्रभाव वाले हैं और इसी कारण स्थानीय पुलिस मुकदमा दर्ज करने में हिचकिचा रही है। प्रार्थी ने विशेष जांच और चिकित्सीय परीक्षण कराए जाने की भी मांग की है।

पुलिस ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है और प्रकरण को सी ओ मितौली के जिम्मे सौंपा गया है।

सेवा पखवाड़ा: विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र में की सफाई, जनता को किया प्रेरित

मोहम्मदी (खीरी), समृद्धि न्यूज़।

स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वयं झाड़ू उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सफाई की और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा पूरे देश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर पंचायती राज समिति के सभापति विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. मयंक मिश्रा, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, अतुल रस्तोगी, सुशील वर्मा, इंद्रजीत सिंह, अनुज पांडेय, गोपाल रस्तोगी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

यह अभियान विशेष रूप से महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार, यह कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 (गांधी जयंती) तक संचालित किया जाएगा। इसके तहत जनपद के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य स्वास्थ्य इकाइयों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

दहेज के लिए ससुरालियों ने विवाहिता का किया उत्पीड़न, पांच माह से मायके में रहने को मजबूर

लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी के थाना मितौली क्षेत्र के ग्राम नरवा (लल्हौआ) से दहेज उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता लक्ष्मी देवी पत्नी महेन्द्र कुमार ने कोतवाली मितौली में तहरीर देकर ससुराल पक्ष पर मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और अतिरिक्त दहेज की मांग का आरोप लगाया है। प्रार्थिनी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब छह वर्ष पूर्व हिंदू रीति-रिवाजों से महेन्द्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश पासी निवासी नरवा (लल्हौआ) थाना मितौली से हुई थी। विवाह के समय पिता ने अपनी सामर्थ्य अनुसार बक्सा, अलमारी, मोटरसाइकिल, डबल बेड, कूलर समेत अन्य घरेलू सामान दान स्वरूप दिया था। लेकिन कुछ समय बाद पति महेन्द्र कुमार, ससुर ओमप्रकाश, सास पुष्पा देवी, देवर दीपू पुत्र रामकुमार तथा ननद रंजना व रेखा पुत्री ओमप्रकाश ने चार पहिया वाहन, सोने की जंजीर और जनरेटर की मांग शुरू कर दी। मना करने पर आरोपितों ने मिलकर लक्ष्मी देवी को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देना शुरू कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि दहेज न लाने पर उसे मारपीट कर घर से भगा दिया गया। बीते पांच माह से वह अपने मायके, ग्राम गढ़ी इब्राहीमपुर, थाना मितौली में रह रही है। लक्ष्मी देवी की एक बेटी भी है और लगातार उत्पीड़न से वह मानसिक तनाव झेल रही है। कई बार पंचायत व रिश्तेदारों की मौजूदगी में समझौते की कोशिश की गई, लेकिन ससुराल पक्ष अपनी मांग पर अड़ा रहा। लक्ष्मी देवी ने प्रभारी निरीक्षक मितौली को तहरीर सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई। तहरीर में साफ तौर पर लिखा है कि आरोपित दहेज की मांग पूरी न करने पर उसे ससुराल में नहीं घुसने देंगे और लगातार धमकियां दे रहे हैं। पुलिस ने मामला गंभीर देखते हुए दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक बलवीर सिंह को सौंपी गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सादुल्लानगर में चला स्वच्छता अभियान

सादुल्लानगर, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान सादुल्लानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता ने की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में झाड़ू लेकर अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरीजों और आम नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख पंकज सिंह चौहान, भारत नरेश सिंह,राम करण मिश्रा, सुमित सिंह, राम मूरत प्रजापति, राधेश्याम गुप्ता, रमेश तिवारी, दीपचंद जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

पीएम के जन्मदिन के अवसर पर विधायक ने किया सीएचसी शिवपुरा में मेडिकल कैप का आयोजन

बलरामपुर। तुलसीपुर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के अवसर पर जनपद में चल रहे विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यों के क्रम में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा में आयोजित मेडिकल कैंप का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस मेडिकल कैम्प में जहां स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच की व्यवस्था की गई है वहीं उनके लिए आवश्य जानकारी तथा विटामिन, प्रोटीन एवम् जरूरत की दवाएं देने के लिए स्टाल लगाए गए हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रजत शुक्ला, वरिष्ठ कार्यकर्ता ओम प्रकाश शुक्ला, धर्मेन्द्र उपाध्याय, राजेश गुप्ता, गुलाब पाठक, कौशल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

भाजपा ने सीएचसी सादुल्लानगर में रक्तदान सेवा शिविर का किया आयोजन

बलरामपुर सादुल्लानगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लानगर में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रक्तदान सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विदेश राज्य मंत्री के प्रतिनिधि यूपी सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख रेहरा बाज़ार पंकज सिंह चौहान मौजूद रहे। शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने कहा कि ÷रक्तदान महादान है, इससे किसी ज़रूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। ऐसे आयोजन समाज में मानवता और सेवा भाव को मजबूत करते हैं।संयोजक भाजयुमो जिला मंत्री सुमित सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने 28 यूनिट रक्तदान किया।इस दौरान मंडल अध्यक्ष बिष्णु प्रताप गुप्ता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष श्यामजी वर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष गुड़िया वर्मा, रमेश तिवारी, बहरैची गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती, श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि की कामना

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

सादुल्लानगर क्षेत्र में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। अचलपुर चौधरी, घासीपोखरा, मद्दोभट्ठा,भुजायनिक भार,रामपुर अरना, सहित विभिन्न गांवों और कस्बों के प्रतिष्ठानों पर भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

सुबह से ही श्रद्धालु सजग होकर पूजा की तैयारियों में जुट गए। जगह-जगह भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। मंत्रोच्चार और पूजा-पाठ के बीच श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। पूजा के उपरांत भक्ति गीतों और कीर्तन के साथ वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग उठा। प्रसाद वितरण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। गांव-गांव और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में पूजा-अर्चना के आयोजन हुए। स्थानीय कारीगरों, व्यापारियों और युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। कई स्थानों पर रंग-बिरंगी झालरों, गुब्बारों और फूलों से मंडप सजाए गए। श्रद्धालुओं ने आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना के साथ विश्वकर्मा भगवान का जयकारा लगाते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, कारीगर, दुकानदार और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने बताया कि विश्वकर्मा भगवान को सृष्टि का शिल्पकार और वास्तु कला का जनक माना जाता है। उनकी कृपा से ही उद्योग-धंधों और कार्यस्थलों में प्रगति होती है। स अवसर पर रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा की परंपरा सदियों पुरानी है। कारीगर, शिल्पकार, व्यापारी और निर्माण कार्य से जुड़े लोग इस दिन अपने औजारों, मशीनों और कार्यस्थलों की विशेष पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व श्रम और सृजनशीलता के सम्मान का प्रतीक है। पूरे दिन श्रद्धालु भक्ति और आनंद में डूबे रहे। जगह-जगह से जयकारों और भक्ति गीतों की गूंज सुनाई देती रही। विश्वकर्मा जयंती का यह पर्व लोगों के जीवन में नई ऊर्जा और समृद्धि का संदेश छोड़ गया।

निर्माण एवं सृजन के देवता हैं भगवान विश्वकर्मा: गोप

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

भगवान विश्वकर्मा जी को निर्माण एवं सृर्जन का देवता माना जाता है मान्यता है कि सोने की लंका और द्वारिका का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा जी ने ही किया था। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने विधानसभा दरियाबाद के भिटरिया चौराहे स्थित रवि धर्म कांटा पर ब्लॉक अध्यक्ष रवि यादव द्वारा एवं न्यू मां वैष्णो इंटरप्राइजेज के प्रबंधक समोद यादव द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती के पावन अवसर पर आयोजित पूजा अर्चना उत्सव में सम्मिलित होकर वास्तु कला एवं कलात्मक रचनाओं के देवता भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना आशीर्वाद प्राप्त कर देव शिल्पी जगत करता भगवान विश्वकर्मा जी की महिमा का गुणगान करते हुए व्यक्त किये। इसी क्रम में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव क अध्यक्षता में एवं जिला महामंत्री हिमांशु यादव के संचालन में विश्वकर्मा जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी मे वास्तु सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, जितेंद्र पटेल, रिंकू विश्वकर्मा, आदि पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर भगवान विश्वकर्मा जी की महिमा का व्याख्यान किया।

विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से विशेष आमंत्रित सदस्य सुरेश चंद्र गौतम, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा रिंकू विश्वकर्मा, जिला महामंत्री हिमांशु यादव, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, मोहम्मद आफाक, युवजन सभा जिला अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, बाबुल मिश्रा, राबिया बेगम, नजमा बानो, पिछड़ा वर्ग के पूर्व जिला अध्यक्ष जसवंत यादव, जिला सचिव लल्ला यादव, ओमचंद यादव, मेराज अहमद रामप्रवेश यादव, अखिलेश चौधरी, शान सिद्दीकी, मोहम्मद आजम कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे भिटरिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व प्रमुख दिनेश सिंह सोनू यादव जिला उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह पप्पू जिला सचिव विनय पांडे रवि यादव मेराज प्रधान सावन यादव रिशु वर्मा अमरेंद्र सिंह आदि प्रमुख लोगो ने भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सृष्टि कर्ता भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद लिया।

मोदी के जन्मदिन पर चला स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के क्रम में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह द्वारा शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने देश एवं प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग पर चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 500000 तक निशुल्क इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड योजना सहित मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना सरकार द्वारा की गई है जिससे ग्रामीणों को निशुल्क दवाएं मिल सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आई हुई महिलाओं का परीक्षण करके निशुल्क दवाएं वितरित की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अधीक्षक डॉक्टर हरप्रीत सिंह सीडीपीओ आराधना यादव प्रदीप जिला प्रतिनिधि अतुल सिंह रावत प्रधान अभय प्रताप सिंह प्रधान अजय प्रताप सिंह पंकज सिंह सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

सर्पदंश का शिकार हुए युवक को अस्पताल में कराया गया भर्ती

जैदपुर, बाराबंकी। घर के बाहर बनी किराने की दुकान मे एक युवक को सांप ने डस लिया।जिसकी हालत बिगड़ते देख परिवार के लोग समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर ले गये। जहां उपचार के बाद हालत में सुधार देखा गया।जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह घर के बाहर किराने की दुकान पर जैदपुर थाना क्षेत्र के दिनेश सिंह पुत्र गंगा प्रसाद चांद पुरवा निवासी को सांप ने डंस लिया,जिसे परिवार के लोग समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर ले गये। मौके पर मौजूद डाक्टर नजमुल सिद्दीकी द्वारा तत्काल मरीज का उपचार करने से हालत में काफ़ी सुधार देखा गया।इस संबंध में डाक्टर नजमुल सिद्दीकी ने बताया कि सांप ने एक युवक को डंस लिया था।

ब्लॉक कर्मचारियों की लापरवाही, सरकारी दस्तावेज सहित बैंक के कागजात बारिश में भीगकर हुए बर्बाद

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

ब्लॉक परिसर में अधिकारियों की कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां फील्ड वाटर टेस्ट किट सहित कई महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज और बैंक के कागजात बारिश में भीगकर खराब हो गए।इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह मामला सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक परिसर का है। ब्लॉक कार्यालय के बाहर बरामदे में खुले में रखे ये दस्तावेज पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश की चपेट में आ गए थे।इसी परिसर में स्थित उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक शाखा सिरौलीगौसपुर के भी कई महत्वपूर्ण कागजात बाहर भीगते हुए पाए गए। इस लापरवाही के कारण सरकारी रिकॉर्ड और जांच किट दोनों को नुकसान पहुंचा है।लगातार बारिश के बावजूद, इन दस्तावेजों को सुरक्षित स्थान पर रखने का ध्यान नहीं दिया गया। वीडियो वायरल होने के बाद भी, संबंधित अधिकारियों द्वारा इस मामले पर तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे महत्वपूर्ण सरकारी जानकारी के नष्ट होने का खतरा बना हुआ है।खण्ड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने इस संबंध में बताया कि कमरे में पुताई का कार्य चल रहा है, जिस वजह से दस्तावेज बरामदे में बाहर रखे गए थे।

एसडीएम ने शांति से दुर्गापूजा मनाने की किया अपील

रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

नवरात्रि पर्व शुरु होने मे कुछ दिन शेष है। जो कार्य अधूरे हो पूर्ण कर ले। यह बात आईएएस एसडीएम गुंजिता अग्रवाल ने थाना रामनगर परिसर मे आगामी दुर्गा पूजा और दशहरा त्योहार जुलूस के मद्देनजर कोतवाल अनिल कुमार पांडे के संयोजन मे आयोजित पीस कमेटी की बैठक में व्यक्त की।

उन्होने कहाकि आप सभी लोग दुर्गा पूजा पांडालो मे प्रकाश व्यवस्था का विशेष ध्यान रखे।पंडालों के ऊपर विद्युत तार न निकले हो कनेक्शन मे कटे पिटे तारो का इस्तेमाल न करे। सीसीटीवी कैमरे जरुर लगाये।जुलूस निर्धारित मार्गो पर ही निकाला जाए कोई नई परंपरा लागू न करें।अमर्यादित नाच नौटंकी पर पूर्णतया प्रतिबंध है जिसका अनुपालन न करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने सभी आयोजको से वॉलिंटियर अवश्य रखने को कहा। फायर वाल की छोटे रुप मे व्यवस्था भी रखे। आप स्वंय जागरुक बने हम लोग सहयोगी बने।तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने कहाकि हमारा देश उत्सव प्रधान देश है।दुर्गा पूजा शक्ति की पूजा का त्यौहार है।सभी लोग पूर्ण आस्था के साथ त्योहार मनाये।दुर्गा पूजा पंडालों में होने वाले कार्यक्रमों तथा विसर्जन यात्रा में मद्यपान करने वाले लोगों से दूरी बनाये।थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहाकि किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो बेहिचक पुलिस को सूचित करें।

राष्ट्र की मजबूती का आधार सशक्त परिवार : अंबरीश रावत

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे भाजपा नेता पूर्व विधानसभा जैदपुर प्रत्याशी अंबरीश रावत ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान को समाज और राष्ट्र की मजबूती का आधार बताया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए पूर्व भाजपा प्रत्याशी अंबरीश रावत ने कहा कि स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान की सफलता के लिए सबको मिलकर कार्य करना होगा। अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सभी संचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाए।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा एवं एएनएम घर-घर जाकर परिवारों को अभियान के उद्देश्य से अवगत कराएँ। जन्होने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की सक्रिय सहभागिता इस अभियान की सफलता की कुंजी बताते हुए अभियान में सहभागी बनाये जाने की अपील की। जिला पंचायत सदस्य रामसिंह भुल्लन वर्मा ने कहा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन सेवा पखवाड़ा के रूप मे मनाया जा रहा है जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा जिसमे प्रतिदिन सेवाभाव के तहत कोई न कोई कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम मे चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकेवल वर्मा, महामंत्री प्रवीण मिश्रा, शक्ति केंद्र प्रभारी अखिल गुप्ता, आशीष त्रिवेदी, अभय सिंह, अंकित मौर्या, राकेश कश्यप, डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. हारून रशीद अतिकी, डॉ. सुनीता, आशाराम चौधरी, अखिलेश पटेल, चांदनी, शिखा, उमंग मेहरौत्रा आदि लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

नगर पालिका में मनायी गई विश्वकर्मा जयंती

इटावा। सृष्टि के निर्माण की रूपरेखा व आकार देने वाले शिल्पकार, ब्रह्मांड के प्रथम अभियंता व यंत्रों के देवता देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष ज्योति गुप्ता की मौजूदगी में श्रद्धापूर्वक हवन पूजन करके एंव भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करके मनायी गयी, इस अवसर पर प्रसाद वितरण एंव भंडारे का आयोजन भी किया गया, इस अवसर पर ईओ नगर पालिका संतोष कुमार मिश्रा, ब्रांड एंबेसडर आलोक दीक्षित, सभासद सचिन कठेरिया, अरूण यादव, केशव यादव, सियाराम सक्सेना, लवलेश कठेरिया सहित पालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

अंशुल अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनीत

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने परशुराम सेवा समिति के संरक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय वरिष्ठ अधिवक्ता के पुत्र युवा अधिवक्ता अंशुल पांडेय को परशुराम सेवा समिति इटावा अधिवक्ता प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबे, गोपाल मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री अनिल चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष शिवम शुक्ला ने अंशुल पांडेय का परशुराम पट्टिका से स्वागत किया स इस मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

किशोरी ने पिया कीटनाशक दवा

इकदिल, इटावा। किसी बात से छुब्ध नाराज होकर किशोरी ने कीटनाशक दवा को पिया। गांव ककरैया में रहने वाले जगतनारायण की 17 वर्षिय बेटी मेघा ने बुधवार दोपहर में किसी बात से छुब्ध नाराज होकर कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। वहां हालात गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

बाग में युवक का फंदे से लटका मिला शव

उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र हसनगंज निवासी मोनू पाण्डेय 35 वर्ष पुत्र राकेश मंगलवार शाम सात बजे बगैर बताए घर से निकल गया, देर रात घर न आने पर परिजनो ने खोजबीन की, बुधवार सुबह उसका शव घर से 800 मीटर की दूरी पर अखिल चौधरी की आम की बाग में अंगोछे से फंदे से लटका मिला। शव लटका देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की।जिसमें परिजनों ने बताया कि वह शाम को घर से टहलने के लिए निकला था। मृतक पंडिताई (आचार्य)का काम करता था।मृतक की मां लक्ष्मी, पत्नी अनु पुत्री अंशी आराध्या समेत भाई राघव, दीपू,सोनू रो-रोकर बेहाल हो गए।कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि आत्महत्या की घटना लग रही है,परिजनो ने किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी है, पोस्टमार्टम में मौत की वजह स्पष्ट हो जाएगी।

विज्ञान मेला में छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभाएं

▸ प्रतिभागियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का किया प्रयास

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

23वां प्रांतीय विज्ञान मेला सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दूसरे दिन प्रतियोगिताओं का रहा 12 संकुलों से आए हुए छात्र-छात्राओं ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाए सर्वप्रथम लक्ष्मी नारायण मंदिर में मां सरस्वती की वंदना करने की पक्ष प्रतियोगिताएं प्रारंभ हुई।

प्रश्नमंच प्रदर्श प्रयोग पत्र प्रस्तुति तथा मॉडल में प्रतिभागियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया जिसमे एक और जीत की खुशी तो दूसरी ओर चयनित ना होने के बाद भी परस्पर एक दूसरे को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागी दिखाई दिए शिशु वर्ग प्रश्न मंच में प्रयोग में प्रथम स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अलीगंज लखनऊ व द्वितीय स्थान पर रायबरेली तथा तीसरी स्थान पर सीतापुर का कॉलेज रहा इसी प्रकार बाल वर्ग में रायबरेली प्रथम स्थान पर प्रयोग में लखनऊ प्रथम स्थान पर रहा शेष प्रतियोगिताएं अभी चल रही है वह इनका परिणाम कल समापन के समय में घोषित किया जाएगा आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रांत प्रचारक कौशल सिंह प्रदेश निरीक्षक राम सिंह प्रांत विज्ञान प्रमुख संतोष सिंह प्रांत संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार शुक्ला प्रबंधक राजकुमार शुक्ला अखिलेश कुमार शुक्ला प्राचार्य आदि लोगों की गरिमामई उपस्थिति रहे ।

आज शाम के समय लखनऊ से वैज्ञानिकों की एक टीम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के कैंपस में आएगी जो प्रतिभागियों के कौशल का परीक्षण करने के साथ-साथ उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

पीएम के जन्मदिन पर लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बाबा राम सनेही दास मंदिर परिसर पर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता कार्यक्रम चलाया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें आठ सौ मरीजों ने अपना इलाज कराया ब्लड शुगर ब्लड प्रेशर बुखार जैसे तमाम जांच भी किया गया। पूर्व जिला अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया और मिलने वाली हर सुविधाओं को मरीज तक पहुंचाने का आश्वासन दिया मेले के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन भी सुना गया, स्वाथ्य मेले में आयुष्मान कार्ड,एनसीडी स्क्रीनिंग, गर्भवती महिलाओ की जांच, टीकाकरण,नेत्र परीक्षण करके उनको चस्मा भी वितरित किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमरेश वर्मा के साथ-साथ नोडल अधिकारी डॉक्टर रईस खान डॉक्टर रमेश, मंडल अध्यक्ष देवीगंज सुरेन्द्र मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, ओम प्रकाश तिवारी, कमलेश शुक्ला, मंडल महामंत्री दीपक वर्मा, उपाध्यक्ष सत्या चतुर्वेदी, देशराज सिंह, नीलेश मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव, मधुकर तिवारी, बूथ अध्यक्ष विजय कश्यप, ललित तिवारी, विनय मिश्रा, डॉ.नगमा,डा.सैफाली,अनुराग पाठक, मोहम्मद आरिज़, नवीन मिश्रा,इसराइल आदि लोग मौजूद रहे।

रोजगार मेला आज, इच्छुक अभ्यर्थी पहुंचे

बाराबंकी। जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पीजी कालेज परिसर में कल एक दिवसीय रोजगार मेला लगेगा। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर पंजीकरण करके आवेदन कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, बाराबंकी एवं जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पीजी कालेज, बाराबंकी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेला दिनांक 18.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे से कालेज परिसर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें (10) से अधिक कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही है। पूर्ण विवरण विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध हैं। उक्त तिथि में आने वाली समस्त निजी क्षेत्रों की कम्पनियों का विवरण विभागीय वेब साइट पर उपलब्ध है, इच्छुक अभ्यर्थी पंजीकरण कर आवेदन कर सकते है। अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ मेले में प्रतिभाग कर सकते है।

अध्यक्ष न.पा. ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका परिषद गंगाघाट अध्यक्ष कौमुदी पाण्डेय ने आज दिन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर, स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शहर के पोनी रोड स्थित अंबेडकर पार्क में विशेष सफाई अभियान चला कर दिया स्वछता का सन्देश इस अभियान में पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर झाड़ू लगाई और पार्क की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा के साथ पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन जैसे एक बड़े जन-आंदोलन की शुरुआत करके हर नागरिक को स्वच्छता से जोड़ा है उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत विकास के नए आयाम छू रहा है। उनके स्वच्छता से सेवा तक और सेवा से राष्ट्र निर्माण तक के संकल्प को आगे बढ़ाना हम सबका नैतिक कर्तव्य है।

न.पं भगवंत नगर में चेयरमैन ने सफाईकर्मियों को किया सम्मानित

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर नगर पंचायत भगवंत नगर के अध्यक्ष आशीष कुमार शुक्ला (रिंकू शुक्ला) ने बुधवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने सफाईकर्मियों के पैर धोकर, उन्हें तिलक लगाकर, अंगवस्त्र भेंटकर और उपहार देकर सम्मानित किया।

सफाईकर्मियों के प्रति जताया सम्मान : इस अवसर पर चेयरमैन शुक्ला ने कहा कि हमारे नगर को स्वच्छ और सुंदर रखने में सफाईकर्मियों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने सफाईकर्मियों को सम्मान देते हुए कहा इनकी निःस्वार्थ सेवा और कड़ी मेहनत के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह सम्मान इन कर्मयोगियों के प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रतीक है।

सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम : भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में चेयरमैन ने स्वच्छता के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज के हर वर्ग के प्रति सम्मान और सेवा की भावना को बढ़ावा देता है। इस पहल के माध्यम से, नगर पंचायत ने समाज के सबसे महत्वपूर्ण वर्गों में से एक, सफाईकर्मियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सम्मान को दर्शाया है। आगे के कार्यक्रम यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा की शुरुआत का प्रतीक है, जो 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा: स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर अनुज शुक्ला उर्फ पिंटू शुक्ला को नगर पंचायत भगवंत नगर के क्षेत्र अंतर्गत कुल 400 पौध रोपण व निरंतर उनकी सेवा किए जाने के उपलक्ष में प्रदीप कुमार अधिशासी अधिकारी के द्वारा पुष्प माला व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

ताइक्वांडो विजेताओं को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने किया सम्मानित

इटावा, समृद्धि न्यूज।

पावन धरती पर प्रथम बार आयोजित हुई सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता जो कि अमनीव विजन स्कूल ने उत्कृष्टता से संपन्न की विजेताओं को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आलोक गुप्ता ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर ताइक्वांडो संघ ने नवनियुक्त भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ पदाधिकारी का पगड़ी पहनकर सम्मान भी किया।

इटावा जिला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ियों ने अपना लोहा मनवाया। 5 स्वर्ण,2 रजत,1 कांस्य पदक अपनी झोली में कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। संघ की कोषाध्यक्ष नबीला जी ने बताया कि अंडर 14 इयर्स अंडर 29 किलोग्राम भर वर्ग में प्रियदर्शन शाक्य स्वर्ण पदक,अंडर 14 इयर्स अंडर 32 किलोग्राम भार वर्ग में अनमोल वर्मा रजत पदक,अंडर 14 इयर्स अंडर 35 किलोग्राम भार वर्ग में अदम्य अनुराग का कांस्य पदक, अंडर 14 इयर्स बालिका वर्ग में अंडर 35 किलोग्राम भार वर्ग में वैष्णवी यादव का स्वर्ण पदक। संघ के सह प्रशिक्षक श्याम जी व हरि गोविंद सिंह जी ने बताया कि अंडर 17 इयर्स अंडर 35 किलोग्राम भार वर्ग में रुद्र प्रताप का स्वर्ण पदक,अंडर 38 किलोग्राम भार वर्ग में अभिनव कुशवाहा का स्वर्ण पदक,अंडर 48 किलोग्राम भार वर्ग में शौर्य सिंह का स्वर्ण पदक, बालिका वर्ग में आराध्या सिंह ने ओवर 68 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर इटावा में नए कीर्तिमान स्थापित किए। संघ के मीडिया प्रभारी तरुण गुप्ता जी ने सभी की उपलब्धियों पर हर्ष जताया।

करंट से झुलसे मकान मालिक ने तोड़ा दम

इकदिल, इटावा समृद्धि न्यूज।

तीन दिन पहले लोहिया दौलतपुर गांव में सोमवार सुबह मकान की छत पर काम कर रहे राज मिस्त्री और मकान मालिक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए थे। जिसमे में राजमिस्त्री अवध बिहारी की मौत हो गई थी।जबकि मकान मालिक नंद किशोर गंभीर रूप से झुलसे थे। घायल को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई इलाज चल रहा था। लोहिया दौलतपुर निवासी 50 वर्षीय नंद किशोर पुत्र कालीचरण अपने मकान का निर्माण करवा रहें थे। सोमवार सुबह मकान की छत पर इसी गांव के रहने वाले 52 वर्षीय अवध बिहारी पुत्र मुंशीराम मिस्त्री काम कर रहे थे। नंद किशोर भी उनके साथ मौजूद थे। घर की छत के पास से ही 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन गुजरती है। आसपास काम कर रहे अन्य लोग दौड़ पड़े और मदद करने की कोशिश करने लगे। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से किसी तरह दोनों को नीचे उतारा और तुरंत जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। जहां राजमिस्त्री ने दम तोड़ दिया था जबकि नंद किशोर जीवन और मौत के बीच जूझ रहे हैं।

जुमला दिवस के रूप में कांग्रेस ने मनाया पीएम का जन्मदिन

इटावा, समृद्धि न्यूज।

▸ मोदी सरकार में जीडीपी विकास दर 5,6 प्रतिशत की आदत डाली

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रशांत तिवारी ने प्रधानमंत्री का 75 वा जन्मदिन जुमला दिवस के रूप में मनाया। तिवारी ने मीडिया को बताया कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही शर्म आनी चाइए इस वर्ष पहलगाम अटैक पंजाब में बाढ़ से एवं उत्तराखंड एवं वैष्णो देवी, हिमाचल में जो अकाश्मिक घटना हुए जिससे लोगों की जान गई आज देश दुख की घड़ी में जी रहा है और भारतीय जनता पार्टी देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जश्न मना रही। तिवारी ने बताया मोदी जी के 11 साल के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था, शासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, लोकतंत्र से लेकर रोजगार के मोर्चे पर देश का ग्राफनीचे गिरा है इन 11 वर्षो में देश मे मंहगाई आसमान छू रही है तो समाज में विभाजन की रेखा गहरी हुई हैं और दलित पिछड़े ब्राह्मण था मुस्लिम समाज संघ एवं भाजपा के निशाने पर रहे हे तिवारी ने बताया कि भाजपा एवं आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर कर उनकी संस्था पर कड़ा प्रहार किया हैं चाहे वो जनमत चुरा के पिछले दरवाजे से सरकार गिराना हो या एक दलिय ताना शाही शासन जबरन लागू करना हो मोदी सरकार में जीडीपी विकास दर 5,6 प्रतिशत की आदत डाल दी जो कांग्रेस सरकार में 8 प्रतिशत से कम नहीं हुई सालाना 2 करोड़ रोजगार की बात की परंतु नोकरियां छीनी जा रही विदेश से काला धन आयेगा 15 लाख खाते में आयेंगे सब जुमला हैं इस लिए आज कांग्रेस पार्टी ने जुमला दिवस के रूप में मनाया।

खुबरियापुर रोड पर जलभराव से जनजीवन प्रभावित

▸ बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा खतरे में

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

फर्रूखाबाद रोड से खुबरियापुर जाने वाले मार्ग पर अतिक्रमण और पूरे वर्ष जलभराव ने आवागमन को अत्यंत कठिन बना दिया है, जिससे हजारों बच्चों, राहगीरों और मरीजों की सुरक्षा खतरे में है।

इस मार्ग पर सिटी चिल्ड्रन्स अकादमी जैसे शैक्षणिक संस्थान, जहां 2000 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं, व आर.आर. हॉस्पिटल, पुष्पांजलि हॉस्पिटल जैसे प्रमुख अस्पताल स्थित हैं। यह सड़क सराय दायमगंज, खुबरियापुर, मनकापुर सहित कई ग्रामों को जोड़ती है, जहां प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। ग्राम पृथ्वीपुर स्थिति अत्यंत प्राचीन निर्जन आश्रम में भी बड़ी संख्या में भक्तों का आना-जाना होता है। सड़क की जर्जर स्थिति, बड़े गड्ढों में भरा पानी और जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होना इस मार्ग को और खतरनाक बनाता है। बारिश में जलभराव की स्थिति और गंभीर हो जाती है, क्योंकि नालियों की कमी के कारण लोग घरों और दुकानों का गंदा पानी सड़क पर छोड़ते हैं। फुटपाथों और सड़क किनारों पर अतिक्रमण ने मार्ग को संकीर्ण कर दिया है, जिससे पैदल यात्री और वाहन चालक दोनों को परेशानी होती है। यह स्थिति दुर्घटना और स्वास्थ्य जोखिम को बढ़ाती है। सिटी चिल्ड्रन्स अकादमी प्रबंधन ने अतिक्रमण हटाने का निवेदन किया, लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध और गाली-गलौच से तनाव उत्पन्न हुआ। प्रबंधन ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर सड़क की मरम्मत, अतिक्रमण हटाने और नाली निर्माण की मांग की थी। स्थानीय निवासियों और छात्रों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील की है ताकि इस मार्ग को सुरक्षित और सुगम बनाया जा सके। उधर खुबरियापुर के प्रधान बबलू बाथम का कहना है कि यह सड़क पीडब्ल्यूडी के अधीन है। समस्या से कई बार अवगत कराने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई।

प्राथमिक विद्यालय पश्चिमी में कायाकल्प योजना से हुआ गुणवत्तापूर्ण सुधार

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

नगर के प्राथमिक विद्यालय पश्चिमी में नगरपालिका द्वारा कायाकल्प योजना के तहत गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। हाल ही में पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे और वार्ड सभासद रिचा शर्मा के प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार और मिस्त्रियों को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और किसी भी कीमत पर समझौता न करने के कड़े निर्देश दिए। प्रधानाध्यापक कुलदीप यादव ने बताया कि लगभग 23 लाख रुपये की लागत से स्कूल परिसर में इंटरलॉकिंग ईंट बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। द्वितीय चरण में कक्षाओं में टाइल्स लगाने और बालिकाओं के लिए अलग शौचालय निर्माण का प्रस्ताव है। वर्तमान में स्कूल में 85 बालकों और 88 बालिकाओं सहित कुल 173 बच्चे पंजीकृत हैं। सभी कक्षाओं में बिजली और पंखे की सुविधा उपलब्ध है। भविष्य में कक्षाओं में कुर्सी-डेस्क, सीसीटीवी कैमरे और आईसीटी लैब स्थापित कर स्कूल को मॉडल विद्यालय बनाने की योजना है।

प्रधानाध्यापक ने बताया कि कुछ छोटे बच्चों के पास आधार कार्ड न होने की समस्या है, जिसके समाधान के लिए उच्च अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। इस कायाकल्प योजना से स्कूल का स्वरूप निखर रहा है, जिससे बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा।

जनपद के किसानों को नहीं होगी उर्वरक की कमीः डीएम

उरई,जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि खरीफवर्ष 2025 के दौरान जनपद के किसानों को उर्वरक की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी व सल्फेट ऑफ अमोनिया उपलब्ध है। किसानों को उनकी जोत के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा, किसी किसान को परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जनपद में कुल 25,570 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। इसमें 11,809 मीट्रिक टन यूरिया, 10,293 मीट्रिक टन डीएपी, 41 मीट्रिक टन एनपीके, 2,701 मीट्रिक टन एमओपी तथा 726 मीट्रिक टन सल्फेट ऑफ अमोनिया सम्मिलित है।

घटतौली को लेकर राशन कोटेदार के यहां दिया धरना

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के ग्राम कमालपुर में राशन वितरण में की जा रही घटतौली को लेकर कार्डधारकों में रोष व्याप्त है। कार्ड धारकों ने कोटेदार द्वारा की जा रही अभ्रदता और घटतौली को लेकर राशन दुकान के बाहर धरना प्रदर्शन किया। कार्डधारकों का आरोप है, कि कोटेदार ने तराजू में सेटिंग कर रखी है। विरोध प्रदर्शन कर रहे कार्डधारकों ने कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर भाकियू भानु गुट ने कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्राम कमालपुर के किसानों और कार्डधारकों ने भाकियू भानू के नेतृत्व में गांव से संबंधित राशन की दुकान के सामने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का आरोप है कि कोटेदार सरकार द्वारा दिए जा रहे राशन की चोरी कर रहा है, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। इस बारे में भाकियू भानू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ने बताया कि ग्रामीणों ने कई बार उच्चाधिकारियों से कोटेदार द्वारा की जा रही घटतौली और अभ्रदता की शिकायत की, लेकिन किसी भी स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई। जिससे कोटेदार के हौसले बुलंद हैं।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि दोषी कोटेदार पर तत्काल कार्रवाई की जाए। संबंधित अधिकारियों की भी जांच कर जिम्मेदारी तय की जाए। मामले में कोई सुनवाई न होने पर यह अनिश्चितकालीन धरना में परिवर्तित हो सकता है। किसानों ने चेतावनी दी है, कि जब तक समाधान नहीं होगा, भाकियू भानु के माध्यम से धरना जारी रहेगा। उधर धरना प्रदर्शन की जानकारी होते ही नायाब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ने उन्हें कोटेदार के संबंध में जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा।

धूमधाम से हुआ रामलीला का धरती पूजन

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ रोड स्थित रामलीला मैदान में हवन व धरती पूजन के साथ बुधवार से दिन की रामलीला का शुभारंभ हो गया। इस बार शिव और राम बारात ऐतिहासिक होगी। नगर में सौरिख तिराहे से शाम 5 बजे रथ पर सवार गणेश जी के साथ रामलीला मैदान के लिए शोभायात्रा प्रारंभ हुई। इससे पहले संरक्षक पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष अनुराग त्रिपाठी, महामंत्री कौशलेंद्र सिंह श्यामू चौहान व मीडिया प्रभारी गिरजेश दीक्षित टिंकू आदि पदाधिकारियाँ ने गणेश पूजन किया। रास्ते में कई जगह गुलाब के फूलों की वर्षा करके लोगों ने गणेश पूजन किया। विशुनगढ़ रोड पर नगर से बाहर स्थित रामलीला मैदान में सबसे पहले गणेश पूजन और फिर धरती पूजन हुआ। पंडित प्रेम मुरारी दुबे ने हवन कराया और पदाधिकारियों ने आहुतियां दीं। महामंत्री कौशलेंद्र सिंह उर्फ श्यामू चौहान ने बताया 19 सितंबर शुक्रवार को पूर्वी बाईपास से दोपहर बाद 3 बजे से शिव बारात का शुभारंभ होगा जबकि 28 सितंबर रविवार को पूर्वी बाईपास से शाम 7 बजे से राम बारात निकाली जाएगी। इस बार रावण वध दशहरा का कार्यक्रम 3 अक्टूबर शुक्रवार को 3 बजे से रामलीला मैदान में होगा। इस दौरान ब्रजेंद्र यादव बब्बा, मोहित कुशवाह, विनीत त्रिपाठी, टीटू अग्निहोत्री, जितेंद्र दीक्षित एडवोकेट, आशु तिवारी सभासद पंकज दुबे व सभासद हिमांक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

साइबर क्राइम से लड़ने के लिए व्यापारियों ने कसी कमर

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज

आजकल साइबर क्राइम की खबरें अखबारों में आम हो गई हैं, जिसमें व्यापारी सबसे ज्यादा शिकार बनते हैं। कभी नकली स्क्रीनशॉट दिखाकर ग्राहक ठगी कर जाता है, तो कभी लोन का लालच देकर हैकर्स स्पैम ओटीपी भेजकर बैंक खाते से पैसे उड़ा लेते हैं। साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरूकता को सबसे प्रभावी हथियार मानते हुए व्यापारियों ने कमर कस ली है। उड़ान संस्कारशाला के सहयोग से भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मोबाइल बनेगा चोर नामक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता शुरू की है। नगर अध्यक्ष रजत त्रिपाठी ने बताया कि जागरूकता फैलाने के लिए व्यापार मंडल की टीमें बनाई गई हैं। एक टीम स्कूलों और कोचिंग संस्थानों में बच्चों को जागरूक कर रही है, जबकि दूसरी टीम व्यापारिक प्रतिष्ठानों में पहुंचकर साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दे रही है। महामंत्री धर्मेंद्र सविता ने बताया कि यह प्रतियोगिता निःशुल्क है और सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

आयोजक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि साइबर पुलिस कन्नौज के मार्गदर्शन में यह क्विज 3 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक उड़ान पोर्टल पर उपलब्ध होगी। पंजीकृत प्रतिभागी अपने आईडी-पासवर्ड से परीक्षा दे सकेंगे। 100 बहुविकल्पी प्रश्नों की पीडीएफ प्रतियोगियों को व्हाट्सएप पर भेजी जाएगी। इस पहल से साइबर क्राइम के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

नगर पालिका का विशेष सफाई अभियान शुरू

छिबरामऊ, कन्नौज। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में 17 से 2 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत नगरपालिका चेयरमैन मनोज दुबे ने हरी झंडी दिखाकर की। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में मलेरिया, डेंगू जैसे संचारी रोग फैलने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए समय रहते सावधानी बेहद जरूरी है। अभियान के तहत सभी वार्डों में विशेष सफाई, कीटनाशक दवाओं और चूने का छिड़काव किया जाएगा। इसके अलावा हर मोहल्ले में सैनिटाइजेशन पर विशेष जोर रहेगा। चेयरमैन ने कहा कि बीमारी से बचाव का सबसे कारगर उपाय स्वच्छता है। नगर पालिका परिसर से प्रारंभ हुई जागरूकता रैली आवास विकास कॉलोनी होते हुए विभिन्न मोहल्लों में पहुंची। अभियान के तहत हर वार्ड में खाली पड़े प्लाटों की भी सफाई की जाएगी इसमें सफाई निरीक्षक अमरदीप, प्रवेश यादव, प्रदीप कश्यप, सभी सफाई नायक, सभासद और पालिका कर्मचारी शामिल रहे। इस दौरान लोगों को साफ-सफाई और रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया गया।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित

▸ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 307 मरीजों को परीक्षण कर वितरित की दवायें

▸ मंत्री ने दिया स्वच्छता का संदेश

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

शिविर में मौजूद लोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 में जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत नि- शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। बुधवार को कस्वा के बसंती कोल्ड स्टोरेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 में जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत डॉक्टर बी एस कुशवाहा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज लक्ष्मणपुर कानपुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र से आए महिला व पुरुषों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवा ली।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंत्री असीम अरुण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर समाजसेवी कन्हैया दीक्षित के द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत लगाए गए स्वास्थ्य शिविर की सराहना की। कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचने का काम किया जा रहा है। जबकि डॉक्टर बीएस कुशवाह इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के डॉक्टरों की भी सराहना की। इस दौरान शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, न्यूरो सर्जन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डेंटल विशेषज्ञ, ईएनटी, गोपाल त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष रजनी पाल, विवेक पाठक, हरीश चंद मिश्रा, सचिन पाठक, मनोज त्रिवेदी, दिवारी लाल, वीरेंद्र पाठक सहित आदि लोग रहे।

कलेक्ट्रेट में आज से 15 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन

कन्नौज समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक व्यक्तित्व, राष्ट्रनिर्माण में उनके कृतित्व तथा 'न्यू इंडिया/2047' की संकल्पना पर आधारित 15 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन कलेक्ट्रेट (विकास भवन) परिसर में किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन आज जनपद के जनप्रतिनिधिगणों एवं जिलाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं नवाचारों का जन-जन तक प्रचार- प्रसार करना है। आमजन को इन योजनाओं की जानकारी देने एवं उन्हें इनसे लाभान्वित करने हेतु यह प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शनी में विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं को आकर्षक चित्रों, पोस्टरों व डिजिटल माध्यमों के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा। सूचना विभाग द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में स्कूली छात्र- छात्राओं, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग- अलग जानकारीपूर्ण गतिविधियों की भी व्यवस्था की गई है, जिससे वे इन योजनाओं को समझ सकें और इनसे जुड़ सकें। यह प्रदर्शनी आगामी 15 दिनों तक आमजन के लिए प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निःशुल्क खुली रहेगी।

दस लीटर कच्ची शराब सहित महिला को पकड़ा

कालपी,जालौन। स्थानीय नगर की कांशीराम कालौनी के समीप 10 लीटर अवैध शराब सहित आरोपी महिला को टरननगंज चौकी इंचार्ज ने गिरफ्तार करके चालान कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी, टरननगंज चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र, हमराही अभिषेक कुमार, महिला कांस्टेबल नेहा पटेल के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे, इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर मुखबिर की सूचना पर टरनंनगंज चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र की पुलिस टीम कांशीराम कालौनी के समीप पहुंच गयी। पुल के समीप संदिग्ध अवस्था मे एक पिपिया में 10 लीटर अवैध शराब सहित आरोपी महिला राधा पत्नी संजीव कबूतरा निवासी ग्राम लंगरपुर कबूतरा डेरा को पकड़ लिया। महिला सिपाही की मदद से पुलिस टीम ने आरोपी महिला को गिरफ्तार करके आबकारी एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला शराब को नाजायज तरीके से बेंचने में लिप्त थी।

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर आयोजित

▸ मंत्री असीम अरुण सहित जनप्रतिनिधियों ने किया रक्तदान

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

रक्तदान करते मंत्री असीम अरुण

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय में मंगलवार को रक्तदान शिविर एवं आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग असीम अरुण, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंत्री असीम अरुण एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान मंत्री सहित अन्य जन प्रतिनिधियों ने स्वयं भी रक्तदान किया, जिससे लोगों को प्रेरणा मिली। मंत्री ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सजीव प्रसारण भी देखा व सुना गया। इसी क्रम में 15 टीवी मरीजों को पोषण पोटली, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत 3 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा 3 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है। यह जीवन बचाने का माध्यम है और सभी नागरिकों, खासकर युवाओं को इस पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रधानमंत्री के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत अनेक सेवा कार्य आयोजित किए जा रहे हैं।

ब्लड बैंक की टीम द्वारा सभी रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच कर सुरक्षित रूप से रक्त संग्रहण किया गया। सभी रक्तदाताओं को मानवता सेवा में योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे समाज के अन्य लोग भी प्रेरित हो सकें। इस अवसर पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, सहित कई अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण तथा समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य रहे।

सांडों की लड़ाई में परिसर में खड़ी बाइक-स्कूटी टूटी

कोंच ,जालौन। कोंच ब्लॉक कार्यालय कैंपस में बुधवार की दोपहर के समय सांड़ों की बुल फाइटिंग देखने को मिली है। लेकिन यहां सांड़ों में सिर्फ आपस में लड़ाई नहीं की बल्कि ब्लॉक कार्यालय कैंपस में खड़ी एक बाइक और एक स्कूटी को भी तोड़ते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसका वीडियो भी सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच ब्लॉक कार्यालय कैंपस में मीटिंग चल रही थी इसी दौरान तमाम लोगों की बाइकें और वाहन पर खड़े हुए थे, इसी दौरान दो सांड आपस मे लड़ने लगें। वही देखते ही देखते सांडों की जबरदस्त लड़ाई की चपेट में एक बाइक और एक स्कूटी आ गई, जिससे बाइक और स्कूटी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई।

फसलों में नैनो उर्वरकों का अधिक प्रयोग करें किसान

एडीओ ने किसान गोष्ठी में अत्यधिक उर्वरकों के प्रयोग से बचने की दी सलाह

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

बुधवार को बी पैक्स इटौरा (ब्लॉक कदौरा) में नैनो उर्वरक महाभियान के अंतर्गत एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित द्विवेदी (अध्यक्ष, बी पैक्स इटौरा), उदेश तिवारी (अध्यक्ष, बी पैक्स आटा) ने संयुक्त रूप से की।

अतिथि के रूप में एडीओ सहकारिता द्वारिका प्रसाद गुप्ता और प्रगतिशील किसान डॉ. विनोद पुरवार (पूर्व मंडलाध्यक्ष, भाजपा) भी उपस्थित थे। अध्यक्ष ने बताया कि अत्यधिक उर्वरकों के उपयोग से मृदा स्वास्थ्य कैसे खराब हो रहा है और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने किसानों को नैनो उर्वरकों के उपयोग पर भी जोर दिया और इसे कृषि के क्षेत्र में एक उभरती हुई तकनीक बताया। इफको के क्षेत्र अधिकारी शुभम मिश्रा ने आगामी रबी फसलों को ध्यान में रखते हुए नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग के तरीकों के बारे में बताया। बैठक में इफ्को एमसी स्टाफ और एसएफए हॉटस्पॉट सहित लगभग 50-55 लोगों ने भाग लिया।

बुजुर्ग पिता को पुत्र ने घर से निकाला

कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।

कोंच तहसील के पचीपुरी गांव में कलयुगी बेटे की करतूत सामने आई है, जहां बड़े बेटे ने बुजुर्ग पिता के मकान पर कब्जा करते हुए बुजुर्ग पिता को घर से बाहर निकाल दिया, जिसके बाद पीड़ित बुजुर्ग ने मामले में बुधवार को एसडीएम ज्योति सिंह से शिकायत कर गुहार लगाई है।

आपको बता दें कि पचीपुरी गांव के रहने वाले 95 वर्षीय जुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके तीन पुत्र शौकत, अख्तर और सोहराव हैं जिसमें छोटे पुत्र सोहराव की मृत्यु हो चुकी है। और मेरे पास कोई जमीन जायदाद भी नहीं है। केवल पचीपुरी गांव में एक मकान है, जिस पर मेरा बड़ा पुत्र शौकत कब्जा किए हुए हैं जो मुझे खाना पीना भी नहीं देता है और बीती 15 सितंबर को बड़े पुत्र शौकत ने मेरी चारपाई फेंककर मुझे घर से बाहर निकाल दिया। और मकान में दूसरे पुत्र एवं नातियों को भी हिस्सा नहीं दे रहा है एवं कब्जा कर रखा है। फिलहाल बुजुर्ग की शिकायत का संज्ञान लेते हुए मामले में एसडीएम ज्योति सिंह ने जांच कराकर उचित कार्रवाई का भरोसा बुजुर्ग व्यक्ति को दिया है।

पीएम के जन्मदिवस पर चित्र प्रदर्शनी का हुआ शुभारम्भ

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर आज इंदिरा स्टेडियम में सूचना विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 15 दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व, न्यू इंडिया 2047 की परिकल्पना तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं एवं उपलब्धियों को भव्य चित्रों और दस्तावेजों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी के शुभारम्भ के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक, सामाजिक संगठन, व्यापारी व आमजन मौजूद रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के जीवनवृत्त और सरकार की उपलब्धियों को दर्शाते चित्रों का अवलोकन कर गहरी रुचि दिखाई। युवाओं में न्यू इंडिया 2047 के विजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रधानमंत्री के विजन और सरकार की उपलब्धियों को जनमानस तक पहुंचाने के लिए इसे सराहनीय पहल बताया। प्रदर्शनी प्रतिदिन आमजन के लिए खुली रहेगी, जहां नागरिक विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविन्द चौहान, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन तथा भाजपा जिला अध्यक्षा उर्विजा दीक्षित ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार पाण्डेय, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, मुख्य कोषाधिकारी आनंद सिंह, आबकारी अधिकारी भूपेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील, अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय ग्रा0पं0 चांदपुर वि0ख0 नवाबगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः ग्रा0पं0/ मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 17/09/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत चांदपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादातायों से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18/09/2025 से 24/09/2025 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/09/2025 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र. स	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	हॉट बाजार दुकान निर्माण कार्य	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	8.05 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(बबिता सिंह) ग्रा0पं0 चांदपुर, वि0ख0 नवाबगंज सचिव-(आकांक्षा सक्सेना)

कार्यालय ग्राम पंचायत हरकमपुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/ पंचम वित्त/मनरेगा टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 17/09/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/पंचम वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरकमपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18/09/2025 से 24/09/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/09/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र. स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	कचरा वाहन/कूड़ा गाड़ी	1,31200	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (मीनू शर्मा) ग्रा0पं0 हरकमपुर, वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव (रामवीर शाक्य)

लोहिया में आयोजित कार्यक्रमों का प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया शुभारंभ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर लोहिया अस्पताल के ब्लड बैंक में जहां सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन, वहीं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ0 जयवीर सिंह न फीता कटकर किया। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिलाध्यक्ष मयंक सिंह बुंदेला ने बताया कि लगभग ढाई दर्जन युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। भाजपा नेत्री डॉ0 रजनी शरीन ने कहा कि यह विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है और कार्यकर्ता उनकी दीर्घायु की कामना करते हुए रक्तदान कर रहे हैं। इस अवसर पर मन्त्री द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के तहत लगाये गये विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया गया व म0प्र0 के आदिवासी बाहुल्य धार में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारित देखा व उनका भाषण सुना। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर, जिलाध्यक्ष भाजपा फतेहचंद्र राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक लोहिया अस्पताल पुरूष व महिला व संबंधित मौजूद रहे।

फीता काटकर कार्यक्रमों का शुभारंभ करते प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधि

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाया गया स्वच्छता अभियान

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाये जाने के प्रथम दिन मैन चौराहा नवाबगंज पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, मंडल अध्यक्ष भाजपा कमल भारद्वाज ने भाग लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि गांधी जी ने भारत को स्वच्छ बनाने का सपना देखा था। जिसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है, क्योंकि स्वच्छता से ही हम बीमारियों पर विजय पा सकते हैं। इसके लिए हर व्यक्ति को जागरुक होना होगा, तभी हम इस मिशन को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने सभी नगरवासियों से अपील की कि वह अपने आसपास गंदगी ने होने दें। साथ ही स्वच्छता के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। जिससे हम गांधी जी के सपने को साकार कर सकें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस अभियान को सफल बना सके। इस मौके पर योगेंद्र सिंह राठौड़, हेम सिंह लोधी, संजीव गुप्ता, शिव प्रताप सिंह, कुलदीप त्रिपाठी, अवनीश गुप्ता आदि मौजूद रहे। सभी ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

स्वच्छता अभियान चलाते नगर पंचायत अध्यक्ष व कमल भारद्वाज आदि

प्राथमिक विद्यालय में चोरी का असफल प्रयास

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। चोरों ने प्राथमिक विद्यालय में चोरी का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। प्रधानाध्यापिका ने कहा कि कल पुलिस को तहरीर देंगे।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की नगर पंचायत के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जाफर नगर में गेट के ताले टूटे मिले। जिस पर वहां तैनात अध्यापिका शालिनी, सोनी दो दिन से अंदर से ताले लगाकर जाने लगी, लेकिन आज किसी तरह फिर गेट के तले टूट गए। जिससे किसी भी दिन विद्यालय में चोरी की घटना घट सकती है। वहीं इस बाबत जानकारी करने पर प्रधानाध्यापिका ने बताया की गेट के ताले टूटने की घटना की जानकारी हुई है। जिसकी कल थाने में तहरीर दी जाएगी।

पुलिस छेड़छाड़ के आरोपी को बचाने में जुटी, पिता मांग रहा इंसाफ

कम्पिल, समृद्धि न्यूज। घर में घुसकर तीन युवकों ने युवती के साथ छेड़छाड़ की। बचाने आए पिता के साथ युवकों ने मारपीट की। पीड़ित पिता पांच दिनों से थाने के चक्कर लगा रहा है। मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। वही पिता ने आरोप लगाया की एक आरोपी को पुलिस ने थाने से पकड़कर छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण एक हफ्ते पूर्व किसी काम से बाहर गया था। घर पर पुत्री अकेली थी। बूढ़ी माँ छत पर बने कमरे में सो रही थी। गांव निवासी तीन युवक घर में घुस आये। घर वापस आने पर घर में घुसे तीन युवकों को पुत्री के साथ छेड़छाड़ करते देखा। विरोध पर युवकों ने पीड़िता के पिता के साथ मारपीट की। आरोपी धक्का देकर फरार ही गये। पीड़ित पिता ने थाने आकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने आरोपितों के घर दविश दी। दो दिन पूर्व पुलिस एक आरोपित को पकड़कर थाने ले आयी। पिता ने आरोप लगाया की पुलिस ने रूपये लेकर आरोपी को किशोर बताकर छोड़ दिया। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया मामले की जानकारी नहीं है। फिर भी जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने छात्रा को घटनास्थल पर ले जाकर की जांच

कम्पिल, समृद्धि न्यूज।

कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर कोचिंग संचालक, उसके भाई व एक अन्य साथी ने छात्रा के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। पीड़िता की तहरीर पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने किशोरी को कंप्यूटर सेंटर सहित एक अन्य जगह पर ले जाकर जांच पड़ताल की। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी इंटरमीडिएट की छात्रा कंपिल स्थित राजीव इंस्टीट्यूट कंप्यूटर सेंटर पर कोचिंग करती थी। इसी दौरान लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व कोचिंग संचालक दिव्यांग शीबू, उसका भाई सलमान व साथी अनस ने छात्रा को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ डालकर पिला दिया। छात्रा के बेहोश होने पर आरोपितों ने दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। आरोपित छात्रा को मंतातरण कर निकाह करने का दबाव बनाने लगे। पीड़िता ने स्वजनों के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर सीओ को दी। सीओ के आदेश पर दिव्यांग आरोपित शीबू, उसका भाई सलमान व साथी अनस के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शनिवार को उन्हें जेल भेज दिया। पीड़िता के स्वजनों गांव पहुंचे सांसद मुकेश राजपूत से बुलडोजर की कार्रवाई करने की मांग की। रविवार को एसडीएम अतुल कुमार सिंह के निर्देश में लेखपाल राहुल मिश्रा, रोहित अवस्थी कानूनगो, विमल पटेल ने कंपिल-कायमगंज रोड स्थित कब्रिस्तान व कंपिल खास स्थित कोचिंग सेंटर की जमीन सहित आरोपित अनस के गांव निजामुद्दीनपुर में पहुंचकर नापजोख की थी। बुधवार सुबह पुलिस ने छात्रा के साथ कम्प्यूटर सेंटर जाकर गहनता से पूछताछ की। इसके बाद वह छात्रा के साथ कायमगंज स्थित एक गेस्ट हाउस भी गए। मंगलवार दोपहर भी कंप्यूटर सेंटर पर इंस्टीट्यूट के कुछ अधिकारियों ने पहुंच जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया छात्रा के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया था। मामले की जांच की जा रही है।

प्रचार-प्रसार के अभाव में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर हुई कृषि गोष्ठी फ्लाप

कृषि गोष्ठी में मौजूद कमल भारद्वाज व अन्य

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कृषि गोष्ठी का आयोजन में किया गया। प्रसार प्रसार के अभाव में कृषि गोष्ठी फ्लाप साबित हुई। किसानों व अधिकारियों की संख्या न के बराबर रहने से कार्यक्रम को औपचारिकताओं में निपटाया गया। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के द्वारा ना ही किसी अधिकारी को सूचना दी गई और न ही विकास खंड कार्यालय पर कोई सूचना प्रसारित कराई गयी।

यहां तक कि किसानों को भी कोई सूचना नहीं दी गयी। जिससे एकाएक हुई कृषि गोष्ठी में किसानों आदि की संख्या न के बराबर रही। इससे कृषि विभाग की लापरवाही साफ परिलक्षित होती है। लोगों का कहना था कि सरकार योजनायें तो लाती है, लेकिन मातहत उसको धरातल पर पर नहीं लाना चाह रहे हैं। जिससे योजनाओं को लाभ पात्र लोगों को नहीं मिल पाता है। सूचना के अभाव में लोगों की उपस्थिति न हो पाने के चलते कृषि गोष्ठी औपचारिकताओं में आनन-फानन में निपटायी गयी। इस मौके पर एडीओ एग्रीकल्चर गिरीश चंद्र, विभाग प्रभारी पंकज राजपूत, भाजपा के मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, ग्राम प्रधान रामपाल सिंह सहित लगभग दो दर्जन लोग बैठक में मौजूद रहे। बताते चलें कि प्रधानमंत्री का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रुप में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। जिसमें हर रोज कार्यक्रम आयोजित होंगे।

व्यापारियों ने केक काटकर धूमधाम से मनाया जन्मदिन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से केक काटकर मनाया। इस मौके पर व्यापारियों ने उनकी दीर्घायु की कामना की। जानकारी के अनुसार बुधवार को मंडी समिति कायमगंज में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता के प्रतिष्ठान पर देश के प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन बड़े धूमधाम के साथ केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री सत्यनारायण वर्मा ने केक काटकर सभी पदाधिकारी का मुंह मीठा कराया और ईश्वर से प्रार्थना की मोदी की उम्र बहुत लंबी हो। जनहित में उन्होंने तमाम योजनाएं देशवासियों के लिए बनाईं। चाहे वह जनधन खाता हो, आयुष्मान कार्ड हो, हर घर शौचालय हो, निःशुल्क गल्ला हो, गरीबों को पक्के मकान आदि बहुत सारी योजनाएं प्रधानमंत्री चला रहे हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष बालक शर्मा, महेंद्र राजपूत, रवि राठौर, राकेश राठौर सहित तमाम व्यापारीगण व पदाधिकारी मौजूद रहे।

भगवान गजानन की आरती उतारते कमेटी के लोग

गणेश पूजन के साथ रामलीला महोत्सव का शुभारंभ

कम्पिल, समृद्धि न्यूज। पौराणिक तीर्थ नगरी कंपिल में आयोजित 15 दिवसीय रामलीला का बुधवार को गणेश पूजन के साथ शुभारंभ हो गया। भगवान गणेश की आरती उतारकर झांकी निकाली गई। इस दौरान अनेक भक्तगण मौजूद रहे। बुधवार को रामलीला मंचन के शुभारंभ मे आचार्य पंडित राजकरन मिश्रा ने वेद मंत्रों से गणेश पूजन कर हवन किया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने भगवान शिव की आरती कर शोभा यात्रा की शुरुआत कार्य। जिसमें भगवान गणेश, गाय के साथ झांकी रामलीला मैदान से गाजे बाजे के साथ परंपरा के तहत पूरे कस्बे में भ्रमण की। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, महामंत्री कुलदीप सैनी, उपाध्यक्ष नन्हें राठौर, कोषाध्यक्ष ऋषभ गुप्ता, किशनू चतुर्वेदी, चंचल दुबे, पूर्व चेयरमैन डॉ0 उपेंद्र दत्त शर्मा, रामानंद मिश्रा, करुणा शंकर मिश्रा, बहोरन दुबे, रामाऔतार चतुर्वेदी, सुरेंद्र सिंह शाक्य उपस्थित रहे।

प्रधानों व सचिवों को शासन की योजनाओं का पढ़ाया गया पाठ

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड कार्यालय के सभागार में शासनादेश के अनुसार प्रधानों व सचिवों को शासन की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव मौजूद रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय के सभागार में शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही ग्राम प्रधान ट्रेनिंग योजना के तहत विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान के निर्देशन में ट्रेनिंग बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले से आए ट्रेनिंग अफसर विपिन कुमार तथा प्रतिभा कटियार ने सभी ग्राम प्रधान तथा ग्राम सचिवों को शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा कहा कि शासन की जितनी भी योजनाएं हैं उन सभी को बिना भेदभाव किए धरातल पर लाने का कार्य किया जाए। वहीं विकास खंड अधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों तथा ग्राम पंचायत सचिवों को सरकार की योजनाएं जैसे की राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त मनरेगा योजना सहित सभी योजनाओं के बारे में बारीकी से जानकारियां दीं। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह, ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, जगवीर सिंह यादव, अरविंद कुमार, बृजेश कुमार, कुलदीप सिंह राजपूत, वेद प्रकाश, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, आकांक्षा सक्सेना, कमल सिंह तथा ट्रेनिंग अफसर विपिन कुमार, प्रतिभा कटियार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजीव यादव, रामनिवास राजपूत, दिनेश कुमार यादव, मनोज कुमार, हर्षित गंगवार, कन्हैया गंगवार, गोपाल गंगवार, रामपाल सिंह, संजीव यादव, बबलू कुमार, प्रधान प्रतिनिधि ज्योना मुकेश कुमार, दुर्गेश कुमार, नौशाद खान, रमेश चंद्र, अभय राज सहित सभी ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सेवक बैठक में मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव

सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री ने किया अवलोकन

प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सूचना विभाग द्वारा प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व, कृतित्व व न्यू इण्डिया/2047 एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में 15 दिवसीय दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक प्रदर्शनी लगायी गयी। जिसका शुभारंभ प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधिगणों द्वारा अपराह्न 01:00 बजे किया गया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा तथा लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह मौजूद रहे।

पूर्व सांसद ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज की 11वीं पुण्यतिथि पर हुई संगोष्ठी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वावधान में राष्ट्र संत पूर्व गोरक्षा पीठाधीश्वर व गोरखपुर लोकसभा से पूर्व सांसद ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज की 11वीं पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन आदित्य दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति पूर्व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य ने महंत अवैद्यनाथ के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्चन किया। उन्होंने कहा कि हमें जाति-पांति में नहीं बंटना है। हमें हिन्दुतत्व की विचारधारा से जुड़ना है। हमारे लिए भगवान परशुराम, अग्रसेन व सभा महापुरुषों की यात्राओं में सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लें और हिन्दू समाज अपनी एकता का परिचय दे। योगी के इस अभियान को आगे बढ़ाना है और हिन्दुत्व को मजबूर करना है। ब्रज प्रांत के प्रभारी शरद प्रजापति ने कहा हमें अपनी संस्कृति को बचाना है और बच्चों में संस्कार भरने हैं। ताकि आने वाले समय में यह सनातन को मजबूत कर सकें। अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने कहा कि वक्त आ गया है कि सभी हिन्दू संगठन एकाग्र होकर संघर्ष करें। इस दौरान विश्व हिन्दू महासंघ के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अनुपम अवस्थी ने प्रदेश अध्यक्ष का 11 किलो की माला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान जिला महामंत्री विश्व हिन्दू मंच के पियूष दुबे ने भी संबोधित किया। इस मौके पर रघुवंश मिश्रा, रेखा मिश्रा, रवी बाजपेयी, अमन दुबे, शिवम त्रिपाठी एडवोकेट, अनीता शर्मा, बृजेश अवस्थी, गोलू मिश्रा, आनन्द, प्रशांत, कमलेश, दिवाकर दुबे आदि मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत करते जिलाध्यक्ष व गायत्री मिश्रा आदि

नगर पालिका ने सीएचसी में चलाया स्वच्छता अभियान

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

शासन के आदेश के अनुपालन में 17 सितंबर को सेवा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कायमगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर शरद के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान परिसर व आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई कार्य किया गया तथा लोगों को गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा अलग-अलग करके नगर पालिका के वाहनों को देने, प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करने तथा अपने आसपास के क्षेत्र में साफ -सफाई बनाए रखने हेतु जागरूक किया गया। तत्पश्चात वहां उपस्थित सभी सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 शरद गंगवार, अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र, पालिका के सभासदगण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 शोभित कुमार तथा स्वास्थ्य केंद्र का समुचित स्टाफ, नगर पालिका परिषद कायमगंज से राजस्व निरीक्षक अंशुमान आनंद शुक्ला, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद, पालिका के समस्त कर्मचारी व सफाई मित्र आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छता अभियान चलाते पालिकाध्यक्ष व अन्य

संयुक्त चेकिंग में तीन ओवरलोड ट्रक सीज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में दिनांक 17.09.2025 को प्रातः जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा बघार तथा मोहम्मदाबाद क्षेत्र में खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग के दौरान खनन सामग्री का परिवहन करने वाले 3 ओवरलोड ट्रकों को सीज कर दिया गया तथा खनन विभाग द्वारा रुपए 108000/- तथा परिवहन विभाग द्वारा रुपये 70000/- का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त ओवरसाइज ट्रक को भी पकड़कर सीज किया गया तथा उन पर परिवहन विभाग द्वारा रूपये 31000/- का जुर्माना लगाया गया। दोनों विभागों द्वारा लगाया गया समस्त जुर्माना वसूल लिया गया है। यह औचक कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

पकड़ा गया ओवरलोड ट्रक

25 हजार के ईनामी बदमाश को पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित दबोचा

▸ महिला से लूटी गयी चेन की बिक्री से प्राप्त 10220/- रुपये भी बरामद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली मोहम्मदाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 256/2025 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस धारा 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वांछित 25000/- रूपये का इनामिया अभियुक्त गोविन्द पुत्र सुरेश यादव निवासीग्राम पिपरगांव कोतवाली मोहम्मदाबाद को वादिनी से लूटी गयी चेन की बिक्री से प्राप्त 10220/- रूपये व 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज सहित गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार दिनांक 15 अगस्त को वादिया माउन्ट लिटेरा स्कूल के मोड़ पर कोतवाली मोहम्मदाबाद से अज्ञात चोरों द्वारा वादिनी से तमंचा के बल पर गले में पड़ी सोने की चेन को लूट ले जाने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त होने पर कोतवाली मोहम्मदाबाद पर मु0अ0सं0 256/2025 धारा 309 (4)/317(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में अभियुक्तगण इन्द्रजीत उर्फ मनीष पुत्र मुन्नु उर्फ दशरथ व गोविन्द पुत्र सुरेश यादव निवासीगण ग्राम पिपरगांव कोतवाली मोहम्मदाबाद का नाम प्रकाश में आया।

अभियुक्त गोविन्द उपरोक्त पर 25000/- रूपये का इनाम घोषित किया गया। दिनांक 17.09.2025 को अभियुक्त गोविन्द उपरोक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से वादिनी से लूटी गयी चेन की ब्रिकी से प्राप्त 10220/- रूपयों की बरामदगी की गयी तथा अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद कर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस एवं धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

पुलिस हिरात में अभियुक्त

संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से युवक घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से घायल हुए युवक को लेकर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बबना में गांव के बाहर झोपड़पट्टी डालकर रह रहे दिनेश कुमार नट के बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में गर्दन में गोली लग गयी। जिसकी सूचना पर परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बबना चौकी इंचार्ज दरोगा राजेश कुमार ने घायल युवक को परिजनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार देने के बाद डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां घायल युवक का उपचार जारी है। जब इस बाबत थाना पुलिस के दरोगा बबना चौकी इंचार्ज राजेश कुमार से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि मामला संदिग्ध है। घायल युवक के परिजनों से बीती रात विवाद भी हुआ था। उसके बाद युवक कैसे घायल हुआ यह मामला जांच पड़ताल का है। मामले की जांच पड़ताल जारी है। वहीं बबना चौकी इंचार्ज ने बताया कि इस मामले में कोई भी तहरीर नहीं आई है। तहरीर के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

पीएम के जन्मदिन पर युवा व्यापार मण्डल ने लोहिया में बांटे फल

▸ शमशाबाद में महिला मोर्चा ने जन्मदिन पर बांटे गुलगुले

फल वितरण के दौरान मौजूद व्यापारी, गुलगुले खिलाकर जन्मदिन मनाती महिला मोर्चा

फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय उद्योग युवा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित किये।

युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने अपनी युवा टीम के साथ 250 मरीजों को फल बांटे। जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने भी युवा पदाधिकारियों के साथ फल वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। सभी ने फल बांटते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर सीएमएस डॉ. जगमोहन शर्मा ने युवा व्यापारियों को धन्यवाद दिया। इस दौरान जिला महामंत्री प्रबल माहेश्वरी, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह, ऋषि बंसल, अर्पण अग्रवाल, मोहित यादव, संदीप सक्सेना, प्रतीक गुप्ता, नितिन गुप्ता, यशभान सिंह, राहुल श्रीवास्तव, विशाल सिंह, देवेश कुमार, शिबू सक्सेना, रजत यादव, ब्रजनारायण सोमवंशी, राहुल पाल मौजूद रहे। वहीं शमशाबाद में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। गुलगुले खिलाकर व फल बांटकर दी गई बधाई। कार्यक्रम के संयोजक मण्डल अध्यक्ष रेनू त्रिपाठी, मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की क्षेत्रीय महामंत्री पुष्पा तिवारी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पुष्पा तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किये। महिलाओं ने बधाई गीत गाये। इस अवसर पर महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मीरा सिंह, जिलाध्यक्ष बबीता पाठक, जिला उपाध्यक्ष ममता सक्सेना, जिला महामंत्री हिना दवे, वीणा शुक्ला, रिशु गुप्ता, नीतू गुप्ता, निर्मला देवी आदि उपस्थित रहीं।

सेवा पखवाड़ा के तहत सांसद, डीएम व चेयरमैन ने लगाई झाड़ू

▸ सफाई कर्मचारियों को शाल ओढ़ाकर किया गया सम्मानित

स्वच्छता अभियान में भाग लेते सांसद, डीएम व चेयरमैन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान के तहत रोडवेज परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

रोडवेज के अधिकारियों व नगर पालिका परिषद के ईओ विनोद कुमार की देखरेख में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत व जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व चेयरमैन वत्सला अग्रवाल ने स्वच्छता पखवाड़ा में भाग लिया और रोडवेज बस स्टैण्ड परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही सभी को स्वच्छता की शपथ दिलायी गई।

जिलाधिकारी व सांसद एवं पालिकाध्यक्ष द्वारा स्वच्छता अभियान में भाग लेकर वृक्षारोपण किया गया और नगर पालिका के कर्मचारियों को माल्यार्पण कर शाल ओड़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा, रूपेश गुप्ता, ईओ नगर पालिका विनोद कुमार, एआरएम रोडवेज राजेश कुमार, संजीव गुप्ता, आदित्य मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

भगवान विश्वकर्मा जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

▸ प्रबुद्धजन व मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

सम्मानित मेधावी छात्र-छात्रायें व मंचासीन अतिथि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सृष्टि के निर्माणकल भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर कोकाल पांचाल ब्राह्मण समिति द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना की गई और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान विश्वकर्मा की शोभायात्रा का शुभारम्भ सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। यात्रा में बैण्डबाजों की धुन पर समाज की युवक व युवतियों ने नृत्य किया और भगवान विश्वकर्मा के जयकारे लगाये। जगह-जगह पूजा कर आरती उतारी गई। नेहरु रोड पर व्यापारी नेता संजय गर्ग ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और शाल ओड़ाकर स्वागत किया। घुमना पर मुजाहिद अंसारी ने फूल मालाओं से स्वागत किया। मंदिर परिसर में हवन व भण्डारा आयोजित हुआ। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रबुद्धजन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव रही। विशिष्ठ अतिथि अरविन्द गुप्ता ने कहा कि वृद्धजनों को सम्मानित करने के साथ समाज को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने पर बल दिया। 14 प्रबुद्धजनों में वीना शर्मा, रामऔतार शर्मा आदि को सम्मानित किया गया। 43 छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा ने समाज को शिक्षित व संगठित एवं राजनीति में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान समिति के सर्वेश कुमार शर्मा, आवेश कुमार, रामपाल शर्मा, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, राकेश शर्मा, इंद्रप्रकाश शर्मा, अनुराग शर्मा, पंकज शर्मा, सत्यदेव शर्मा, कैलाश चन्द्र शर्मा, उमाकांत शर्मा, विनीत शर्मा, दीपक शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, विकास शर्मा, रानी शर्मा, शानू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

पीएम के जन्मदिन पर लड्डू बांटती महिलायें

महिला मोर्चा ने सेवा पखवाड़ा के तहत मनाया पीएम का जन्मदिन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के पर सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर हर एक दिन समाज की सेवा में मनाया जाएगा। महिला चौपाल, कार्यक्रम संयोजक श्वेता दुबे ने सदर विधानसभा में डॉ0 रजनी सरीन के आवास पर आयोजित किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री पुष्पा तिवारी रही व विशिष्ट अतिथि मीरा सिंह, डॉ0 रजनी सरीन, जिलाध्यक्ष बबीता पाठक, ममता सक्सेना, सुमन राठौर आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ हेमा के द्वारा मां सरस्वती के भजन से किया गया एवं अतिथियों के द्वारा पीएम मोदी के चित्र पर रोचना किया गया और लड्डू खिलाया गया तथा उनकी दीर्घायु की कामना की गई। पीएम मोदी की मां के सम्मान में मिथिलेश मिश्रा एवं गिरिजा वाजपेई नगर की मां समान मातृशक्ति को सम्मानित किया गया, जो घर में रहकर भी समाज देश एवं राष्ट्र के हित में कार्य कर रही है। संचालन श्वेता दुबे ने किया।

सपा कार्यालय पर मनायी गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

सरकार बनने पर लखनऊ में लगायी जायेगी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति: चन्द्रपाल यादव

जिलाध्यक्ष को सम्मानित करते डॉ. मुकेश विश्वकर्मा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनायी गई। सभी ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया। गोष्ठी की जिलाध्यक्ष कर रहे जिलायक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यह वायदा किया है कि समाजवादी सरकार बनने पर गोमती रिवर फ्रंट के किनारे भगवान विश्वकर्मा की एक विशालतम प्रतिमा स्थापित की जाएगी और उनका आसान सोने का होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह भी घोषणा की है। समाज के प्रत्येक वर्ग के महापुरुष का सम्मान समाजवादी सरकार बनने पर किया जाएगा। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, शिव शंकर शर्मा, अरुण पाल शर्मा, आशीष शर्मा, मनोज यादव, रुक्मंगल सिंह यादव, नंदकिशोर दुबे वंदेमातरम, डॉ0 रामकृष्ण राजपूत आदि वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। संचालन डॉ. मुकेश विश्वकर्मा ने किया। इस मौके पर ओमप्रकाश शर्मा, बीना शर्मा, आशीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

हवन पूजन के साथ फतेहगढ़ रामलीला शुरु

हवन पूजन में भाग लेते पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। श्रीराम लीला कमेटी फतेहगढ़ के पदाधिकारियों ने सब्जी मण्डी स्थित श्रीरामनिवास पर हवन पूजन कर रामलीला का शुभारम्भ हुआ। आचार्य दिनेश तिवारी ने हवन पूजन के साथ स्वरुपों का पूजन करवाया और विधि विधान से रामलीला का शुभारम्भ हुआ। इस मौके पर संरक्षक मुन्नाला वर्ष्णेय, अध्यक्ष रवीश द्विवेदी, कोषाध्यक्ष चमन टंडन, अतुल मिश्रा, श्रवण कुमार चक, अनिल तिवारी, रविन्द्र कुमार वैश्य, संजय रस्तोगी, हर्षित मिश्रा, अतुल गुप्ता, गोपाल पुजारी, ग्रीश बाबू बाथम, संजय वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

रस्तोगी इंटर कालेज के रमेश चन्द्र अध्यक्ष व प्रमोद रस्तोगी बने प्रबंधक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सेठ कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज की नव निर्वाचित सदस्यों की त्रिवर्षीय चुनाव की बैठक पर्यवेक्षक की मौजूदगी में विद्यालय सभागार में रमेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में रमेश चन्द्र रस्तोगी, गिरीश चन्द्र रस्तोगी, जयकृष्ण रस्तोगी, नीरज रस्तोगी, महेश चन्द्र रस्तोगी, अमित कुमार रस्तोगी, उपेन्द्र कुमार रस्तोगी ने भाग लिया। पदाधिकारियों का चुनाव एवं कार्यकारिणी का गठन हुआ। उपाध्यक्ष पद हेतु जयकृष्ण रस्तोगी, अनूप रस्तोगी का नाम प्रस्तावित कर सर्वसम्माति से समर्थन किया गया। जिसमें जयकृष्ण रस्तोगी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। प्रबंधक पद हेतु प्रमोद कुमार रस्तोगी का नाम, गिरीश चन्द्र रस्तोगी एवं नीरज रस्तोगी का नाम प्रस्तावित किया गया। सर्वसम्मति से अन्य नाम न आने के कारण प्रमोद कुमार रस्तोगी प्रबंधक चुने गये। उप प्रबंधक अनूप कुमार व उपेन्द्र रस्तोगी एवं अमित कुमार रस्तोगी का नाम आया। जिसमें सर्वसम्मति से अनूप रस्तोगी उप प्रबंधक बने। कोषाध्यक्ष पद के लिए नीरज रस्तोगी चुने गये। कमेटी का गठन हुआ। जिसमें रमेश चन्द्र रस्तोगी अध्यक्ष, जयकृष्ण रस्तोगी उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार रस्तोगी प्रबंधक, अनूप रस्तोगी उपप्रबंधक, नीरज रस्तोगी कोषाध्यक्ष, गिरीश चन्द्र रस्तोगी सदस्य व महेश चन्द्र रस्तोगी, अमित कुमार रस्तोगी सदस्य बने। नामित सदस्य उपेन्द्र कुमार रस्तोगी, अनिल रस्तोगी, विनय रस्तोगी, विकास रस्तोगी बनाये गये। पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य डॉ. महेश चन्द्र राजपूत की मौजूदगी में गठन हुआ।

सविता समाज ने मनाया पीएम का जन्मदिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सविता समाज द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ७५वां जन्मदिवस मनाया गया। समिति के कार्यालय पर दीप प्रज्वलित कर उनके चित्र पर फूल माला पहनाकर मिष्ठान वितरित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास बाथम ने कहा कि प्रधानमंत्री का कार्य देश के लिए अनोखी मिशाल है। गयालाल व रामचन्द्र आदि लोगों ने भी विचार रखे और उनके दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर अमरनाथ, बाबूराम, राजेन्द्र, रतिपाल, अमित, उधन सिंह, महावीर, प्रमोद कुमार, दिनेश चन्द्र, रमेश, प्रेमप्रकाश, मनोज कुमार, अभय सिंह, महेन्द्र कुमार, शिव कुमार, दीपक, कुलदीप, संजीव, मनोहर लाल, उपदेश कुमार, आलोक, कन्हैया लाल, लालाराम, जगदीश आदि लोग मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

सम्मानित होते विजेता खिलाड़ी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

14, 15 व 16 सितंबर तक मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में संपन्न कराई गई उत्तर प्रदेश राज्य एथलीट प्रतियोगिता में जनपद के पांच खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किये। पदक विजेता खिलाड़ियों को स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में वार्ड संख्या 13 के सभासद मदुर कटियार ने स्वागत सम्मान किया, साथ ही जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन की ओर से सुशांत गुप्ता, ताइक्कांडो प्रशिक्षक ने नगद धनराशि देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

पदक विजेता खिलाड़ी मांडवी ने 100 मी0 में गोल्ड व 200 मीटर में सिल्वर मेडल जीता। वहीं विशन देवी ने हैमर थ्रो कांस्य पदक, शिवांगी ने लंबी कूद में कांस्य पदक, लवी राठौर ने वॉक रेस में रजत पदक, विशाल बाथम ने वाक रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला क्रीडा अधिकारी कर्मवीर सिंह, जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव संजीव कटियार, एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव योगेश शुक्ला, उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष शैलेश मिश्रा, जिला खो-खो एसोसिएशन की अध्यक्ष बीना गौतम, टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव आशीष कटियार, जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव अजय प्रताप, विपिन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच ने गमा देवी मंदिर पर चलाया स्वच्छता अभियान

स्वच्छता अभियान में भाग लेते लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर गमा देवी मन्दिर जेएनवी रोड पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ। सभी ने सुबह मंदिर परिसर पहुंचकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया और झाड़ू लगाकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की। इस मौके पर अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच की संस्थापक/सचिव भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, महानगर अध्यक्ष अनिल तिवारी, जिलाध्यक्ष रामवीर चौहान, क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पा तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. निधि मिश्रा, शीला तिवारी, श्वेता तिवारी, अर्चना द्विवेदी, विटान देवी सभासद, रीतू यादव, साधना पाल, मीरा सिंह, नीरज सक्सेना, शिवम दुबे, अभिषेक सक्सेना, रितेश प्रजापति, कमल शाक्य, श्यामवीर प्रजापति, सुभाष राठौर, अशोक यादव, आरबी सिंह, हर्षित मिश्रा, गौरव सक्सेना, विकास गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान में जनपद के कवि विशाल ने लिया भाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश एवं साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान का आयोजन भोपाल के रविन्द्र भवन में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला एवं संचालक संस्कृति एनपी नामदेव उपस्थित रहे। जनपद से युवा कवि विशाल श्रीवास्तव ने संस्कृति विभाग के आमंत्रण पर प्रतिभाग किया और अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कवि विशाल श्रीवास्तव ने मैं भी उस लम्हे का कल अहसास करने जा रहा हूँ। भीड़ में सबसे अलग कुछ खास करने जा रहा हूँ। दे दिया उसका पता मुझको मेरे इक यार ने, वो है धोखेबाज पर विश्वास करने जा रहा हूं पंक्तियाँ पढ़ीं।

प्रभारी मंत्री ने दी अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने के रोडमैप की जानकारी

बैठक में मौजूद मंत्री व जनप्रतिनिधि तथा अधिकारीगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर किये जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश बेड एण्ड ब्रेकफास्ट (बी0 एण्ड बी0) एवं होमस्टे नीति 2025 प्रख्यापित की गई है, जिसके प्रचार प्रसार हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग/प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह रहे। क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी दीप्ति वत्स ने उक्त नीति की एक रूप रेखा प्रस्तुत की। जिसके उपरान्त उत्तर प्रदेश बेड एण्ड ब्रेकफास्ट (बी.एण्डबी.) एवं होमस्टे नीति 2025 पर आधारित एक फिल्म का प्रर्दशन किया गया। उक्त नीति के सम्बन्ध में मंत्री द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। मंत्री ने वर्तमान प्रदेश सरकारी द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में किये गये वृहत कार्यों के सम्बन्ध में भी अवगत कराया गया। उनके द्वारा उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022 के अन्तर्गत निवेशकों को प्रदान की जाने वाली सब्सिडी इत्यादि एवं अन्य लाभों के सम्बन्ध में भी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पांचालघाट के विस्तारीकरण की योजना को पर्यटन विभाग की नई परियोजना में सम्मिलित करने की स्वीकृत प्रदान की गई। गोष्ठी में उपस्थित होटल एवं अन्य उद्यामों का नीति के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रमुख होटल व्यवयासों, उद्यमों विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों एवं अन्य लाभार्थियों के साथ सांसद मुकेश राजपूत, विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी (रा0/वि0) अरूण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (जे0) दिनेश कुमार, उपजिलाधिकारी सदर रंजनीकान्त, जिला विकास अधिकारी एसके तिवारी आदि उपस्थित रहें।

सेवा पखवाड़ा के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम सम्पन्न

वृक्षारोपण के दौरान मौजूद महिलायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को विकास खण्ड कायमगंज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन की जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि कानपुर की महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री पुष्पा तिवारी व ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे रही। सभी ने वृक्षारोपण कर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, प्रधानाचार्या सुनीता सचान, सरस्वती वर्मा, अर्चना सिंह, हिना दुबे आदि ने भाग लिया।

पीएम के जन्मदिन पर स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ करते गुरुचरन आजाद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कमालगंज के ग्राम गदनपुर तुर्रा के स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ। 39 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई। भाजपा जिला मंत्री गुरुचरन आजाद ने फीता काटकर स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ किया। स्वास्थ्य मेले में चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाईयां दी और लोगों को फल वितरित किये गये। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक पूर्व मन्डल अध्यक्ष अरविन्द कटियार, डॉ. प्रकाश कटियार, डॉ. अम्बुज, मंडल अध्यक्ष अनुज कटियार, मुख्त्यार हुसैन, नरेन्द्र राजपूत आदि मौजूद रहे।

हिन्दी पखवाड़ा: हिन्दी भाषा के विकास की भावना जरुरी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रेमी आज भी हिन्दी बोलते है। अंग्रेजी भाषा को लोगों ने इतना बढ़ावा दे दिया कि अपनी मातृ भाषा को भूलने लगे हैं, जबकि प्रारम्भिक शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा में सभी भाषाओं को पढ़ाया जाता है। इग्लिश मीडियम पद्धति के कारण मातृ भाषा को कमजोर किया गया है। अभी भी समय है कि हम लोग अपनी मातृ भाषा को प्रयोग व उपयोग करें और जनजन तक इस भाषा को पहुंचायें।

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष साक्षात्कार

आज भी हिन्दी का विश्व में डंका है। आओ हम सब मिलकर हिन्दी दिवस पर संकल्प लें कि हिन्दी के प्रति लोगों को जागरुक करेंगे और हिन्दी को बढ़ायेंगे। हम हिन्दी है, हिन्दी वतन है हिन्दोस्तां हमारा।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक हिन्दी पर जोर दिया गया है। साथ ही सरकारी व गैर सरकारी विभिन्न कार्यालय व विभागों में हिन्दी में कार्य करने के लिए निर्देशियत किया जाये।

निज भाषा हिन्दी की स्वतंत्रता अधिक महत्व पूर्ण है: डॉ. शालिनी

डॉ. शालिनी, प्राध्यापक

मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ की प्राध्यापक हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी ने बताया कि भारत के सभी नागरिकों को चाहें वह किसी भी क्षेत्र के निवासी हो, किसी भी धर्म के उपासक हो, अथवा किसी भी भाषा के बोलने वाले हो एक बात खुले मस्तिष्क में समझनी होगी कि निज भाषा हिन्दी की स्वतंत्रता राष्ट्रीय स्वतंत्रता में अधिक महत्वपूर्ण है।

हिन्दी देश की सम्पर्क भाषा है, हम लोग इसको आगे बढ़ायें: डॉ. नीतू मसीह

डॉ. नीतू मसीह, प्रधानाचार्या

रखा बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ. नीतू मसीह ने बताया कि स्वतंत्रता संघर्ष के दौर में हिन्दी जानना देश प्रेम का एक लक्षण बन गया। लोग हिन्दी के प्रति आकृष्ट होते गये। हिन्दी देश की सम्पर्क भाषा बनी। हिन्दी दिवस के दौरान कई कार्यक्रम होते है। इस दिन छात्र-छात्राओं को हिन्दी के प्रति सम्मान और दैनिक व्यवहार में हिन्दी के उपयोग करने आदि की शिक्षा दी जाती है।

हमें हिन्दी के प्रति जागरुक होने की जरुरत: फूल सिंह

फूल सिंह, सहायक अध्यापक

महावीर इंटर कालेज के सहायक अध्यापक फूल सिंह ने बताया कि संविधान सभा में भी हिन्दी भाषा को प्रथम दर्जा दिया गया है। लोगों को जागरुक होना चाहिये और अपनी मातृ भाषा के प्रति प्रेम करना चाहिये। हर वर्ष 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी दिवस पर हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरुक किया गया। हमें हिन्दी के प्रति जागरुकता लाने की जरुरत है।

अंग्रेज चले गये लोग अंग्रेजी छोड़े, हिन्दी अपनाये: कुलदीप यादव

कुलदीप यादव, पीटीआई

कबड्डी एसोसिएशन के अवैतनिक सचिव/ अध्यापक व ब्लाक व्यायाम शिक्षक कुलदीप यादव ने बताया कि राष्ट्र तो किसी भी क्रांति की लहर से स्वतंत्र हो सकते है, परन्तु भाषा के पराधीन होने पर उसकी मुक्ति कठिन होती है। आज हम हिन्दी को 75 साल के बाद भी अंग्रेजी दासता से मुक्त नहीं करा पाये। अंग्रेज चले गये, पर आज भी अंग्रेजी के प्रति लोग अपने बच्चों को आगे बढ़ा रहे है।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत

हलिया (मिर्ज़ापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सुखड़ा गाँव में बुधवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। मौके पर पहुँचे महिला के परिजनों ने महिला को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने महिला को मृत घोषित कर दिया और घटना की सूचना मेमो के माध्यम से पुलिस को दे दिया है। मौके पर पहुँची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला के परिजनों में कोहराम मच गया है थाना क्षेत्र के सुखड़ा गांव निवासी रज्जन की 45 वर्षीय पत्नी उर्मिला बुधवार को घर से जंगल लकड़ी लेने के लिए गई थीं की गरज जमक के साथ बारिश होने लगी महिला सर पर लकड़ी का गट्ठर लेकर घर की तरफ आने लगी की जैसे ही सुखड़ा बांध पर पहुंची की आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने से महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुँचे महिला के परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर सूचना दिया। मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी/पायलट दिलीप राजा ने महिला को एम्बुलेंस सेवा वाहन से महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार व डॉक्टर कामेश्वर तिवारी ने महिला को मृत घोषित कर दिया और घटना की सूचना मेमो के माध्यम से पुलिस को दे दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। मृत महिला को दो पुत्र संदीप व प्रदीप है। घटना के समय महिला का पति काम के सिलसिले में मध्य प्रदेश के सीधे जिले में गया हुआ है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थीं। महिला के परिजन महिला को मृत अवस्था में एम्बुलेंस सेवा वाहन से लेकर आए थे। महिला को मृत घोषित कर पुलिस को सूचना मेमो के माध्यम से दे दिया गया है। पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

आकाशीय बिजली की हद में आने से चार लोग अचेत,भर्ती

हलिया (मिर्ज़ापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गाँव में बुधवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने निजी साधन से चारों लोग को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा आकाशीय बिजली से घायल लोग को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। हालत सामान्य है। थाना क्षेत्र के अहुगी कला गाँव निवासी 18 वर्षीय ओमप्रकाश, 18 वर्षीय अंजली, 16 वर्षीय राधा, 15 वर्षीय क्षमा घर के अंदर बैठे थे की गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से चारों लोग झूलस कर अचेत हो गए। मौके पर पहुँचे परिजनों ने घटना की सूचना समाजसेवी अंकुर अग्रहरी को दिया। मौके पर पहुँचे समाजसेवी द्वारा अपने निजी वाहन से घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने घायलों का उपचार किया है। उपचार के बाद हालत सामान्य बनी हुई है। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश अग्रहरी ने पहुंचकर घायलों का हॉल चाल लिया और आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।

एंबुलेंस में बच्चे को दिया जन्म, गूंजी किलकारी

हलिया (मिर्ज़ापुर)। ककरहवा निवासी हरिदास मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते है। घर पर पत्नी कंचन 30 साल गर्भवती है प्रसव पीड़ होने पर घर वालों ने 108 एंबुलेंस को फोन किया एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दर्द से कराह रही कंचन को लेकर के जिला महिला अस्पताल के लिए रवाना एंबुलेंस जैसे ही कुछ दूर पहुंची वैसे ही प्रसव पीड़ कंचन को हुई वैसे ही ईएमटी दिग्विजय नें भाँप लिया कि डेलिवरी होगी ईएमटी ने तुरंत पायलट सुरेंद्र कुमार को गाड़ी किनारे खड़ी करने को कहा उसके बाद दिग्विजय ने बहुत सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित प्रसव कराया। कुछ ही समय में कंचन ने एक सुंदर पुत्र को जन्म दिया। जन्म के बाद एंबुलेंस से ले जाकर जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। कंचन को पहले से ही दो पुत्री है और एक पुत्र की चाह थी जो कि ईश्वर ने उसकी सारी मन की मुराद पूरी कर दी घर वालों ने भी दिग्विजय और सुरेंद्र कुमार को धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं पर 108 एम्बुलेंस के प्रोग्राम मैनेजर चंद्र प्रकाश पाण्डेय ने दिग्विजय व सुरेंद्र की सराहना की है।

सपा ने किया पार्टी कार्यालय पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा

मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी ने बड़े ही सादगी से पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में भगवान विश्वकर्मा का पूजा अर्चन किया।। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन किया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने भगवान विश्वकर्मा के पूजा के अवसर पर कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। वास्तुकला के भी वही प्रवर्तक है। कहा कि भगवान विश्वकर्मा भगवान ब्रह्मा जी के पौत्र और वास्तुदेव के पुत्र है। भगवान सूर्य के ससुर है। यमराज (धर्मराज), शनिदेव, यमुना, तासी, देवसेना के नाना है। श्री गणेश जी के ससुर भी है। पूजा समारोह में पूर्व मंत्री मुन्नी यादव, शिवशंकर सिंह यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, सतीश मिश्रा, संजय विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, चन्द्रशेखर विश्वकर्मा, सत्यनारायण विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, चन्दन यादव, राजेश भारती,अमरेश सोनकर, आसिफ अंसारी, सलीम बादशाह, जमाल अहमद, रवि सोनकर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा रामबाग कुरैश नगर, लगाया प्रशासन पर आरोप

मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल रामबाग कुरैश नगर पहुँचा। जहाँ उक्त मोहल्ला निवासी मो. गोलू पुत्र नट्टे की घंटाघर स्थित जल निगम की टंकी में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। प्रतिनिधिमंडल पीड़ित के घर कुरैश नगर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने जल निगम एवं नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा कि जल निगम नगर पालिका प्रशासन सेफ्टी टैंक को लकड़ी के पटरी से ढका था। जो जांच का विषय है। प्रतिनिधिमंडल में शिवशंकर सिंह यादव, मुन्नी यादव, सतीश मिश्रा, राजेश भारती, संतोष गोयल, अरशद अली, अनीश खान, रवि सोनकर, अभय यादव, अमरेश सोनकर आदि शामिल थे।

नेपाल में भारी बारिश से बाढ़ के खतरे से प्रशासन अलर्ट, हेल्पलाइन नंबर जारी

समृद्धि न्यूज

महराजगंज। नेपाल सीमा से सटे महराजगंज जिले में बीते कुछ घंटों में 127-128 मिमी बारिश हुई है, जिसके कारण बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। इस बारिश के कारण महाव और बघेला नालों के साथ-साथ रोहिन, रासी, घोंघी सहित अन्य नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा ने इसे लेकर चेतावनी जारी की है। उन्होंने प्रशासन और सिंचाई विभाग को अलर्ट मोड में रहने का आदेश दिया है। साथ ही, उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और अपनी सुरक्षा के लिए सतर्क रहें।

प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई के लिए दिए निर्देश

सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन ने संभावित बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगातार निगरानी रखने और त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। इसके अलावा, राहत और बचाव कार्य के लिए टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नदियों और नालों के किनारे न जाएं और जलस्तर के बढ़ने के कारण किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

हेल्पलाइन नंबर

अगर किसी नागरिक को कोई आपात स्थिति उत्पन्न होती है, तो वे जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। आपदा नियंत्रण कक्ष नंबर 05523-222162, मोबाइल नंबर : 9628819145, 621333537। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए है कि प्रशासन हर स्थिति से बाढ से निपटने को तैयार रहे। बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत व बचाव कार्य के लिए टीमें मुस्तैद हैं। लोगों से अपील की गई है कि प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें, सुरक्षित रहें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नदी और नालों के किनारे लोग न जाएं। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

त्यौहारों को लेकर थाना हलिया पर पीस कमेटी मीटिंग सम्पन्न

हलिया (मिर्ज़ापुर)। थाना हलिया पर क्षेत्राधिकारी लालगंज अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को आगामी त्यौहारों नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन हेतु एक पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न धर्मगुरुओं, सम्भ्रांत नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों, मोहल्ला समितियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई त्योहारों के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को निर्धारित समयसीमा में करने के निर्देश दिए गए।मूर्ति स्थापना, पूजा-पंडाल, जुलूस व विसर्जन संबंधी प्रक्रियाओं के लिए निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया।किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं से बचने एवं उन्हें साझा न करने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले कंटेंट से दूर रहने की चेतावनी दी गई। क्षेत्राधिकारी लालगंज ने सभी नागरिकों से साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए यह भरोसा जताया कि हलिया क्षेत्र में सभी त्यौहार परंपरागत हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होंगे।इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, एसआई सुरेंद्र राम, ग्राम प्रधान सिकटा पवन तिवारी, सोठिया कला विजय बहादुर, पुरवा औसान सिंह हरिशंकर मौर्य, हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे आदि मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान का किया गया शुभारम्भ

हलिया (मिर्ज़ापुर)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान का शुभारंभ उद्घाटन भाजपा हलिया मंडल के उपाध्यक्ष गौरी शंकर शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अभियान का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से मध्य प्रदेश से किया गया, जिसे स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उपस्थित लोगो द्वारा सुना गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार, डॉक्टर कामेश्वर तिवारी, डॉक्टर जीतेन्द्र यादव, सुरेश कनौजिया, दिलीप सिंह, जगदीश विश्वकर्मा, संतोष गौतम, डॉक्टर राजेंद्र पाल, मंतोष अग्रहरी, अवधेश पाल, दीपक अग्रहरी, आत्म देव सिंह, अरुण कुमार केशरी, ओमप्रकाश गौड़, बीसीपीएम अनिल कुमार, ब्लॉक समन्वक यूनिसेफअंकित शुक्ला, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

पुत्र के मौत के बाद गायब पिता मध्य प्रदेश के बगदरा से बरामद

हलिया (मिर्ज़ापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव निवासी एक युवक कि संदिग्ध परिस्थितियों में बाण सागर नहर के पास जिगना के पेड़ से फंदे पर लटकता हुआ शव मिलने के बाद युवक के पिता बाबू लाल पाल बेटे के मौत के सदमे को सह नहीं पाए और मोटर साइकिल बेलाही के रैया बांध के जंगल में खड़ी कर लापता हो गए। मृत युवक के पिता के लापता होने पर परिजनों द्वारा खोजबीन शुरू किया लेकिन पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दिया जिस पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय पुलिस कर्मियों के साथ जंगल में खोजबीन शुरू किया लेकिन कही पता नहीं चल सका। परिजनों को सूचना मिलने पर लापता को मध्य प्रदेश के बगदरा से बरामद कर घर लेकर आए है तब जाकर परिजनों के साथ पुलिस ने राहत की सांस लिया है।

कोबरा सांप ने बालक को डसा, मौत, मां बाप का इकलौता था बालक

चुनार (मिर्जापुर)।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मगरहा गांव में कोबरा सांप के डसने से तीन वर्षीय बालक कि मौत हो गई। बालक के मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार मगरहा गांव निवासी अजय कुमार मोदनवाल का तीन वर्षीय बालक मंगलवार को शाम घर के दरवाजे पर खेल रहा था। वह खेलते हुए दरवाजे पर बने सीढ़ी के बगल में चला गया जहां दराज में छिपा सांप ने उसके पैर में तीन जगह काट लिया।बालक बेहोश होने लगा।जिसे परिजनों ने लेकर नजदीकी प्राइवेट अस्पताल पहुंचे। वहां से कछवा अस्पताल गए वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहां से कछवा रोड, वाराणसी, गाजीपुर तक परिजन बच्चे को लेकर गए पर उम्मीद पर पानी फिर गया और बुधवार सुबह घर पहुंच कर बच्चे का दाह संस्कार कर दिए। बच्चे को बचाने के लिए परिजन पूरी रात इस अस्पताल से उस अस्पताल दौड़ते रहे और साथ ही झाड़ फुक भी कराया।वही इकलौते संतान के मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो महिलाएं अचेत, पीएचसी में भर्ती

हलिया (मिर्ज़ापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ छतरिहा गांव में बुधवार की दोपहर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर दो महिलाए अचेत हो गई। मौके पर पहुँचे महिलाओ के परिजनों द्वारा दोनों महिलाओ को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर दोनों महिलाओ का उपचार किया जा रहा है। थाना क्षेत्र के महुगढ़ छतरिहा गांव निवासी राजेंद्र कि 38 वर्षीय पत्नी उर्मिला व मिश्री लाल कि 42 वर्षीय पत्नी कृष्णावती घर के अंदर काम कर रही थीं कि गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर दोनों महिलाए अचेत हो गई। मौके पर पहुँचे दोनों महिलाओ के परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर सूचना दिया। मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी दीपक पाल व पायलट प्रवीण कुमार ने दोनों महिलाओ को एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए।जहां उपचार के बाद दोनों महिलाओ कि हालत में सुधार हुआ है।

अन्तर्जनपदीय शातिर चोर व जालसाज गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के निर्देशन पर चलाए जा रहे अपराध निरोधक अभियान के तहत थाना भिटौली पुलिस, एसओजी और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर 6 अंतर्जनपदीय शातिर चोर व जालसाजों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त राहगीरोंके सामने रुपये व कागज की गड्डी गिराकर उन्हें लालच देते थे और उनके गहने व नकदी लेकर फरार हो जाते थे। कई मामलों में ये महिलाओं कों अंधविश्वास और भविष्य सुधारने का झांसा देकर भी ठगी करते थे। गिरफ्तारी ग्राम भिसवा नहर विभाग खंडहर क्षेत्र से की गई। पुलिस ने इनके कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन, नकदी, औजार, मोटरसाइकिल समेत अन्य सामान बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में करन, अर्जुन, जाबिद अली, धनन्जय, दिलदार और अशोक उर्फ टिंकू शामिल हैं, जिनका आपराधिक इतिहास कई जनपदों में दर्ज है। पुलिस ने इन्हें संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। इस कार्रवाई को जिले में अपराध नियंत्रण की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

लक्ष्मीपुर में शिक्षक संघ चुनाव के दौरान हुई मारपीट

बीएसए ने विवाद में 7 शिक्षकों को जारी की नोटिस, मांगा स्पष्टीकरण

समृद्धि न्यूज

महराजगंज। पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक स्तरीय चुनाव के दौरान जमकर विवाद हुआ। ब्लॉक सभागार में आयोजित चुनाव में जिला स्तरीय पदाधिकारियों और चुनाव में खड़े शिक्षकों के बीच जमकर मारपीट की घटना सामने आई। मारपीट लगभग आधे घंटे तक चला। इस दौरान सभागार में अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पाण्डेय ने कार्रवाई की। उन्होंने मारपीट में शामिल सात शिक्षकों को नोटिस जारी किया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को 7 दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा है।

उपनिबंधक कार्यालय में इनकम टैक्स की छापेमारी, फाइलों को खंगालने में जुटी टीम

समृद्धि न्यूज

महराजगंज। जनपद मुख्यालय पर स्थित उप निबंधक (रजिस्ट्री) कार्यालय में आज बुधवार को आयकर विभाग की एक टीम ने अचानक पहुंचकर दस्तावेजों की गहन जांच शुरू की है।

जांच के दौरान टीम खासतौर पर यह सुनिश्चित कर रही है कि जमीन के बड़े बैनामों के दौरान खरीदार और विक्रेता दोनों के पैन कार्ड का सही तरीके से उपयोग हुआ है या नहीं। जमीन की रजिस्ट्री में पैन कार्ड की अनिवार्यता होती है, लेकिन अक्सर इस प्रक्रिया में गड़बड़ियों और फर्जीवाड़े की शिकायतें सामने आती रही हैं। आयकर विभाग की टीम इन्हीं बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए रजिस्ट्री कार्यालय की फाइलों और रजिस्टरों को खंगाल रही है।

आधिकारिक जानकारी नहीं हो रही स्पष्ट

अचानक की गई छापेमारी के दौरान उप निबंधक कमलेश वर्मा भी कार्यालय में मौजूद थे और उन्होंने टीम को सभी जरूरी सहयोग प्रदान किया। हालांकि, जांच के बाद अधिकारियों ने अब तक किसी भी प्रकार के आधिकारिक परिणाम या जानकारी को साझा नहीं किया है। कार्यालय में इस कार्रवाई के बाद कर्मचारियों, वकीलों और दस्तावेज लेखकों के बीच चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। इसके अलावा, बाहर खड़े लोगों में भी यह चर्चा तेज हो गई है कि आयकर विभाग की यह जांच कहीं बड़े घोटालों और फर्जीवाड़े की ओर इशारा तो नहीं कर रही। यह कार्रवाई अब तक महराजगंज जिले में चर्चा का विषय बन गई हैलोग यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि इस जांच का अंत क्या होगा। अधिकारी जांच को गुप्त रख रहे हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही कुछ महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं। साथ ही साथ जनपद में तमाम भू-माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से जमीनों की खरीद फरोख्त की जा रही है उसे लेकर भी अधिकारी सचेत रहने और इस पर कैसे लगाम लगाया जाए इसकी जांच कर रहे हैं।

महाराजगंज में तेंदुए का आतंक सोयी लड़की को घसीटा

समृद्धि न्यूज

महराजगंज। जनपद में तेंदुए के आतंक से लोग दहशत में हैं।सोयी एक लड़की को पचास मीटर घसीटा।बन टांगिया कंपार्ट नंबर 24 रेंज मधवलिया में तेंदुए ने एक किशोरी पर हमला बोल दिया। स्वर्गीय शिव शंकर की 15 वर्षीय पुत्री प्रियंका रात करीब ढाई बजे परिवार के साथ मच्छरदानी में सो रही थी। उसी दौरान तेंदुआ घर में घुस आया और मच्छरदानी समेत किशोरी को पकड़कर 50 मीटर दूर तक घसीट ले गया। बच्ची की मां की चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे। रमेश पासवान, रीता देवी, चंद्रशेखर, रोशनलाल साहनी, विजयसाहनी, राजकुमार साहनी और राजेश दहारी मद्धेशिया ने मिलकर किशोरी को तेंदुए से छुड़ाया। घायल किशोरी को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौक बाजार ले जाया गया। वहां से उसे जिला अस्पताल और फिर बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया। घटना की सूचना पर कोटेदार चंद्रशेखर और क्षेत्रीय रेंज अधिकारी अजीत कुमार ने मौका देखा। रेंज अधिकारी ने इलाज में विभागीय सहयोग का आश्वासन दिया। क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा के उचित व्यवस्था करने की मांग की है।

भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी ने की बड़ी कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

महराजगंज। भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। टीम ने नेपाल के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 900 नशीले इंजेक्शन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा के निर्देश पर की गई कार्रवाई में ग्राम झंगटी महाव नाला पुल के पास से दो लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में जुगेस कोइरी और दीपक शामिल हैं। दोनों नेपाल के नवल परासी जिले के रहने वाले हैं।

एक फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस भी मिला

आरोपियों के पास से बुप्रेनार्फिन के 300, डाइजापाम के 300 और प्रोमेथाजिन हाइड्रोक्लोराइड के 300 इंजेक्शन बरामद हुए। इसके अलावा एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और एक फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस भी मिला। पूछताछ में आरोपियों ने मोटरसाइकिल को गोरखपुर के जिला अस्पताल से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना परसामलिक के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय की टीम और एसएसबी के जवान शामिल थे।

-900 नशीले इंजेक्शन के साथ 2 नेपाली नागरिक पकड़े गए, चोरी की बाइक बरामद

नेपाल की बारिश से महराजगंज में बाढ़ का दबाव बढ़ा

समृद्धि न्यूज

महराजगंज। नेपाल की पहाड़ियों पर हुई भारी वर्षा का असर महराजगंज में देखा जा रहा है। महाव नाला खतरे के निशान से डेढ़ फीट ऊपर बह रहा है। बीते सोमवार की तुलना में जलस्तर में कमी आई है। महाव नाले का जलस्तर सोमवार के 13.40 फीट से घटकर मंगलवार को 6.5 फीट पहुंच गया। गंडक नदी का जलस्तर 352.30 फीट से घटकर 351.90 फीट हो गया है। इसका बहाव 1.42 लाख क्यूसेक से कम होकर 1.31 लाख क्यूसेक रह गया। रासी नदी रिंगौली का जलस्तर 78.260 मीटर से बढ़कर 78.830 मीटर पहुंचा। रोहिन नदी त्रिमुहानी का जलस्तर भी बढ़कर 82.050 मीटर हो गया। परसामलिक क्षेत्र के कई गांवों में

0-महाव नाला खतरे के निशान से ऊपर, परसामलिक क्षेत्र में धान की फसलें डूबीं

बघेला नाले के उफान से धान की फसलें जलमग्न हो गई हैं। परसामलिक, रेहरा, बेलभार और विषखोप गांवों में पानी भरने से किसानों को नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर नाले का पानी इसी तरह खेतों में फैलता रहा तो मवेशियों के लिए चारे की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

जलभराव से लोगों हो रही दिक्कतें, किसानों को मिली राहत

समृद्धि न्यूज, महराजगंज। जनपद में बीते मंगलवार से शुरू हुई झमाझम बारिश बुधवार को भी जारी रही। झमाझम से बारिश किसानों के लिए राहत का संदेश लेकर आई है, वहीं नगर के कई वार्डों में जलभराव की समस्या लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। लंबे समय से वर्षा का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह बरसात वरदान साबित हो रहा है। धान समेत अन्य खरीफ फसलों को पर्याप्त नमी मिल रही है, जिससे बेहतर पैदावार की उम्मीद की जा रही है। खेतों में पानी भर जाने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं आने वाले दिनों में अच्छी फसल की उम्मीद जता रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, नगर के कई इलाकों में नालियों की सफाई न होने से जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। मोहल्लों और गलियों में जमा पानी से आमजन को आवाजाही में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बारिश ने जहां किसानों को बड़ी राहत दी है, वहीं नगर पालिका की लापरवाही को भी उजागर कर दिया है। कुल मिलाकर, यह बारिश किसानों के लिए खुशहाली का संकेत है। लेकिन

दशहरा पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई

समृद्धि न्यूज

महराजगंज। बरगदवा में दशहरा पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देश पर क्षेत्र में लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है। बीते मगलवार की देर शाम बरगदवा थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पैदल गश्त की। टीम में एसआई विवेक सिंह भी शामिल थे। पुलिस ने क्षेत्रवासियों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस टीम ने संवेदनशील इलाकों का दौरा किया। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से त्यौहार को शांति पूर्वक व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। पुलिस की सतर्कता से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग भी दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए तैयार हैं।

0- पुलिस पैदल मार्च कर संवेदनशील क्षेत्रों में की गश्त, शांति बनाए रखने की अपील की